# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 • आश्विन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 2, अंक : 185

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




# झारखंड में तीन साल बाद भी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल जोहार खिलाड़ी अधूरा

**शुभम किशोर ।रांची**

झारखंड के प्रतिभाशाली और मेहनती खिलाड़ियों के हुनर को तराशने के लिए और स्पोर्ट्स डिजिटलीकरण के उद्देश्य से शुरू किया गया पोर्टल लगभग तीन साल बाद भी अधूरा है. दिसंबर 2022 में स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल की नींव रखी गई थी और जोहार खिलाड़ी पोर्टल लांच किया गया. झारखंड खेल विभाग ने स्विचटेक इंफ्रा को स्पोर्ट्स पोर्टल बनाने का जिम्मा सौंपा. लगभग ढाई साल में (मार्च 2024 तक) 3171 खिलाड़ियों का रेजिस्ट्रेशन हुआ था. जिसमें 1611 बालक और 1560 बालिका खिलाड़ी शामिल थी. इसके साथ 40 टेक्निकल ऑफिशियल और 107 प्लेग्राउंड का डाटा अपडेट किया गया था.

मार्च 2024 में ही स्विचटेक इंफ्रा को झारखंड खेल प्राधिकरण ने बर्खास्त कर दिया. अब जोहर खिलाड़ी पोर्टल का काम रूक गया है. खेल विभाग ने फिर चार अक्टूबर 2024 को एक नए वेबसाइट sportspersons.jharkhand.gov.in को लांच किया. बताया गया कि इस नए पोर्टल में ही खिलड़ियों का विस्तृत डेटाबेस बनाया जाएगा.







**जोहार खिलाड़ी पोर्टल में देना था खिलाड़ियों का विस्तृत डेटाबेस :** जोहार खिलाड़ी पोर्टल में खिलाड़ी, प्रशिक्षक, रेफरी, सभी खेल अकादमी, खेल मैदान, खेल स्टेडियम की जानकारी संबंधित विस्तृत डेटाबेस उपलब्ध कराना था. साथ ही पोर्टल पर भविष्य में राज्य में आयोजित होने वाले राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिता की जानकारी भी देनी थी. सभी खेल और उससे संबंधित खिलाड़ियों को इस पोर्टल से जोड़ना था.

### क्यों शुरू किया गया जोहार खिलाड़ी पोर्टल

- 32 खेलों से जुड़े खिलाड़ी, प्रशिक्षक, रेफरी, सभी खेल एकेडमी, खेल मैदान, खेल स्टेडियम के बारे में समस्त जानकारी इस पोर्टल पर दी जानी थी.
- खिलाड़ी पोर्टल के मदद से अपनी समस्याएं सीधे जिला खेल पदाधिकारी और खेल विभाग तक पहुंचा सकते थे.
- सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से संबंधित जानकारी भी इस पोर्टल पर उपलब्ध करायी जानी थी.
- स्पोटर्स स्कॉलरशिप के लिए भी इस पोर्टल से आवेदन किया जाना था.
- खेल छात्रवृत्ति के लिए खिलाड़ियों को पोर्टल के माध्यम से आवेदन देना था.
- खिलाड़ियों-प्रशिक्षकों के लिए नकद पुरस्कार भी पोर्टल के माध्यम से दी जानी थी.

## रांची से भोपाल के सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग

**रांची ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की. उन्होंने एक पत्र सौंपा. जिसमें रांची से भोपाल होते हुए इंदौर तक की सीधी रेल सेवा की मांग की गई है. श्री सिन्हा ने बताया कि रांची से भोपाल होते हुए इंदौर तक की सीधी रेल सेवा शुरू हो जाने से समय की भी बचत होगी, किराया भी कम लगेगा और दो स्थानों में रेल बदलने का झंझट भी खत्म होगा. इससे प्लेटफॉर्म पर भीड़ भी कम किया जा सकेगा.



### निर्वाचन भवन में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

# चुनाव कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : के. रवि कुमार



ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र के दौरान के. रवि कुमार व अन्य.

**संवाददाता ।रांची**

निर्वाचन भवन में सोमवार को झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गठित उड़न दस्ते और स्टैटिक निगरानी (एफएसटी एवं एसएसटी) के पदाधिकारियों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान इंफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से कार्य करें, इसकी मोनेटरिंग हर स्तर पर की जाएगी. उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करें.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं एसएसटी के द्वारा अवैध निर्वाचन व्यय एवं एमसीसी उल्लंघन के मामलों पर पैनी नजर रखी जानी है. उन्होंने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना एवं मुख्यालय स्तर से दिए गए संपर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना है. निर्वाचन के दौरान बने सभी चेक पोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की चेकिंग की जायेगी. साथ ही सभी चेक पोस्टों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी. चेकपोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी. उन्होने कहा कि सभी चेक पोस्टों में आवश्यकतानुसार सीएपीएफ की प्रतिनियुक्ति करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रतिबंधित सामग्रियों जैसे अवैध शराब, अवैध कैश, हथियार आदि जिससे निर्वाचन को प्रभावित किया जा सकता है उसके आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रखी जानी है.

कार्यक्रम में सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से संबंधित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सी–विजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया. वहीं सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा उपयोग में आने आवले मोबाइल एप्लीकेशनों के इंस्टालेशन एवं इनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी.

### विधानसभा चुनाव की तैयारी

## एसपी ने नक्सल क्षेत्र में बूथ का किया निरीक्षण

**संवाददाता।रांची/ लातेहार**



आगामी विधानसभा चुनाव तैयारियों को लेकर एसपी ने नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र के बूथ का निरीक्षण किया. एसपी कुमार गौरव ने सोमवार को लातेहार जिले के बारियातू थाना के सुदूरवर्ती घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बूथ का निरीक्षण और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. साथ ही ग्रामीणों से मुलाकात कर चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया. दरअसल लातेहार जिला कुछ वर्ष पहले तक अति उग्रवाद प्रभावित जिलों में से एक था. यहां भयमुक्त और निर्भीक मतदान कराना प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती होती थी. नक्सलियों का भय ऐसा होता था कि कई इलाकों में तो मतदान केंद्र की ओर जाने से भी मतदाता कतराते थे. परंतु अब स्थिति बिल्कुल बदल चुकी है. पुलिस प्रशासन के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई के बाद काफी हद तक लातेहार जिला नक्सलमुक्त हो गया है. हालांकि अभी भी नक्सली छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति को दर्ज करने का प्रयास करते रहते हैं. चुनाव के दौरान नक्सलियों पर पूरी तरह नकेल करने के लिए लातेहार एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम पूरी तरह एक्शन मोड में है.

# सीएम ने रिम्स में सांसद कालीचरण सिंह का हाल जाना, अन्य मरीजों से भी मिले

**संवाददाता ।रांची**



रिम्स में सांसद से मिलते सीएम हेमंत सोरेन.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को रिम्स पहुंचे. वहां उन्होंने कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में इलाजरत चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनसे बातचीत कर उनका हाल जाना. इसके बाद मुख्यमंत्री ने पेइंग वार्ड में भर्ती गुवा गोलीकांड के शहीद वंशज (पश्चिमी सिंहभूम जिले के नुवामुंडी निवासी) दुरगुरिया सिरका से मिल कर उनके स्वास्थ्य की भी जानकारी ली. साथ ही उनसे बातचीत कर उनका हालचाल जाना.

मुख्यमंत्री ने सांसद कालीचरण सिंह और शहीद वंशज दुरगुरिया सिरका के जल्द स्वस्थ होने की कामना की. इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की और उनका हाल जाना. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रिम्स प्रबंधन पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे. मुख्यमंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों को सभी मरीजों का बेहतर इलाज व जरूरी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

## सीडी की सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार

**संवाददाता ।रांची**

**राज्यसभा चुनाव हॉर्स ट्रेडिंग**

राज्य सरकार 2016 में हुए राज्यसभा चुनाव से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले में सीडी की जांच सीबीआई से कराने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी. सोमवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एसएलपी दाखिल करने के लिए अदालत से समय मांगा. इस मामले में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार की भूमिका बताते हुए रांची के जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी थी. आरोपों के मुताबिक, तत्कालीन राज्यसभा प्रत्याशी मुख्तार अब्बास नकवी और महेश पोद्दार के पक्ष में मतदान के लिए विधायक निर्मला देवी को प्रलोभन दिया गया था. वर्ष 2016 में बाबूलाल मरांडी ने एक ऑडियो टेप जारी किया था. ऑडियो टेप में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता, तत्कालीन विधायक निर्मला देवी और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की बातचीत सामने आयी थी. उस ऑडियो की सीडी की सीबीआई जांच का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था.

## भाजपा में शामिल हुईं कांग्रेस की नेता मंजू

**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को आयोजित मिलन समारोह में पूर्व विधायक सुकर रविदास और उनकी पुत्री मंजू देवी (कांग्रेस नेता) ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और असम के मुख्यमंत्री व प्रदेश भाजपा के विधानसभा सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने दोनों का पार्टी में स्वागत किया. इस अवसर पर हिमंता ने कहा कि सालों पहले पार्टी छोड़कर गए लोगों का तन और मन भाजपा के साथ ही बना रहा. आगे बढ़ते समय रास्ते में और भी नए साथी मिल रहे हैं. इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सुकर रविदास, आरती कुजूर सहित अन्य नेता भी उपस्थित थे.

# एचईसी को हर हाल में बचाना है मैं आपके साथ : अजय नाथ शाहदेव



एचईसी सप्लाई कर्मियों के आंदोलन में साथ देने पहुंचे अजय नाथ शाहदेव.

**संवाददाता।रांची**

पिछले दस महीनों से लगातार संघर्षरत एचईसी सप्लाई कर्मियों के आंदोलन में सोमवार को कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए. अजय नाथ शाहदेव ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि उनके न्याय की लड़ाई में वे भी कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े हैं. यह बेहद दुखद है कि पर्व त्योहारों के समय भी उन्हें कई महीनों के वेतन से वंचित किया गया है. 1622 सप्लाई कर्मियों का परिवार आज भुखमरी के कगार पर आ गया है.

उन्होंने मौके पर एचईसी प्रबंधन से टेलीफोनिक वार्ता कर यथाशीघ्र मुद्दे के समाधान को लेकर वार्ता की है. पिछले दिनों एचईसी प्रबंधन द्वारा बगैर साइन किए गए एकतरफा सुलह पत्र को वायरल करने और समाचार में प्रकाशित होने पर सभी आंदोलनरत कर्मी खफा थे. उन्होंने एचईसी प्रबंधन से कहा है कि अपना हठ छोड़ें और एचईसी को बचाने व मजदूर हित में यथाशीघ्र मामले का समाधान करें. मौके पर मजदूर नेता रंथू लोहार,दिलीप सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में एचईसी कर्मी उपस्थित थे.

### ईडी रेड के बाद चर्चा में गढ़वा का नितेश

# मंत्री जी का संरक्षण मिलते ही बन गया करोड़पति

**विनीत आभा उपाध्याय।रांची**

नल जल योजना में करोड़ों रुपए के घोटाले से जुड़े मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) झारखंड सरकार के एक मंत्री, राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन समेत पेयजल विभाग के अन्य अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. इस छापेमारी के बाद गढ़वा जिले के चिनियां प्रखंड स्थित बरवाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया नितेश सिंह और पलामू प्रमंडल से ताल्लुक रखने वाले एक मंत्री की नजदीकियों की चर्चा फिर से शुरू हो गयी है.

लोग बताते हैं कि मंत्री जी का संरक्षण पाते ही नितेश सिंह बालू के अवैध कारोबार में घुस गया और करोड़ों की कमाई की. जिस नितेश सिंह के पिता रामपाल सिंह के नाम पर वर्ष 2021 तक राशन कार्ड के जरिए अनाज लिया जाता था, उस नितेश ने मंत्री जी का संरक्षण पाते ही सिर्फ दो वर्षों में ही अपने और अपनी पत्नी के नाम पर अलग-अलग डीड के माध्यम से करीब पांच एकड़ जमीन खरीद ली. इतना ही नहीं पिछले दो-तीन वर्षों में नितेश सिंह कई जेसीबी और ट्रैक्टर का मालिक बन बैठा है और पेट्रोल पंप भी खरीद लिया है. नितेश सिंह के खिलाफ गढ़वा के अलग-अलग थानों में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं.

**नितेश सिंह द्वारा खरीदी गयी संपत्ति का विवरण**

- **1 नवंबर 2022 :** डीड संख्या 3542 के जरिये 2 एकड़ 44 डिसमिल भूमि
- **4 नवंबर 2022 :** डीड संख्या 3515 के जरिये 75 डिसमिल भूमि
- **22 नवंबर 2022 :** डीड संख्या 3654 के जरिये 55 डिसमिल भूमि

# चाईबासा जेल में बंद अपराधी अमन साहू को रायपुर ले गयी छत्तीसगढ़ पुलिस

**वरीय संवाददाता ।रांची**



चाईबासा जेल में बंद अपराधी अमन साहू को छत्तीसगढ़ पुलिस रायपुर ले गयी है. रविवार की देर रात रायपुर क्राइम ब्रांच की 10 सदस्यीय टीम चाईबासा आयी. उनके पास प्रोडक्शन वारंट था. पुलिस की टीम कड़ी सुरक्षा के साथ अमन साहू को अपने साथ ले गयी. अमन साहू पर तीन माह पहले रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के दफ्तर के बाहर फायरिंग कराने का आरोप है. पुलिस इस मामले में आगे की जांच करने के लिए उसे अपने साथ रायपुर ले गयी. गौरतलब है कि अमन साहू को प्रोडक्शन वारंट में रायपुर लाने के लिए स्थानीय पुलिस ने कोर्ट से पांच से छह बार प्रोडक्शन हासिल कर चुकी है, लेकिन अब तक अमन को रायपुर नहीं ले जा पाया था.

**ढाई साल में नौ जेलों में किया गया शिफ्ट, फिर भी अपराध पर लगाम नहीं :** जेल में बंद अपराधी अमन साहू को पिछले ढाई साल में नौ बार एक जेल से दूसरे जेल में शिफ्ट किया गया. इसके बाद भी उसका आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है. अमन साहू जेल से ही अलग-अलग जिलों के कारोबारियों को लगातार धमकी देने और रंगदारी वसूलने का काम करता रहा है. दो महीने पहले अमन साहू ने हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को बंदी पत्र लिखकर दावा किया था कि उसकी हत्या की साजिश रची जा रही है. उसने आरोप लगाया था कि साजिश में पुलिस अफसर, कोयला माफिया व राजनेता शामिल हैं. साजिश के तहत उसे एक से दूसरे जेल में शिफ्ट किया जा रहा है.

**सुनील मीणा पुलिस के लिए चुनौती**

अमन साहू गैंग का सुनील मीणा, जिसको गिरफ्तार करना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घडसाना के नयी मंडी का रहने वाला है. सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया सुनील कुआलालंपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिए लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़े जमाने लगा. वह लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा है.

**रामगढ़ विधानसभा** कांग्रेस फिर से जीत के लिए उम्मीदवार की तलाश में, इस बार टक्कर बराबरी की

# आजसू पार्टी की सुनीता चौधरी का एनडीए उम्मीदवार बनना तय

- जयराम महतो की पार्टी भी दमखम दिखाने के लिए तैयार
- 2001 उपचुनाव में बाबूलाल मरांडी ने जीत हासिल की

**संवाददाता।रांची**

झारखंड में रामगढ़ विधानसभा एक ऐसी सीट है, जहां देश में संभवतः पहली बार राजनीतिक हत्या हुई जेल में रहते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उम्मीदवार के रूप में मंजरूल हसन खान विधायक चुने गए, लेकिन शपथ लेने के पहले ही पटना के विधायक क्लब के कमरे में उनकी हत्या कर दी गई. बाद में उपचुनाव में उनकी पत्नी सैबुद्दीन निशा विजयी रहीं. झारखंड के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद बाबूलाल मरांडी ने दुमका लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया और रामगढ़ उपचुनाव में जीत हासिल की.

2024 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक बार फिर से रामगढ़ फतह करने के लिए मजबूत उम्मीदवार की तलाश में है. 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ममता देवी ने जीत दर्ज की थी, लेकिन गोला गोलीकांड में उनके खिलाफ कोर्ट का फैसला आने के बाद विधानसभा सदस्यता समाप्त हो गई. हालांकि कांग्रेस की ओर से ममता देवी के पति बजरंग महतो को उम्मीदवार बनाया गया, लेकिन वो कमाल नहीं कर सके. उम्मीदवार चयन को लेकर कांग्रेस की ओर से पिछले दिनों रायशुमारी की गई. इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी सिरीवेला प्रसाद ने भी स्थानीय नेताओं-कार्यकर्ताओं से बातचीत की. जिसमें आधा दर्जन से अधिक नेताओं की ओर से अपनी दावेदारी पेश की गई.

**सुनीता चौधरी का एनडीए उम्मीदवार बनना तय**

दूसरी तरफ 2023 के विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करने वाली आजसू पार्टी की सुनीता चौधरी का इस बार एनडीए उम्मीदवार बनना लगभग तय माना जा रहा है. राजनीतिक जानकारों का कहना है कि 2019 के चुनाव में बीजेपी और आजसू पार्टी के बीच तालमेल नहीं हो पाया था, लेकिन इस बार तालमेल लगभग तय है. ऐसे में बीजेपी रामगढ़ सीट अपने सहयोगी दल आजसू पार्टी के लिए छोड़ने का मन बना चुकी है.

**जयराम महतो की पार्टी भी दमखम दिखाने के लिए तैयार :** लोकसभा चुनाव 2024 में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जयराम महतो की पार्टी के उम्मीदवार संजय मेहता की ओर से मजबूती उपस्थिति दर्ज कराई गई. लेकिन विधानसभा चुनाव के पहले संजय मेहता अब जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम से अलग हो चुके हैं. अब संजय मेहता और जयराम महतो दोनों ही अपने-अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है. जयराम महतो की पार्टी की ओर से संतोष चौधरी लगातार जनसंपर्क अभियान भी चला रहे हैं.

**तीन दशक तक रामगढ़ राजा का दिखा प्रभाव :** रामगढ़ विधानसभा 1952 में रामगढ़ सह हजारीबाग रूप में जाना जाता था. उस वक्त एक विधानसभा से दो विधायक हुआ करते थे. 1952 में बसंत नारायण सिंह और बिगन राम विधायक चुने गए. 1957 में रामगढ़ पूर्ण रूप से अलग विधानसभा सीट बनी और रामगढ़ राजा की पार्टी के तारा प्रसाद बख्शी विधायक बने.

**2001 उपचुनाव में बाबूलाल मरांडी ने जीत हासिल की**

2000 के चुनाव में शब्बीर अहमद कुरैशी विजयी हुए, लेकिन इसी साल उनका निधन हो गया. जिसके बाद 2001 में हुए उपचुनाव में मुख्यमंत्री रहते हुए भाजपा के बाबूलाल मरांडी चुनाव लड़े और जीते. जिसके बाद 2005 से 2014 तक लगातार तीन बार आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी विजयी रहे. लेकिन 2019 में वे सांसद बने गए और उनकी पत्नी सुनीता चौधरी मैदान में उतरीं. लेकिन कांग्रेस की ममता देवी ने उन्हें पराजित कर दिया. इस बीच एक मामले में अदालत से उन्हें दोषी करार देते हुए दो साल से अधिक की सजा सुनाई, जिसके बाद 2023 में हुए उपचुनाव में आजसू पार्टी की सुनीता देवी विजयी हुईं.

# मुड़मा मेला के लिए सीएम को किया गया आमंत्रित



**संवाददाता।रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला) के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया. मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरू बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे.

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.2 | 23.4 |
| जमशेदपुर | 34.2 | 24.2 |
| डालटनगंज | 33.7 | 22.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 185 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## रांची, चाईबासा और जमशेदपुर में एक साथ 23 ठिकानों पर हुई छापेमारी

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस समेत कई लोगों के ठिकानों पर ईडी रेड

**सौरभ सिंह। रांची**

ईडी ने झारखंड में जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में सोमवार को झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, उनके कुछ करीबियों, आईएएस मनीष रंजन, बिल्डर, डेवलपर एवं कांट्रेक्टर विजय अग्रवाल सहित पेयजल स्वच्छता विभाग के कई इंजीनियरों और अफसरों के ठिकानों पर छापेमारी की. अपुष्ट सूत्रों के अनुसार रेड में ईडी को कई दस्तावेज हाथ लगे हैं. 50 लाख कैश भी मिला है. रांची में आईएएस मनीष रंजन के कांके आवास और चाईबासा में मंत्री के भाई विनय ठाकुर और सहयोगी वेदांत खिरवाल के ठिकानों में छापेमारी कर 12 घंटे तक ईडी ने सबूतों को खंगाला.

सूत्रों के मुताबिक एक पेन ड्राइव में भी कुछ सबूत मिले हैं, जिसे ईडी ने अपने पास रख लिया है. रेड के दौरान मोबाइल भी जब्त किया गया है, जिसमें कई महत्वपूर्ण जानकारी होने की खबर है. बताया गया कि ईडी चार बोरों में भर कर दस्तावेज अपने साथ ले गई है. इससे पहले रांची और चाईबासा सहित 23 ठिकानों पर ईडी ने सोमवार सुबह एक साथ दबिश दी है. रांची में विजय अग्रवाल के रातू रोड इंद्रपुरी स्थित आवास के अलावा उनके हरमू और मोरहाबादी स्थित ठिकानों पर सर्च चला, जबकि आईएएस मनीष रंजन के आवास और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह के आवासों पर भी सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच एजेंसी के अफसरों की टीम पहुंची. ज्ञात हो कि, जल जंगल मिशन में करोड़ों के घोटाले मामले में यह रेड हुई. विभाग के कैशियर संतोष कुमार ने 23 करोड़ की अवैध निकासी की थी. विभाग ने मामला भी दर्ज करवाया था, जिसमें संतोष कुमार जेल में हैं. झारखंड में जल जीवन मिशन की योजना में कई जिलों में अनियमितताएं और गड़बड़ियों की शिकायतें हैं. कुछ जिलों में केस भी दर्ज हुए हैं. ईडी ने इन्हीं को जांच का आधार बनाया है. मिथिलेश ठाकुर सरकार में पावरफुल माने जाते हैं. जांच की आंच उन तक भी पहुंच सकती है. इसके पहले शनिवार को भी ईडी ने रांची में छापेमारी की थी. ईडी रेड के दौरान सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे.

-शेष पेज 11 पर



आईएएस मनीष रंजन के आवास पर रेड के दौरान खड़े सुरक्षाकर्मी.

### राजधानी रांची के इन ठिकानों पर ईडी की दबिश

| नाम | स्थान |
|---|---|
| आईएएस मनीष रंजन | कांके रोड, रांची |
| मनीष रंजन की बहन | सिनेश्वरी इंक्लेव हरिहर सिंह रोड़ |
| विजय अग्रवाल | रातु रोड़ |
| हरेंद्र कुमार | हाउस नंबर- 118/124, डोरंडा, रांची |
| संतोष कुमार | हाउस नंबर- 179, अपर चुटिया, रांची |
| प्रभात कुमार सिंह | डी/63, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रांची |
| चंद्रशेखर | फ्लैट-301, चंद्रकला अपार्टमेंट, विकास नगर, हेसाग, रांची |
| राधेश्याम रवि | सुंडिल, रातू, रांची |
| रंजन कुमार | फ्लैट नंबर.- ई-402, बंसल प्लाजा, ओल्ड एचबी रोड, रांची |
| संजय कुमार सिंह | फ्लैट नंबर - ई1, बोधराज इंक्लेव, डोरंडा, रांची |
| मनोज कुमार | डी- 1002, ग्रीन व्यू हाईट्स, बरियातू, रांची |
| सुनील कुमार सिन्हा | फ्लैट नंबर - 308एच, सार्थक रेसीडेंसी, पीस रोड, लालपुर, रांची |
| मानस कुमार | फ्लैट नंबर 4बी, ब्लॉक-ए, खेमका रेसीडेंसी, कांके रोड, रांची |
| विभोर सिंघानिया | फ्लैट नंबर- 4ए, कंचन विला अपार्टमेंट, कांके रोड, रांची |

### चाईबासा में इन ठिकानों पर ईडी की रेड

| नाम | स्थान |
|---|---|
| विनय ठाकुर | हाउस नंबर- 197, अमलाटोला, चाईबासा |
| वेदांत खिरवार | हाउस नंबर- 147, मधु बाजार, चाईबासा |

### जमशेदपुर में इन ठिकानों पर ईडी की रेड

| नाम | स्थान |
|---|---|
| रघुनंदन प्रसाद शर्मा | हाउस नंबर- 9999-214, बारीडीह कॉलोनी, जमशेदपुर |

### ईडी रेड बोले सीएम : यह कोई अप्रत्याशित नहीं



*ईडी की छापेमारी पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आजकल छापेमारी वाली जो कहानी है, वह अब अप्रत्याशित नहीं है. चुनाव भी है और हमारे विपक्ष के मुख्य सक्रिय कार्यकर्ता बाहर आ गए हैं. मुख्यमंत्री सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में मीडिया से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा की नियुक्ति पत्र बांटने का काम मुझे लगता है कि बहुत पहले पिछली सरकारों में ही होना चाहिए था. यह जिम्मा मेरे हिस्से आया, तो हम लोग कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सुविधा बेहतर हो सके. प्रोजेक्ट भवन का यह सभागार नियुक्ति पत्र वितरण का अनवरत गवाह बन रहा है.*

### बीजेपी में शामिल नहीं हो रहा इसलिए भाजपा करवा रही ईडी की रेडः मंत्री मिथिलेश ठाकुर

*मंत्री मिथिलेश ठाकुर का ईडी की रेड पर बड़ा बयान आया है. प्रोजेक्ट मंत्रालय पहुंचे मंत्री ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले ही उन पर बीजेपी में शामिल होने का दबाव था. उन्होंने कहा कि मैं बीजेपी में शामिल नहीं हो रहा हूं, इसलिए दबाव बनाने के लिए ये राजनीतिक रेड भाजपा करवा रही है. उन्होंने कहा कि मैं टूट जाऊंगा लेकिन झुकूंगा नहीं और भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा. मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव नज़दीक आता देख और ख़ुद की ख़राब स्थिति देख भाजपा कि ओर से ये राजनीतिक रेड करवाई जा रही है.*



### ईडी के ये छापे राजनीति से प्रेरित हैं: बन्ना गुप्ता

*वहीं राज्य में कई जगहों पर ईडी की छापेमारी पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा, सारी चीज़े कहीं न कहीं राजनीति से प्रेरित हैं. आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस तरह की चीजें हो रही हैं, लेकिन इससे भाजपा को कोई नफा नहीं होगा... जितना ज़ुल्म होगा हम उतना मज़बूत होंगे... आने वाले चुनाव में जनता को तय करना है कि कौन सही है कौन ग़लत है... ना झुके हैं ना झुकेंगे, डटकर लड़े थे, डट कर लड़ेंगे..."*



**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,300 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### उद्धव ठाकरे की हुई एंजियोप्लास्टी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनकी तबीयत सोमवार को बिगड़ गई थी, जिसके बाद अस्पताल लाया गया. उनके हार्ट की जांच के बाद डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी का फैसला लिया. उन्हें बेचैनी की शिकायत थी, फिर एंजियोप्लास्टी करके हार्ट में ब्लॉकेज की समस्या ठीक की गई.

### भारत वापस बुलाएगा कनाडा से उच्चायुक्त

**नयी दिल्ली।** हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद उठे विवाद के बाद भारत और कनाडा के रिश्ते बिगड़ते जा रहे हैं. ताजा घटनाक्रम में भारत ने अपने उच्चायुक्त को कनाडा से वापस बुलाने का फैसला किया है. विदेश मंत्रालय ने कनाडाई सीडीए को तलब किया. उन्हें बताया गया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को आधारहीन तरीके से निशाना बनाना अस्वीकार्य है.

### चिराग को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को जेड कैटेगरी की सुरक्षा देने का फैसला किया है. इससे पहले चिराग को एसएसबी के कमांडो की सुरक्षा मिली थी. हालांकि, जेड कैटेगरी की सिक्योरिटी मिलने के साथ ही अब उन्हें सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा देंगे. जेड कैटेगरी की सुरक्षा में चिराग के आसपास 22 सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे.

## हेमंत का मास्टर स्ट्रोकः कैबिनेट की बैठक में 29 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# मंईयां सम्मान योजना में अब प्रतिमाह मिलेंगे 2500 रुपए

**रवि भारती। रांची**

सीएम हेमंत सोरेन ने एक बार फिर मास्टर स्ट्रोक खेला है. बीजेपी की गोगो दीदी योजना पर भी काउंटर अटैक किया है. सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ा दी गई है. अब राज्य की 53 लाख महिलाओं को इस योजना के तहत 1000 रुपए की जगह 2500 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे. इस हिसाब से अब साल में 12 हजार की जगह अब 30 हजार रुपए मिलेंगे. बढ़ी हुई राशि दिसंबर से दी जाएगी. कैबिनेट ने प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है. कैबिनेट की बैठक में कुल 29 एजेंडों को स्वीकृति दी गई.

- दिसंबर से 53 लाख महिलाओं को मिलेगी बढ़ी हुई राशि
- **असम में रहने वाले 15 लाख आदिवासियों के विकास के लिए बनेंगी योजनाएं**
- अनाथ और दिव्यांग को उच्च शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस होगी माफ

**असम में रहने वाले 15 लाख आदिवासियों का होगा उत्थान :** कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि असम में आदिवासियों की संख्या 70 लाख के करीब है. इसमें से 20 से 22 फीसदी झारखंड के मूलनिवासी हैं. यानी 15 लाख आदिवासी हैं, लेकिन इन्हें एसटी का दर्जा प्राप्त नहीं है. असम में इन्हें ओबीसी का दर्जा प्राप्त है. इनके उत्थान के लिए राज्य सरकार ने कई प्रस्ताव लाए हैं. आदिवासी कल्याण मंत्री के नेतृत्व में एक सर्वदलीय कमेटी असम भेजी जाएगी. कमेटी वहां की स्थिति की जानकारी लेगी. इसके बाद इनके उत्थान के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी. भारत सरकार और असम सरकार से भी इसके लिए समन्वय बनाया जाएगा.

-शेष पेज 11 पर



### दिव्यांग और अनाथ बच्चों की ट्यूशन फीस माफ

अनाथ और दिव्यांग बच्चों के लिए वाल्मिकी छात्रवृति योजना की स्वीकृति दी गई. इसके तहत उच्च शिक्षा के लिए अनाथ और दिव्यांग बच्चों का ट्यूशन फीस के साथ छात्रावास और मेस फीस नहीं लिया जाएगा. 10 लाख तक की ट्यूशन फीस माफ की जाएंगी. डीसी की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण कमेटी गठित की जाएगी. इसके लिए झारखंड का स्थानीय निवासी होना जरूरी है. प्रति माह 4000 रुपए भी दिए जाएंगे. इस योजना के तहत 24 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगें.

### कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा

पारा शिक्षक, प्रखंड संकुल, साधन सेवी, एमआइएस समन्वय को कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई. झारखंड के राजकीय विश्वविद्यालय के लिए एकेडेमिक बैंक क्रेडिट रेगुलेशन 2024 को स्वीकृति दी गई. राज्य के विश्वविद्यालयों में प्रतिस्पर्धी माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए झारखंड स्टेट रैंकिंग फ्रेमवर्क के लिए 20 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई. राज्य के विश्वविद्यालयो में फोर इयर अंडर ग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम की स्वीकृति दी गई. विश्वविद्यालयो में ड्यूल डिग्री प्रोग्राम के लिए नियमावली की स्वीकृति दी गई.

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र के विकास और भूमि अधिग्रहण के लिए 43 करोड़ 8 लख रुपए की राशि की स्वीकृति.
- **नेतरहाट विद्यालय के तर्ज पर चाईबासा, दुमका के साथ-साथ बोकारो में भी आवासीय स्कूल खोले जाने की स्वीकृति दी गई.**
- गढ़वा में बिलासपुर पश्चिम बीरबल चौक तक 109 करोड़ की पथ परियोजना की स्वीकृति दी गई.
- **मनरेगा के साथ अभिसरण से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल राशि 11.66 लाख खर्च करने की स्वीकृति.**
- कृष्णा राय जल प्रमंडल दुमका की सेवा अवधि का दैनिक वेतन अवधि में जोड़ करके पूरी राशि देने का फैसला .लिया गया.
- **ज्ञानोदय योजना के तहत प्रारंभिक स्कूल में विज्ञान व गणित की प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए 50 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई.**
- बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड के बकाया स्वीकृत करने के लिए 38 करोड़ मंजूर किया गया.
- **पतरातू एनर्जी लिमिटेड को बंद करने की स्वीकृति.**
- राज्य में मदरसा माइनॉरिटी स्कूल में संचालित शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से राज्य योजना से संचालित करने की स्वीकृति दी गई.
- **आरयू में रांची के मुख्यालय एवं विभिन्न अंगीकृत महाविद्यालय में सेवा दे रहे नेट पास कक्षा आधारित शिक्षकों की सेवा को आवश्यकता आधारित सेवा की स्वीकृति.**
- आठ जिलों में विज्ञान केंद्रं में वैज्ञानिक प्रदर्शों के अधिष्ठापन के लिए 21 करोड़ 86 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई.
- **राज्य के विश्वविद्यालयों में मल्टीपल इंट्री और एग्जिट के लिए झारखंड रेगुलेशन 2024 की स्वीकृति दी गई.**
- गुरुजी क्रेडिट कार्ट योजना के मार्गशिका में संशोधन की स्वीकृति दी गई.
- **राज्य के 62000 पारा शिक्षकों सहित (सहायक अध्यापक), प्रखंड/संकुल साधन सेवी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी. साधनसेवी, एमआई.स. समन्वयक व अन्य संलग्न कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा मिलेगी.**




# बहराइच में हालात बेकाबू

**एजेंसियां। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रविवार रात को कई जिलों में बवाल हुआ. गोंडा, बलरामपुर के बाद बहराइच जिला पथराव और आगजनी से सुलग उठा. युवक की हत्या के बाद जमकर बवाल हुआ. देर रात तक प्रदर्शन और जगह-जगह आगजनी होती रही. इस बीच पुलिस और प्रशासन बैकफुट पर नजर आया. वहीं सोमवार को जब प्रशासन जागा, तो सड़क पर खुद अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश भीड़ को खदेड़ते हुए नजर आए. पुलिस के मुताबिक बहराइच एवं आसपास के इलाके में हालात बेकाबू हो गए हैं. दो समुदायों के बीच संघर्ष गांवों तक पहुंच गया है. इस बीच, सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले को शांत करने का सख्त निर्देश दिया है. अब तक दोनों पक्षों के 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है. लेकिन तनाव बढ़ता ही जा रहा है. एक समुदाय के लोग चुन-चुन कर दूसरे समुदाय के घरों और प्रतिष्ठानों में आग लगा रहे हैं. पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. सोशल मीडियो पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एडीजी अमिताभ यश हाथ में पिस्टल लेकर भीड़ को भगाते हुए नजर आ रहे हैं. वह सिपाहियों से कहते हुए नजर आ रहे हैं भगाओ...मारो सालों को. यह पूरा वाकया रमपुरवा चौकी के पास का है. जहां अमिताभ यश के सामने भी जब उग्र भीड़ नहीं रुकी और एक वाहन तोड़ दिया. जिसके बाद उन्होंने अपनी पिस्टल से हवा के एक फायर किया और भीड़ को खदेड़ा.

- शेष पेज 11 पर

### छत्तीसगढ़ में आक्रामक भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग, एसडीएम को दौड़ाया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब की 32 वर्षीय पत्नी और 11 बेटी की हत्या के बाद सोमवार को भीड़ उग्र हो गई. इस भीड़ के आक्रामक होने पर वहां पहुंचे एसडीएम जगन्नाथ वर्मा को लोगों ने दौड़ा लिया. उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. नाराज भीड़ ने आदतन आरोपी कुलदीप साहू के घर को आग के हवाले कर दिया है. आक्रामक भीड़ ने एसडीएम जगन्नाथ वर्मा के साथ मारपीट की है वहीं एसपी के साथ धक्कामुक्की करने का मामला सामने आया है. भीड़ की द्वारा नेशनल हाईवे रोड पर बैठकर प्रदर्शन किया जा रहा है. इस डबल मर्डर की वारदात से सूरजपुर में तनाव की स्थिति है. आक्रोशित भीड़ ने थाने के सामने धरना दिया और जमकर नारेबाजी की है. घटना के विरोध में लोगों ने इलाके की सारी दुकानों को बंद कर दिया. फिलहाल, सूरजपुर शहर और आस-पास के इलाके में तनावपूर्व स्थिति है. मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है. पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर भीड़ को काबू करने में जुटे हुए हैं. उधर, बेटी और मां के हत्या का आरोपी कुलदीप साहू आदतन बदमाश है. आरोपी कुलदीप साहू एनएसयूआई का पूर्व महासचिव रह चुका है.



- शेष पेज 11 पर

## उपलब्धि खूबियां जान कांप उठेंगे दुश्मन, इजराइल की तर्ज पर नया डिफेंस सिस्टम बना लिया

# देश ने बनाया खुद का 'आयरन डोम', पोखरण में किया परीक्षण

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारत ने पोखरण में खुद के बनाए 'आयरन डोम' का सफल परीक्षण किया है. यह चौथी पीढ़ी की कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है.इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया है. इसे आसमान में भारत का स्वदेशी रक्षक भी कह सकते हैं. तकनीकी भाषा में इसे वेरी शार्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम या वीएसएचओआरएडीएस कहते हैं. आम भाषा में इसे कंधे से दागे जाने वाली विमान भेदी मिसाइल भी कह सकते हैं. देश इजराइल की तर्ज पर अपनी सुरक्षा प्रणाली को बेहद मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ चुका है.



### क्या-क्या करेगा

अत्याधुनिक तकनीक से लैस इस रक्षा प्रणाली को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसे आसानी से कहीं भी ले जाया सकता है. इसकी खासियत ये है कि यह कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों, मानव रहित विमान सहित हेलीकॉप्टर को भी मार गिरा सकता है. इसके अलावा, ये हवाई हमलों से बचाव कर पाने में भी सक्षम है.

### कौन सी तकनीक

ये रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम और इंटीग्रेटेड एविओनिक्स सिस्टम से लैस है. प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणालियां किसी भी दिशा में मिसाइल को थर्स्ट देने में सक्षम हैं. साथ ही इमेजिंग इंफ्रारेड होमिंग सिस्टम भी लगा है. इस तकनीक से दुश्मन के हवाई हमलों को ट्रैक करने में मदद मिलती है.

### स्पीड, वजन सब जानें

इसकी खासियत और बारीकियों की बात करें तो इसका वजन 20.5 किलोग्राम है. लंबाई 6.7 फीट और व्यास 3.5 इंच है. यह अपने साथ 2 किलोग्राम वजन का हथियार ले जा सकता है. इसकी रेंज की बात करें तो ये 250 मीटर से 6 किलोमीटर तक है. रफ्तार है करीब 1800 किलोमीटर प्रति घंटा. यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है. ट्रायल के दौरान इस मिसाइल ने अपने लक्ष्यों को पूरा करते हुए टारगेट को नष्ट कर दिया. ग्राउंड बेस्ट मैन पोर्लटेबल लांन्चर से किए गए इस टेस्ट में सेना के अधिकारी भी मौजूद थे. इसके अब तक तीन सफल परीक्षण हो चुके हैं.

### बहुत थी जरूरत

इसका निशाना अचूक है. मौजूदा समय में ऐसे एयर डिफेंस सिस्टम की अहमियत काफी बढ़ गई है. बात चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध की करें या फिर इजराइल और हमास जंग की. इन्होंने बता दिया है कि किसी भी देश के लिए एयर डिफेंस सिस्टम के क्या फ़ायदे हैं. इसका फायदा दुश्मन के दांत खट्टे कर देने के लिए काफी है.


# डारॉन, साइमन और जेम्स बने अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता



डारॉन एसिमोग्लू



साइमन जॉनसन



जेम्स ए. रॉबिन्सन

**एजेंसियां। जिनेवा**

2024 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार डारॉन एसिमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया है. इन अर्थशास्त्रियों ने संस्थाओं की भूमिका पर गहन शोध किया है और यह समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि कैसे राजनीतिक और आर्थिक प्रणालियां देशों की समृद्धि को प्रभावित करती हैं. इन अर्थशास्त्रियों की सबसे प्रसिद्ध कृति "व्हाई नेशन्स फेल" है. इस पुस्तक में उन्होंने दुनिया भर के देशों का तुलनात्मक अध्ययन किया है और यह दिखाया है कि कुछ देश समृद्ध क्यों होते हैं जबकि अन्य गरीब रह जाते हैं. उनके अनुसार, देशों की सफलता या असफलता मुख्य रूप से उनकी संस्थाओं पर निर्भर करती हैं.

संस्थाएं क्या होती हैं?: संस्थाएं समाज में नियमों, कानूनों, और सामाजिक मानदंडों का एक समूह होती हैं जो लोगों के व्यवहार को आकार देती हैं.

-शेष पेज 11 पर

### ब्रीफ खबरें

#### डांस प्रतियोगिता में बच्चों को पुरस्कार



**महुदा :** बाघमारा प्रखण्ड के अन्तर्गत हाथुडीह पंचायत के कचर्रा में दुर्गा पूजा के अवसर पर रविवार की रात्रि में छोटे-छोटे बच्चियों और बच्चों के बीच डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिताओं में बच्चियों एवं बच्चों ने कला का प्रर्दशन किया. प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कृत किया गया. सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाटडीह ओपी के एएसआई एसके शर्मा, समाजसेवी राखोहरी सिंह, तुलसी प्रसाद सिंह,भागीरथ सिंह, महुदा कॉलेज के प्राचार्य सिकन्दर रवानी, शिवपुजन सिंह, मुरारी सिंह, दिलीप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, रोहित कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह आदि मौजूद थे.

#### ब्लड सेंटर के पहले दिन रक्तदान

**धनबाद :** धनबाद के पांडरपला भूली बायपास नियर विनोद चौक के समीप एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में ब्लड सेंटर का शुभारंभ हुआ. जहां ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल एवं केंद्रीय सदस्य अमित रवानी के नेतृत्व में ह्यूमैनिटी टीम के सक्रिय सदस्य शिबू मंडल और करण रवानी न ब्लड बैंक के पहला दिन रक्तदान किया. मौके पर रक्तदान करने वाले सदस्य को अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, ललिता चौहान, सुदीप पांडेय, गौतम कुमार मंडल द्वारा सम्मानित किया गया.

#### डीवीसी का जम्फर कटा, चिरकुंडा में पांच घंटा बिजली बाधित

**चिरकुंडा।** डीवीसी के एक लाख 32 हजार का जम्फर दो स्थानों में कट जाने के कारण चिरकुंडा क्षेत्र में सोमवार को पांच घंटा बिजली आपूर्ति बाधित रही.इस कारण लोग परेशान रहे. डीवीसी के पदाधिकारी ने बताया कि डीवीसी ग्रीड कुमारधुबी के समीप व आमकुड़ा में दो जगह डीवीसी का एक लाख 32 हजार का जम्फर कट जाने के कारण चिरकुंडा क्षेत्र में सुबह 9 बजे से बिजली बाधित हो गई. डीवीसी कर्मियों द्वारा दोनों जगह कटे जम्फर को बनाए जाने के बाद क्षेत्र में अपराह्न 2 बजे बिजली बहाल हुई. इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली.

### गुरु नानक कॉलेज, बरमसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिशशिप मेला 2024 का आयोजन

# पीएम नेशनल अप्रेंटिशशिप के लिए 54 आवेदन शॉर्टलिस्ट

**संवाददाता । धनबाद**

गुरु नानक कॉलेज, बरमसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिशशिप मेला 2024 का आयोजन किया गया. इस मेले में 9 नियोजकों ने भाग लिया और लगभग 225 आवेदकों ने अपनी योग्यता और रिक्तियों के आधार पर आवेदन किया. 9 नियोजकों ने 54 आवेदकों को शार्ट लिस्ट किया है.आयोजन में आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा प्राचार्य, डॉ. संजय प्रसाद, गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया को स्वागत पौधा दिया गया.आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी राकेश कुमार, प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोविंदपुर एवं डॉ. संजय प्रसाद, प्राचार्य, गुरु नानक कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षुता मेला को आरंभ किया.







आनंद कुमार द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 के अंतर्गत राज्य के निबंधित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले (संविदा सहित) (लघु उद्योग/ विनिर्माण क्षेत्र/ सेवा क्षेत्र) एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान/ उपक्रम यथा होटल/ रेस्तरां/ शॉपिंग मॉल/ अस्पताल/ कोचिंग सेंटर/ मान्यता प्राप्त सेवा केंद्र/ बैंक इत्यादि द्वारा तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/ लघु अवधि कौशल) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) को निर्धारित/ वैकल्पिक व्यवसायों में 2.5-15 प्रतिशत बैंड में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है, जबकि 4 से 29 कामगारों वाले प्रतिष्ठानों के लिए यह वैकल्पिक है.

गुरुनानक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि प्रशिक्षुता एक प्रकार का प्रशिक्षण कार्यकाल होता है. जिसमें अभ्यर्थी को औद्योगिक कार्य के लिए प्रशिक्षित किया जाता हैं. इस कार्यालय के दौरान व्यक्ति एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह कार्य करता है. इस कार्यक्रम का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें अभ्यर्थी को उद्योग के बारे में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान मिलता है. जिनकी मदद से उसके कार्य कौशल में निखार आता है. प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थी को स्टाइपन भी दी जाती है.

#### बीबीएम बीएड कॉलेज में पौधरोपण

महुदा : बिनोद बिहारी महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज साहूबहियार तोपचाँची के प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा मध्य विद्यालय गुणघसा में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया. मुख्य रूप से विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष मों शमीम अंसारी, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक माना महतो, सहायक शिक्षक अजय कुमार मंडल, बीएड कॉलेज के प्रशिक्षु शिक्षक अरबाज अली, नेहा कुमारी,पुष्पा कुमारी, पिंकी कुमारी, सुनिता कुमारी, सुलेखा कुमारी, अनुज कुमार महतो, सहित सभी विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में योगदान दिया. इस अवसर पर अध्यक्ष शमीम अन्सारी व विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक माना महतो ने कहा कि एक पेड़ सौ प्राण के समान होता है. इसलिए सभी का दायित्व है कि इसे हर हाल में संरक्षण मिले ताकि पर्यावरण की रक्षा एवं प्रदूषण से निजात मिल सके.

# 108 एम्बुलेंस चालक टेक्निशियनों का हड़ताल

**खास बातें**

- सोमवार की रात से हड़ताल की घोषणा, पूर्व में भी कर चुके हैं आंदोलन
- सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं होंगी प्रभावित,सीएस ने कहा सरकार तक भेजी जा रही बात

**संवाददाता। धनबाद**

बकाया वेतन की मांग को लेकर सोमवार की रात आठ बजे से जिले में 108 एंबुलेंस चालक व इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन हड़ताल पर चले गए. यह घोषणा 108 एंबुलेंस का संचालन कर रही एजेंसी इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विस के कर्मियों ने की है. इससे पूर्व मांगों को लेकर 108 एंबुलेंस चालकों ने रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन भी कर चुके हैं और हड़ताल से संबंधित सूचना सीएस कार्यालय समेत अन्य अधिकारियों को भी दिया है. एंबुलेंस कर्मियों ने बताया कि वे सभी इएमआरआइ ग्रीन एजेंसी के माध्यम से 108 एंबुलेंस सेवा प्रदान कर रहे हैं. कर्मियों के हड़ताल पर जाने के मामले में सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानु प्रतापन ने बताया कि कर्मियों के हड़ताल पर जाने का मामला संज्ञान में है और उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. यह भी प्रयास है कि कर्मियों की मांगे पूरी हो और उन्हें हड़ताल पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़े. बताते चलें कि 108 एम्बुलेंस चालकों के हड़ताल के कारण सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर गहरा असर पड़ेगा और कई सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो जाएंगी.





#### रिम्स ले जाए जाते हैं 10-15 मरीज

जिले में रोज लगभग 100 से अधिक रीजों को 108 एंबुलेंस की सेवा प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाती है. इन एंबुलेंस के जरिए मरीजों को विभिन्न स्थानों से मेडिकल कॉलेज लाया जाता है. प्रतिदिन औसतन 10 से 15 रिम्स रेफर किये गये मरीजों को 108 एंबुलेंस से रांची ले जाया जाता है.

#### धनबाद में संचालित हैं 36 एंबुलेंस

गरीब मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार की ओर से जिले में नि:शुल्क 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन किया जाता है. धनबाद में फिलहाल 36 एंबुलेंस संचालित हैं. इनमें चार एंबुलेंस मरीजों को हायर सेंटर ले जाने के लिये हैं. जबकि अन्य जिले के सभी प्रखंडों से मरीजों को मेडिकल कॉलेज व अस्पताल व जिला अस्पताल तक पहुंचाने के लिए हैं. इन सभी एम्बुलेंस चालकों ने हड़ताल की बात कही है.

#### हड़ताल हुई तो निजी एम्बुलेंस की मदद लेंगे

108 एंबुलेंस कर्मियों के हड़ताल की सूचना पर जिला स्वास्थ्य विभाग वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी में जुटा है. 108 एंबुलेंस के नोडल पदाधिकारी सह डीपीएम नीरज कुमार यादव ने बताया कि अधिकारिक रूप से एंबुलेंस कर्मियों ने हड़ताल की सूचना स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में नहीं है. फिर भी विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है.वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध 10 एंबुलेंस को काम में लगाने की तैयारी है. जरूरत पड़ने पर निजी अस्पतालों के एंबुलेंस का भी इस्तेमाल होगा.

#### धनबाद स्टेशन में मिला पांच साल का बच्चा

**धनबाद :** रविवार की देर रात किसी रेलकर्मी ने असहाय अवस्था में भटकते देख एक पांच साल के बच्चे को रेलवे चाइल्ड हेल्प लाइन को सुपुर्द किया. सोमवार को जब बच्चे को सीडब्लूसी में प्रस्तुत किया गया तो उसने अपना नाम आकाश मांझी बताया. वह बहुत कुछ बोल नहीं पा रहा है लेकिन अकलू पापा, पचंबा, गिरिडीह, तिलैया आदि बता रहा है. उसने यह भी कहा कोई उससे पैसा ले लेता है. इससे संदेह उत्पन्न होता है कोई इससे भीख मंगवा रहा था. सीडब्लूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी ने बताया फ़िलहाल बालहित में बालक को विशेष दत्तक ग्रहण केंद्र में आवासित किया गया है. परिवारजनों की तलाश की कोशिश चल रही है.अगर भीख मंगवाने की पुष्टि होती है तो क़ानूनी कार्रवाई भी की जाएगी.

## एसएनएमएमसीएच में मरीज की मौत के बाद हंगामा

- पुलिस ने संभाला मोर्चा

**संवाददाता । धनबाद**

जिले के सबसे बड़े अस्पतालों में शुमार शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ. एक मरीज की मौत के बाद उसके परिजन उग्र हो उठे और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा शुरू कर दिया. मामले की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बूझाकर मामला शांत कराया.



बताया जाता है कि पूर्वी टुंडी के महराजगंज निवासी गणेश रजक को तीन दिन पूर्व अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जिसे छाती पर घाव (फोड़ा) था. वहीं मरीज के परिजन ने आरोप लगाया है कि इलाज में लापरवाही के कारण मरीज की सोमवार की सुबह मौत हो गई. मरीज के मौत के बाद परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा शुरू कर दिया. जिसके बाद मामले की सूचना सरायढेला पुलिस को दी गई. सरायढेला पुलिस अस्पताल पहुंची और परिजनों को शांत कराया.

# टुंडी विधायक पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करे विभाग

- पथ निर्माण विभाग से जदयू नेता दीप नारायण सिंह ने की मांग

**संवाददाता ।गोमो**

जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बिना टैंडर के पथ निर्माण विभाग धनबाद प्रमंडल अंतर्गत जीटी रोड स्थित ब्राह्मणडीहा से खरियो मोड़ तक,भाया हीरापुर , मतारी पाकेडबेडा, लोदवाडीह, झगराही, मोहनपुर, तुरसाबाद सड़क



पुनर्निर्माण का शिलान्यास रविवार को कर दिया है. बिना टेंडर हुए योजना का शिलान्यास करना सरासर गलत और गैरकानूनी भी है. सिंह ने कहा कि विधायक ने अपने पांच साल के कार्यकाल में गांव का विकास के लिए कुछ नहीं किया. अब जब कार्यकाल पूरा हो रहा है तो वे आनन-फानन में बिना टेंडर के योजनाओं का शिलान्यास कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं. ऐसा प्रतीत होता है कि विधायक मथुरा प्रसाद महतो को लग रहा है कि टुंडी की जनता उन्हें अब आगामी चुनाव में रिजेक्ट करने वाली है. इस लिए बिना टेंडर योजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं. विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने टुंडी की जनता को धोखा देकर पथ निर्माण विभाग के आंखों में धूल झोंकने का काम किया है. जदयू पार्टी पथ निर्माण विभाग से मांग करती है कि विधायक मथुरा प्रसाद महतो के उपर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करे.

# समाज को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा को हथियार बनावें: रतिलाल

### बसहा गांव में आदिवासी संथाल समाज का प्रधान सम्मेलन

**संवाददाता ।टुंडी**

दक्षिणी टुंडी के बसहा गांव में 8 पंचायत के आदिवासी संथाल समाज के प्रधान सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अगुवाई जिप प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की ने की. सम्मेलन में पंचायत व गांव के मांझी हड़ाम, जोगमांझी, कुड़ाम नायकी, गोडैत,मूल रैयत, पडहा राजा सहित समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया. सम्मेलन में समाज के प्रमुख गणमान्य जुड़े लोग मौजूद थे.

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता रतिलाल टुडू ने अपने संबोधन में कहा कि अपनी परंपरा को सुदृढ़ करने के लिए अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का काम करें. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमारा समाज तभी मुकाम हासिल कर सकेगा जब हम अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़कर उसे हथियार बनाने का काम करेंगे. टुडू ने कहा कि शिक्षा ही समाज का वो हथियार है जिससे सबकुछ हासिल किया जा सकता है, उन्होंने कहा हमें अभी कई चुनौतियों से सामना करना पड़ रहा है, ऐसी विकट परिस्थितियों से जूझने के लिए सभी संथाल समाज एकमत में रहते हुए संगठित होकर सभी सामाजिक निर्णयों को आत्मसात करें तभी हम आगे बढ़ सकते हैं. इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाओं को बारीकी से रखा व लाभ लेने पर बल दिया. उन्होंने सरकार के आदिवासियों के समाज प्रधानों के सम्मान निधि योजना के बारे जानकारी दी व फार्म भरकर लाभ उठाने पर बल दिया. इस सम्मेलन को सनातन सोरेन अनिल टुडू रमेश टुडू लपसा किस्कू, हराधन मराण्डी,मोहन बास्की लखीश्वर हांसदा देवेन किस्कू शिवलाल बास्की गणेश मराण्डी सुधीर टुडू रामनाथ टुडू आदि ने संबोधित किया.

#### श्रीमद भागवत कथा आज से, निकली शोभा यात्रा

**निरसा बजार।** निरसा के मदनपुर पंचायत स्थित तिलतोड़िया गांव में आयोजित 15 से 21अक्टूबर तक सप्ताह व्यापी श्रीमद भागवत कथा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई. कलश शोभा यात्रा की शुरुआत गांव में स्थित बड़ा तालाब समीप पूजा पाठ एवं वैदिक मंत्रउच्चारण के साथ सभी भक्तगण कलश पात्र में जल भरकर पूरे गांव का भ्रमण किया. इस दौरान भक्ति गीत से पूरा तिलतोड़िया गुंजामयान हो गया. कथावचक उत्तम कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा की तिलतोड़िया में सप्ताह व्यापी भागवत कथा का आयोजन किया गया है. जो कि प्रतिदिन संध्या 4 बजे से संध्या 7 बजे तक चलेगा. सभी श्रद्धालु इस पावन कथा में शामिल होकर अपने जीवन में कथा श्रवण करें, तिलतोड़िया गांव में श्रीमद् भागवत कथा को लेकर स्थानीय युवकों में काफी खुशी देखी जा रही है.

# डीवीसी कैजुअल कर्मी की इलाज के दौरान मौत

**खास बातें**

- परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति
- डीवीसी कैजुअल संगठन ने की नियोजन की मांग

**संवाददाता ।मैथन**

डीवीसी मैथन के भू संपदा विभाग में कार्यरत कैजुअल कर्मी देवजीत भट्टाचार्य का इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने डीवीसी प्रबंधन से नियोजन की गुहार लगाई है हालांकि प्रबंधन अभी इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं बोल रहा है. ज्ञात हो कि मई महीने में डीवीसी के कैजुअल कर्मी देवजीत भट्टाचार्य डीवीसी के बिल वितरण के लिए जा रहे थे. इस दौरान मैथन डाइक एरिया में उनकी बाइक



अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसमें उन्हें कमर में गंभीर चोट आई थी. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए 7 सितंबर को कोलकाता के देशन अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां डॉक्टरों ने 5 अक्टूबर को उनका ऑपरेशन किया और 10 अक्टूबर को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया. जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना डीवीसी प्रबंधन को दी. पहले तो डीवीसी प्रबंधन की ओर से सारी सुविधाएं देने की बात कही गई थी. लेकिन कैजुअल कर्मी के मौत के बाद प्रबंधन नियोजन देने में आनाकानी कर रहा है. ऐसे में परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है. देवजीत भट्टाचार्य की पत्नी पहले ही गुजर चुकी है. उनका पुत्र रोहित भट्टाचार्य डीवीसी से नियोजन की गुहार लगा रहा और कहा कि नियोजन नहीं मिला, तो आंदोलन के लिए मजबूर होंगे.इस मामले पर डीवीसी कैजुअल संगठन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन को मृतक के आश्रित को नियोजन एवं मुआवजा अविलंब देनी चाहिए. जिससे परिवार को सहारा मिल सके. इस मामले पर डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि इस घटना की ज्यादा जानकारी नहीं है, डीजीएम के आने के बाद ही इस पर कुछ कहा जा सकेगा.

**राजनीति**

### चुनाव को लेकर रेल कर्मियों के संगठन करेंगे कई कार्यक्रम

# ईसीआरकेयू चुनाव को लेकर धनबाद में तैयारी शुरू

**खास बातें**

- 22 अक्तूबर को करना है नामांकन दाखिल
- चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में जुटे यूनियन नेता

**संवाददाता । धनबाद**



ईस्ट सेंट्रल रेलवे जोन में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ( ईसीआरकेयू ) द्वारा हाजीपुर महाप्रबंधक मुख्यालय में 22 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करने की तैयारी की जा रही है. इस अवसर पर यूनियन ने उक्त तिथि को रेलकर्मियों की एक विशाल जनसभा करने का कार्यक्रम किया जाएगा. ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा इस दिन उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करेंगे और ईसीआरकेयू को पुनः बहुमत से जीत दिलाने का आह्वान करेंगे. ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डीके पाण्डेय और महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव भी अपने संबोधन में ईसीआरकेयू एवं फेडरेशन के उपलब्धियों को जनसभा में रेलकर्मियों के समक्ष रखेंगे. ईसीआरकेयू के पूर्व अपर महामंत्री बीके सिंह भी रेलकर्मियों को एक मजबूत यूनियन बनाने के लिए ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपनी बात रखेंगे. उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो ज़्याऊद्दीन ने बताया कि रेलवे में यूनियन को जोनल स्तर पर मान्यता प्राप्त करने के लिए रेलकर्मी अपने गुप्त मतदान द्वारा यूनियन का चुनाव करते आ रहे हैं. यह पद्धति 2007 से प्रारंभ किया गया, जिसमें पूर्व मध्य रेलवे में ईसीआरकेयू ने भारी मतों से जीत हासिल की. 6 वर्ष बाद 2013 में भी हुए चुनाव में पुनः ईसीआरकेयू को बहुमत मिला. 2019 के कोरोना के संक्रमण काल में रेलप्रशासन चुनाव प्रक्रिया नहीं करा पाई और फिर विभिन्न राज्यों के विधानसभा एवं फिर संसदीय चुनाव में प्रशासनिक व्यस्तता के कारण भी यूनियन के चुनाव नहीं हो पाए. अंततः फेडरेशन के दबाव पर रेलवे बोर्ड ने 4 से 6 दिसम्बर" 2024 को रेलवे में यूनियन के मान्यता प्राप्त करने के लिए चुनाव कराने की घोषणा की. इसके अंतर्गत नामांकन दाखिल करने के लिए ईसीआरकेयू ने 22 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की है. यह जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू धनबाद टू शाखा के अध्यक्ष सह मिडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि उक्त तिथि को धनबाद मंडल के सभी शाखा सचिव तैयारियों में जुटे हुए हैं. इस दिन की तैयारियों के लिए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा, ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता एवं नेताजी सुभाष, धनबाद टू के अध्यक्ष एवं मिडिया प्रभारी एन के खवास, चुनाव प्रभारी राजेश कुमार,धनबाद मंडलीय युवा समिति के सचिव राकेश कुमार,शाखा सचिवगण सीपी पाण्डेय,उमेश कुमार सिंह,सुनील कुमार सिंह,आर एन चौधरी,अजीत कुमार,आर एन चौधरी,महेन्द्र प्रसाद महतो,चंदन शुक्ल,बसंत दूबे,आई एम सिंह,आर के सिंह,पी के सिन्हा,बृज किशोर साव,बीबी सिंह,जेके साव आदि अपने-अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं.

## सिकलाईन से निकली मां दुर्गा विसर्जन की शोभायात्रा



**संवाददाता ।गोमो**

रेल नगरी गोमो के सिक लाइन कॉलोनी में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार देर शाम को बिशुनपुर में किया गया. इसके पूर्व पूजा पंडाल में महिलाओं ने माता को सिंदूर अर्पित कर एक दूसरे की मांग भर कर सिंदूर खेला की रस्म निभाई और मां से सदा सुहागन होने का आशीर्वाद मांगा. इसके बाद मां को विदाई दी गई.माँ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष बच्चे शामिल हुए. गाजे बाजे के साथ नाचते-गाते पूरे रेल नगरी गोमो का भ्रमण किया गया. भ्रमण के उपरांत देर रात को विशुनपुर जोरिया में प्रतिमा का विसर्जन किया गया. इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हरिहरपुर थाना पुलिस मुस्तैद रही.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 185 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### नगर आयुक्त के पद पर बने रहेंगे रविराज शर्मा

**धनबाद :** धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त के पद पर रविराज शर्मा बने रहेंगे. उनके तबादले की अधिसूचना को रद्द कर दिया गया है. मालूम हो कि 4 अक्टूबर को जारी अधिसूचना के अनुसार रविराज शर्मा को वाणिज्यकर विभाग के संयुक्त सचिव के पद पर तबादला कर दिया गया था. वहीं सोमवार को जारी अधिसूचना में उक्त आदेश को विलोपित कर दिया गया है.

### कोयला खदान मजदूर संघ ने सीएमडी को लिखा पत्र

**धनबादः** सेवानिवृत कोयला खदान मजदूर संघ ने बीसीसीएल सीएमडी को पत्र लिखा है. पत्र के आलोक में संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद ने कहा कि रिटायर्ड कोल कर्मियों के पेंशन राशि निर्धारण में मूलवेतन में वीडीए के साथ एसडीए जोड़कर देने की मांग की गई है. बताया जाता है कि कोल प्रबंधन फिलहाल रिटायर्ड कोल कर्मियों के मानदेय में सिर्फ वीडीए राशि हो भेज रहा है, जिसका सेवानिवृत कर्मी लगातार विरोध कर रहे हैं.

### 152 स्टेशनों पर प्लास्टिक के खिलाफ अभियान

**धनबाद :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत धनबाद रेल मंडल के 152 स्टेशनों में प्लास्टिक की उपयोगिता पर रोक लगाने पर जागरुकता अभियान चलाया गया. इस दौरान धनबाद स्टेशन में रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली नुकसान के बारे में जानकारी दी. स्टेशन में लगे प्लास्टिक क्रशिंग मशीन की भी जांच की गई. वैसे वेंडर जो एकल प्लास्टिक का उपयोग करते हैं,उसको कठोर कार्रवाई की हिदायत दी गई.

### पोक्सो का आरोपी बाल सुधार भेजा गया

**बरवाअड्डाः** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कल्याणपुर मेला में शनिवार को रोआम-बाघमारा निवासी वीके साव को प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया था. बरवाअड्डा पुलिस ने वीके को सोमवार को बाल सुधार गृह भेज दिया. लड़की का मेडिकल जांच करा कर सीडब्ल्यूसी भेज दिया है. इस संबंध में लड़की की मां ने बरवाअड्डा थाना में वीके खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी.

### पूजा की छुट्टी खत्म खुले स्कूल व कॉलेज



**धनबाद।** दुर्गा पूजा की लंबी छुट्टी खत्म हो गई है। जिले के सभी तरह के स्कूल व कॉलेज सोमवार को खुल गए। सोमवार से स्कूल व कॉलेजों में पढ़ाई शुरू हो गई। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अधीन धनबाद व बोकारो के सभी कॉलेज भी खुल गए हैं। अब स्कूल व कॉलेजों में दीपावली व छठ की छुट्टी 30 या 31 अक्तूबर से शुरू होगी।

---

जिले के बालू घाटों का टेंडर प्रक्रिया नहीं हो पाई पूरी, बुधवार को खत्म हो जाएगी एनजीटी की रोक

# धनबाद को नहीं मिलेगा सस्ता बालू, तस्करों से खरीदने की मजबूरी कायम

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के 9 बड़े बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं की जा सकी है. इस कारण धनबाद वासियों को फिलहाल कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. बालू घाटों से बालू के उठाव पर एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) की लगी रोक मंगलवार को खत्म हो जाएगी. बुधवार से राज्य के सभी वैध बालू घाटों से बालू का उठाव शुरू हो जाएगा. लेकिन धनबाद वासियों को फिलहाल इससे राहत नहीं मिलेगी. यहां से लोगों को दूसरे जिलों के साथ बंगाल से आने वाले बालू पर निर्भर रहना होगा और तस्करों से बालू खरीदने की मजबूरी आगे भी कायम रहेगी. हो सकता है एनजीटी की रोक खत्म होने से पड़ोसी जिलों के वैध घाटों से उठने वाले बालू धनबाद भी आने लगेंगे. लेकिन अन्य जिलों से बालू का परिवहन खर्च जोड़ने पर बालू महंगा ही मिलेगा. बता दें कि टेंडर प्रक्रिया जेएसएमडीसी द्वारा पूरी की जाती है. जिला खनन विभाग ने धनबाद के घाटों के लिए टेंडर को अंतिम रूप देकर जेएसएमडीएसी को भेज दिया है. खनन निरीक्षक बिनोद प्रामाणिक ने बताया कि 9 घाटों में से 8 घाटों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर आगे की प्रक्रिया के लिए जेएसएमडीएसी को भेज दिया गया है. एक घाट के लिए एक ही आवेदन मिले थे.जिस कारण एक घाट का टेंडर रद्द किया जाएगा. एक महीने बाद भी जेएसएमडीएसी ने प्रक्रिया पूरी नहीं की है.विभाग द्वारा एग्रीमेंट एवं सिया कमिटी द्वारा इन्वाइरनमेंट क्लीयरेंस नहीं दी गई है. इसके कारण बालू का उठाव नहीं हो सकता है. टेंडर में एल-1 आने वाले प्रतिभागियों के साथ जेएसएमडीएसी का अग्रीमेंट होता है. इसके साथ ही सिया कमिटी इन्वाइरनमेंट क्लीयरेंस देती है. इन प्रक्रिया को पूरा करने में विभाग कछुए की चाल में चल रहा है. मालूम हो कि पिछले तीन बार इन घाटों के लिए निकला टेंडर रद्द किया जा चुका है. चौथी बार भी टेंडर प्रक्रिया काफी सुस्त ही रही.



फाइल फोटो

### जिले में बड़े पैमाने पर हो रही बालू तस्करी

जिले में बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी की जा रही है. इस पर लगाम लगाने के लिए खनन विभाग एवं अनुमंडल पदाधिकारी की अगुवाई में लगातार कार्रवाई के बावजूद बालू का अवैध कारोबार नहीं थम रहा है. कार्रवाई का असर अगले दिन तक भी नहीं टिक पाता है. बालू माफिया चंद घंटे में ही छापेमारी को भूल फिर धंधे में लग जाते हैं. बालू के अवैध कारोबार में बड़े-बड़े माफिया सक्रिय हैं. जो मंहगी गाड़ियों में बालू गाड़ियों को स्कॉट करते है. बालू के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए धनबाद डीसी माधवी मिश्रा के आदेश पर जिले में 9 चेक नाका बनाया गया था. यह चेक नाका भी बालू तस्करी रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं.

### इन स्थानों पर बना चेक नाका

बाघमारा अंचल के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलमच्चो पुल के पास, बाघमारा अंचल के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुदा ओवरब्रिज के पास, बाघमारा अंचल के राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगंज पुल के पास, पूर्वी टुंडी अंचल के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत साहेबगंज रोड के पोखरिया में, पूर्वी टुंडी अंचल के निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुण्डवा चौक के पास, ग्यारहकुण्ड अंचल में चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 नम्बर चढ़ाई के पास, ग्यारहकुण्ड अंचल के पंचेत ओपी क्षेत्र अंतर्गत पतलाबारी चौक के पास, झरिया अंचल के जोड़ापोखर थाना के पास एवं झरिया अंचल के सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदामडीह रेलवे फाटक के पास नया चेक नाका बनाया गया था.

---

# राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार बढ़ रहा आगेः सीएम

## मुख्यमंत्री ने 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

1. मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/ 33 केवी ग्रिड सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी किया ऑनलाइन शिलान्यास
2. सी एच ओ से कहा- अपनी सेवा से ग्रामीणों का विश्वास जीतें, तभी राज्य की व्यवस्था मजबूत बनेगी
3. राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
4. निजी क्षेत्र के सहयोग से विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ चुके हैं कदम
5. गंभीर बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, इसके लिए प्रयास जारी



प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है. कोई भी ऐसा महीना नहीं होगा, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित ना हुआ हो. नियुक्तियों की इसी क्रम में आज एक और अहम कड़ी जुड़ने जा रही है. 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिल रहा है. इस तरह अब आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह मे बोल रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/ 33 केवी ग्रिड- सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई.

### राज्य की जनता के प्रति जो जिम्मेदारी मिली है उसपर खरा उतरें

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड देश के सबसे गरीब एवं पिछड़े राज्य में गिना जाता है. आपकी नियुक्ति स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए हुई है. आप सभी को राज्य के सुदूर और दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में काम करने का मौका मिल रहा है. मेरा आप सभी से यही कहना है कि इस राज्य की जनता के प्रति जो आपको जिम्मेदारी मिली है, उस पर आप खरा उतरने का प्रयास करें. अपनी सेवा पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं, ताकि ग्रामीणों का आप पर विश्वास बना रहे. इससे इस राज्य की व्यवस्था को मजबूत करने में हमें मदद मिलेगी.

### स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का लगातार हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है. सिर्फ बिल्डिंग खड़ी कर देने से स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर नहीं बनाया जा सकता है. इसके लिए अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों और इलाज से संबंधित समुचित सुविधाओं को उपलब्ध कराना जरूरी है. इसी बात को ध्यान में रख कर हमारी सरकार स्वास्थ्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है. आज चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति, आधुनिक चिकित्सीय संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अस्पतालों के रखरखाव और मरम्मत की भी समुचित व्यवस्था है.

### क्रिटिकल बीमारियों का भी इलाज संभव

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई नई बीमारियां हमारे लिए चुनौती बनी हुई है. कॉविड-19 के बाद से हम लगातार स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. इसी कड़ी में गंभीर बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, इसके लिए प्रयास जारी है. इसके लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे निजी संस्थाओं, संस्थाओं और अस्पतालों के सहयोग से इलाज से संबंधित आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश लगातार जारी है.

### नर्सिंग के क्षेत्र में पुरुषों को भी सेवा करने का मिल रहा मौका

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य तौर पर नर्सिंग से महिलाएं और युवतियां जुड़ी होती हैं. लेकिन, मेरा मानना है कि नर्सिंग में पुरुषों की भी भागीदारी होनी चाहिए. इसीलिए नर्सिंग संस्थानों में पुरुषों का दाखिला सुनिश्चित करने का निर्णय सरकार ने लिया है. पुरुष और महिला समान रूप से नर्सिंग के क्षेत्र में कार्य करेंगे तो मरीजों को और बेहतर सेवा मिलेगी.

### एयर एंबुलेंस की सेवा भी उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मरीजों की बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कई कड़ियां जुड़ चुकी हैं. सरकार के द्वारा एयर एंबुलेंस की सेवा भी किफायती दर पर उपलब्ध कराई गई है, ताकि गंभीर मरीजों को इमरजेंसी में इलाज के लिए बाहर ले जाने की जरूरत पड़े, तो उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े.

---

# सेविका-सहायिका हड़ताल पर सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

**खास बातें**

- जिले भर की सेविकाएं पहुंचीं रणधीर वर्मा चौक
- सड़क पर बैठकर की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

संवाददाता। धनबाद



सेवा शर्त नियमावली में संशोधन की मांग को लेकर झारखंड की सेविका-सहायिका सोमवार से हड़ताल पर चली गई हैं. राज्य इकाई के आह्वान पर धनबाद जिला इकाई की सदस्य पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पिछले कई दिनों से हड़ताल कर रही हैं. सोमवार को जिले भर से पहुंची हड़ताली सेविका-सहायिकाएं रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन में शामिल हुईं. रणधीर वर्मा चौक के पास सड़क पर बैठकर सेविकाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सेविका-सहायिकाओं ने हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया. सभी सेविकाएं घंटों तक सड़क पर ही बैरी रही. इस कारण रणधीर वर्मा चौक पर काफी देर तक ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त रही. आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं विभाग की ओर से जारी सेवा शर्त नियमावली में संशोधन कर समय पर मानदेय एवं वार्षिक वृद्धि का लाभ देने, सहायक अध्यापक की तर्ज पर उनके लिए भी मानदेय का प्रावधान करने, मानदेय में केंद्र व राज्य के अंश का भुगतान एक साथ प्रति माह नियमित समय पर करने की मांग की.

# अल्ट्रासोनोग्राफी कमरे का विधायक ने किया उद्घाटन



संवाददाता। धनबाद

विधायक राज सिन्हा ने केन्दुआडीह क्षेत्र की मांग शहरी स्वास्थ्य केंद्र, केन्दुआडीह में अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन लगाने के लिए अपने विधायक निधि से कमरे का निर्माण करवाया. सोमवार को उसका उद्घाटन किया गया. गौरतलब है कि अल्ट्रासाउंड मशीन एवं उसकी पूरी सिस्टम डीएमएफटी फंड से पास हो चुकी है परंतु कमरे की कमी के कारण क्षेत्र के आम लोगों के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं लग पा रही थी. विधायक सिन्हा ने उक्त कमरे का एवं साथ ही शौचालय का भी निर्माण करवाया और आमजनों को सौंपा. इस कमरे के बन जाने से क्षेत्र के दो से तीन लाख की आबादी को खासकर गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिलने लगेगा.पहले इस क्षेत्र के मरीजों को धनबाद शहर जाना पड़ता था. क्षेत्र के आम लोगों ने विधायक सिन्हा का आभार जताया एवम हर्ष व्यक्त किया. इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र के आम जनमानस के सभी समस्यायों के प्रति संवेदनशील हूं. जानकारी प्राप्त होने पे त्वरित समाधान करने के लिए संकल्पित भी हूं.

### बड़स गार्डन स्कूल में राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप

**धनबाद।** राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के तहत राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी 2024- 25 सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में झारखंड की ओर से खेलने के लिए बड़स गार्डेन स्कूल ,राजगंज धनबाद में 8अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2024 तक के लिए कैंप लगाया गया है. जिसमें पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों जैसे धनबाद हजारीबाग रांची गिरिडीह गुमला से हम सिमडेगा आदि से लगभग 40 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों दिन-रात अभ्यास कर रही है. इसमें से कल 22 खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें झारखंड की ओर से सिलीगुड़ी में खेलने के लिए महिला टीम भेजी जाएगी. सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल में इस चैंपियनशिप का कार्यक्रम 7 अक्टूबर 2024 से 15 अक्टूबर 2020 तक है, यदि झारखंड की टीम सिलीगुड़ी में प्रतियोगिता में विजय होती है तो उन्हें नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 11 नवंबर से 22 नवंबर 2024 तक खेलने के लिए भेजी जाएगी. इस कैंप में पूर्व में नेशनल खेल चुकी कई महिला खिलाड़ियों जैसे पूर्णिमा लिंडा, सुनीता मुंडा, दुल्लर मरांडी, पूजा टोप्पो, संध्या कच्छप शामिल है जो कि एस. एस. बी. सीमा शक्ति बल में भी सेवा दे रही है.

---

**राजनीति** चुनाव की घोषणा के 48 घंटों के भीतर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान : हिमंता सरमा

# भाजपा चुनाव प्रबंधन की बैठक में बनी चुनाव जीतने की रणनीति

- आजूस 9 से 11 सीटें, लोजपा एक और जदयू को दो सीटें मिल सकती हैं

संवाददाता। धनबाद

भाजपा विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है. पार्टी ने सभी प्रकोष्ठ के नेताओं और कार्यकर्ताओं को विशेष दायित्व सौंपे हैं. सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित पार्टी चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में चुनाव जीतने के लिए पूरी रणनीति बनाई गई. इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की. बैठक में पार्टी के विधानसभा चुनाव प्रभारी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा, अर्जुन मुंडा, संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, सांसद प्रदीप सिंह, सांसद मनीष जायसवाल के अलावा पार्टी के कई विधायक और पदाधिकारी उपस्थित थे. बैठक में दो घंटे तक पार्टी द्वारा गठित 29 विभिन्न प्रकोष्ठ की समीक्षा की गई और विधानसभा चुनाव जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया गया.

### भाजपा चुनाव जीतने के लिए तैयारः शिवराज

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए तैयार है. चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ताओं को जनभावनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि हमें परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयासों की परिसीमा करनी है.

### एनडीए मजबूती से चुनाव लड़ेगा : हिमंता

हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि राज्य में एनडीए गठबंधन अपने सहयोगियों के साथ मजबूती से चुनाव लड़ेगा. उन्होंने कहा कि चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान भाजपा जल्द ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी. जैसे ही चुनाव आयोग झारखंड के लिए चुनाव की तारीख की घोषणा करेगा, उसके 24 से 28 घंटों के भीतर भाजपा अपने हिस्से की 98% सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर देगी.

### चुनाव प्रबंधन ही जीत की कुंजी : बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रबंधन ही चुनाव में जीत की कुंजी है. यदि प्रबंधन समिति पूर्ण योजना और पूर्व योजना पर कार्य करेगी, तो सफलता हमारी झोली में होगी. उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्व-त्योहारों के बीच अब कार्यकर्ताओं के लिए एक ही पर्व है, वह है चुनाव पर्व. उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव अभियान को व्यवस्थित तरीके से संचालित करके हम सभी परिणाम को अनुकूल और सुखद बना सकते हैं. आज जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है. चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक पूर्व सांसद सुनील सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी ने हर बूथ जीतने का लक्ष्य रखा है .उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को चुनाव के दौरान नेताओं के आगमन, उनके कार्यक्रम और चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है. सुनील सिंह ने यह भी कहा कि उन मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान देने पर चर्चा हुई, जो कमजोर माने जाते हैं. नेताओं के आगमन और उनकी चुनावी सभाओं को लेकर भी बैठक में विस्तृत चर्चा हुई.

# धनबाद विधानसभा से मुख्तार होंगे टीएमसी उम्मीदवार

- पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष ने की 7 विधानसभा प्रत्याशियों की घोषणा

धनबाद : रांची स्थित टीएमसी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक मे कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो ने आगामी विधानसभा चुनाव पर अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए कहा है की झारखंड के 30 से 35 सीटों पर टीएमसी अपना प्रत्याशी खड़ा करेगी और स्वतंत्र रूप से मज़बूती के साथ चुनाव लड़ेगी. उन्होंने 7 विधानसभा के प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए कहा है कि धनबाद से मुख्तार अहमद, राजमहल से जाकिर हुसैन, बोरियो से विपिन किस्कू, पाकुड़ से असराफुल शेख, बहरागोड़ा से कुजबिन्दर सिंह, लोहरदगा से उर्मिला देवी एवं नाला से मुख्तार शेख चुनाव लड़ेंगे. मौके पर प्रदेश सचिव सह कार्यालय प्रभारी दयानंद प्रसाद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे. उन्होंने सभी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी.

इस बाबत धनबाद विधानसभा के प्रत्याशी मुख्तार अहमद ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है, निश्चित रूप से वो इस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और धनबाद विधानसभा की सीट को टीएमसी की झोली में डाल कर झारखंड में ममता दीदी के हाथों को मजबूत करेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### जमुनिया नदी पर पुल का शिलान्यास

**महुदा।** ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल धनबाद की ओर से लोहपिट्टी पंचायत के अंधारी बस्ती स्थित जमुनिया नदी के तट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने नारियल फोड़कर कार्य का शिलान्यास किया. इस संबंध में जिप प्रतिनिधि राजु महतो ने बताया कि यह पुल 6 करोड़ की लागत से बनेगी. जमुनिया नदी पर पुल बनने से महुदा, तेलमच्चो आदि क्षेत्र के लोगों को दुगदा, चन्द्रपुरा जाने में काफी सुविधा होगी. सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने कहा कि पहले लोगों को चंद्रपुरा जाने के लिए बहुत दूर से घूमकर जाना पड़ता था. अब यहाँ के लोगों को चंद्रपुरा क्षेत्र में जाने में काफी सहूलियत होगी.
मौके पर मुखिया सुनिता देवी, नारायण महतो, टेकलाल महतो, दिलिप साव, विजय दास, देवानंद सिंह, उत्तम सिंह, विरू साव, भरत गोप, दिपक सिंह, भरत महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

### ग्रामीण बैंक के कर्मियों को मिलेगी पेंशन

**धनबाद।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों को पेंशन की सुविधा मिलेगी. इसका लाभ अवकाश प्राप्त अधिकारी-कर्मचारियों को भी मिलेगा. इसके लिए आवेदन देना होगा, जिसकी जानकारी झारखंड ग्रामीण बैंक द्वारा दी गई है. वित्त मंत्रालय, केंद्र सरकार के निर्देशानुसार यह निर्णय लिया गया है, जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबीएस) में 1 नवंबर 1993 से लागू किया जाएगा. झारखंड ग्रामीण बैंक के कर्मी जो 31 मार्च 2010 या उससे पहले सेवा में थे या 31 मार्च 2018 तक अवकाश ग्रहण कर चुके हैं, भी लाभ के अधिकारी होंगे. अवकाश प्राप्त, अनिवार्य सेवा निवृत्ति, पद से हटाए गए, सेवा समाप्त किए गए, इस्तीफा या मृत्यु व्यक्तियों के परिजनों को भी इसका लाभ मिलेगा. ऐसे कर्मचारी या उनके आश्रित पेंशन से संबंधित दस्तावेजों के साथ संबंधित बैंकों में आवेदन दे सकते हैं. कुछ शर्तों के साथ पेंशन का लाभ दिया जाएगा.

## श्री अग्रसेन जयंती

# 17 को निकलेगी भव्य निशान शोभा यात्रा

संवाददाता । झरिया



सोमवार को श्री अग्रसेन भवन में मारवाड़ी समाज द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. इस दौरान झरिया के मारवाड़ी सम्मेलन सचिव दीपक अग्रवाल ने बताया कि आगामी 17 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो सुबह 10 बजे श्री श्याम मंदिर से निकल कर पूरे झरिया नगर का भ्रमण करते हुए अग्रवाल धर्मशाला में समाप्त होगी. राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि श्री अग्रसेन जी महाराज का जन्म भगवान राम के कुल में आज से 5149 वर्ष पहले अग्रोहा में हुआ था. उनकी शादी नाग कन्या से हुई थी जिनका नाम महारानी माधवी था. उन्होंने अपने राज्य में आने वाले सभी नागरिकों को एक रुपया और एक ईट, सभी नागरिकों से दिलवाते थे एवं राज्य की ओर से जमीन दे कर उन्हें आजीवन चलने की व्यवस्था की जाती थी. उन्होंने कहा था कि तुम अपने अगल बगल रहने वालों की चिंता करो तुम्हें अपनी चिंता करने की जरुरत नहीं है. समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखो, माँ लक्ष्मी की कृपा तुम पर बनी रहेगी. आज उनके बताये मार्ग पर चल कर ही समाज के द्वारा स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, मंदिर, कुआं एवं समाज हित में बडे-बडे.आयोजन हो रहे हैं. वे उन्हीं के बताये हुए मार्ग पर चल कर संभव हो रहे है. आज जो समाज वाद की बात करते हैं, उन्होंने समाजवाद अपने राज्य में लागु करवा कर के बताया है. आज अग्रवाल समाज में जो सम्पन्नता है वो भी उन्हीं के आशीर्वाद से है. पूरे विश्व में उनकी बात आज भी होती है. समाज के अंतिम व्यक्ति का भी ख्याल रख कर उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहिए. उन्हीं के जन्मदिवस के शुभअवसर पर दिनांक गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा. जो श्याम मंदिर से सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर अग्रवाल धर्मशाला पहुंचेगी फिर, सामूहिक सहभोज का आयोजन किया गया है. संध्या 05 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में किया गया है. साथ ही राजस्थानी जायके के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा. मौके पर मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, विनोद मोदी, विनोद अग्रवाल, सत्यनारायण भोजगढ़िया, महेश जालुका, दीपक अग्रवाल, अमित अग्रवाल,अनूप लिल्हा आदि लोग मौजूद थे.

# महुदा के श्रेष्ठ नगर में एएनएम के घर लाखों की चोरी

## नगद, जेवरात के साथ घर की टीवी भी ले गए चोर



संवाददाता । महुदा

महुदा थाना क्षेत्र के श्रेष्ठ नगर निवासी एएनएम सुनिता देवी के बंद घर में अपराधियों ने ताला तोड़कर एक लाख नगद सहित तीन लाख सामान चोरी कर ली. सोमवार की संध्या घर के लोग जब छुट्टी मनाकर लौटे तो देखा कि दरवाजा खुला हुआ है. सुनिता देवी ने बताया कि 30 सितम्बर को अपने पुत्र, पुत्रवधु एवं पोता-पोती के साथ बेटी के ससुराल रांची गयी थी. 14 अक्टूबर की शाम को जब अपने घर लौटी तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है. घर के अन्दर जाकर देखा तो लॉकर का ताला टूटा हुआ है. जिसमें रखा एक लाख रूपया नगद, लगभग तीन लाख का जेवरात सहित तीस हजार रूपये का नया कपड़ा गायब है. इसके अलावे एक एलईडी टीबी जिसकी कीमत बीस हजार रुपये है. वो भी चोर ले गये. सुनिता देवी ने महुदा थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की है. शिकायत के बाद महुदा पुलिस जांच पड़ताल कर रही है.

# मजदूर नेता नगीना पासवान को दी गई श्रद्धांजलि



संवाददाता । धनबाद

मजदूर नेता नगीना पासवान की 22 वीं पुण्यतिथि मनाई गई. इस दौरान लोजपा के जिलाध्यक्ष दिलीप पासवान व महिला प्रकोष्ठ की आशा राय पासवान और कृष्णदेव पासवान ने कहा कि धनबाद की धरती पर नगीना पासवान ने मजदूरों को लेकर बहुत लड़ाई लड़ीं, उस लड़ाई में स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह ने भी उन्हें मजदूरों का नेता मानकर उनके साथ समझौता किया था. उन्होंने मजदूरों को रोजगार दिया और रहने के लिए बस्ती बसाने का काम किया. सभी लोगों स्वर्गीय नगीना बाबू के नाम से जाने जाते हैं. कोयलांचल ही नहीं पूरे राज्य में उनका नाम सम्मान के साथ लिया जाता है. कार्यक्रम के दौरान मजदूर नेताओं के साथ-साथ मजदूरों ने भी उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

# राजगंज : कब्र से छेड़छाड़ में दो युवकों से पूछताछ

संवाददाता । राजगंज

राजगंज थाना क्षेत्र के बाइपास रोड स्थित कब्रिस्तान में दफन एक किशोरी (14) की कब्र के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए एक समुदाय के लोग उग्र हो गए. आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर राजगंज सड़क को आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर थाना गेट पर जमकर हंगामा किया.घटना से उग्र लोग आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर पुलिस पर दबाव बनाने लगे.इधर मामला उग्र होता देख कई थानों की पुलिस समेत बाघमारा डीएसपी भी मौके पर पहुंचे.घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजगंज थानाकुली में शनिवार को एक किशोरी की मौत हो गई थी.मौत के बाद किशोरी के शव को कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया था. इधर रविवार को युवती के परिजन व कुछ गांव के लोग कब्रिस्तान पर दफन युवती के कब्र पर अगरबत्ती जलाने पहुंचे थे. इसी दौरान देखा कि कब्र खुदा हुआ है और मिट्टी भी हटी हुई है. ऐसा प्रतीत हुआ कि कब्र के साथ छेड़छाड़ की गई है. मौके पर राजगंज गली कुली के दो युवक वहां पहुंचे थे. कब्र के पास टार्च भी पाया गया है. इस संदेह के आधार पर मृतक के परिजनों ने आरोप लगाते हुए उक्त दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया. यह घटना जंगल की आग की तरह फैल गई,इसके बाद किशोरी के परिजनों के साथ भारी संख्या में लोग दोनों युवकों पर कार्रवाई की मांग को लेकर थाना गेट पर हंगामा करते हुए सड़क जाम कर दिया. ग्रामीणों का आरोप है कि इन्हीं युवकों द्वारा उक्त युवती के कब्र के साथ छेड़छाड़ की गई है. स्थानीय पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विफल रहे. बाद में एक समुदाय के कुछ नेता भी पहुंचे लेकिन मामला शांत नहीं हुआ. डीएसपी के समझाने के बाद आक्रोशित लोग सड़क जाम से हट गया. फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है. बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बताया कि कब्रिस्तान में दफन युवती के शव के साथ छेड़छाड़ का मामला आया हुआ, पुलिस मामले को जांच कर रही है. शक के आधार पर पुलिस दो युवकों हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. आरोप सत्य मिले तो दोनों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

# मनसु महतो की 9वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

संवाददाता । महुदा



झारखंड आंदोलनकारी व शिवाजी समाज के अग्रणी नेता स्व० मनसु प्रसाद महतो के 9वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को कपुरिया मोड़ में एक श्रद्धांजली सभा आयोजित कर उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया. इस अवसर पर सर्वप्रथम उनके स्वजनों ने स्व०महतो के प्रतिमा पर दूध,पुष्प, धूप चढ़ाकर पूजा अर्चना किया. तत्पश्चात विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, स्वंयसेवी संगठन, समाजसेवी सहित आंदोलन से जुड़े लोगों ने पुष्प देकर श्रद्धासुमन अर्पित किया. वक्ताओं ने कहा कि स्व०महतो शिवाजी समाज के साथ जुड़कर उन्होंने झारखंड आंदोलन में अपना सक्रिय योगदान दिया. मजदूर किसान की हक की लड़ाई में उनकी कई उपलब्धी है, जिसे आज भी लोग याद करते हैं. इस दौरान झारखंडी कलाकारों के द्वारा विविध प्रकार के रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में कुड़माली झूमर एवं खोरठा लोकगीत में झारखंडी सभ्यता-संस्कृति का बेहतरीन समागम हुआ. कार्यक्रम का संचालन स्व० मनसु महतो के पुत्र संजीव कुमार महतो व सदानंद महतो ने किया. मौके पर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, मुखिया ममता देवी, प्रतिनिधि दिनेश महतो, प्रमोद महतो, राकेश महतो, शिव प्रसाद महतो, हराधन सिंह, रंजीत सिंह, विकास महतो, संतोष गोप, बहादुर महतो, पवन महतो, सुरेश कुमार रजक, तिलकेश्वर महतो, गणेश महतो, सुरेंद्र महतो सहित दर्जनों लोग सभा में शामिल हुए.

## आसनसोल

# शीतलपुर : दामोदर नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

- सिविल डिफेंस की मदद से निकाले गए शव

संवाददाता । सांकतोड़िया



शीतलपुर स्थित दामोदर नदी में स्नान करने के दौरान डूबे दो युवकों का शव सोमवार को सिविल डिफेंस की सहायता से नदी से निकाल लिया गया. दोनों युवक दोस्त थे और विगत कई दिनों से नदी स्नान के लिए जाया करते थे. पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया. पुलिस के अनुसार मृत युवकों में एक सोदपुर वर्कशॉप का रहने वाला अंश कुमार जबकि दूसरा झारखंड के रांची के रहने वाला 24 वर्षीय किशन यादव था. जानकारी के अनुसार रविवार को किशन यादव और अंश कुमार शीतलपुर 4 नंबर स्थित दामोदर नदी में स्नान करने गए. जहां स्नान करने के दौरान वे दोनों नदी में डूब गए. इसकी खबर स्थानीय पुलिस तथा सिविल डिफेंस को मिली. सूचना मिलते ही वे घटना स्थल पर पहुंच कर खोजबीन शुरू कर दिया. नदी का पानी मटमैला होने के कारण उन्हें देर रात तक कोई सफलता नहीं मिली. रात को शव निकाला नहीं जा सका पर सोमवार सुबह होते ही दोनों शवों को सिविल डिफेंस के कर्मियों ने ढूंढ निकाला. मृतकों में रांची का रहनेवाला किशन यादव पोस्ट ऑफिस में काम करता था. जबकि अंश कुमार सोदपुर वर्कशॉप का रहने वाला था. बताया जाता है कि किशन यादव और अंश कुमार दोनों दोस्त थे. पिछले 3 दिनों से शीतलपुर स्थित दामोदर नदी में स्नान करने जाया करते थे. इस बीच रविवार को स्नान करने के दौरान दोनों दामोदर नदी में डूब गए.

### सीएमपीडीआई श्रमिक की सड़क हादसे में मौत

**सांकतोड़िया।** सड़क हादसे में सीएमपीडीआई के एक श्रमिक की मौत हो गई . पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त रंजीत नोनिया (42) के रूप में हुई है . वह नितुरिया थाना क्षेत्र के पारबेलिया हॉट तल्ला का रहने वाला था . घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि शनिवार सुबह रंजीत नोनिया मोटरसाइकिल से ड्यूटी के लिए सीएमपीडीआई आसनसोल जा रहा था . इसी बीच धेमोमेन के पास पीछे से एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया . जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया . पुलिस की सहायता से उसे आसनसोल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया .

# सोदपुर क्षेत्र के दुबेश्वरी कोलियरी में ट्रेड यूनियन का विरोध प्रदर्शन

संवाददाता । सांकतोड़िया



ईसीएल सोदपुर क्षेत्र की दुबेश्वरी कोलियरी गेट पर सोमवार को दुबेश्वरी कोलियरी बचाओ कमिटी के तत्ववाधान में जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया गया. उल्लेखनीय है कि पूजा के दौरान थमा आंदोलन एक बार फिर शुरू हो गया है. जानकारी के अनुसार सोमवार को कमिटी द्वारा दुबेश्वरी कोलियरी क्षेत्र में जुलूस निकालकर कर परिक्रमा की गई तत्पश्चात कोलियरी गेट पर सभा गेट पर जमकर नारेबाजी की गई. उपस्थित सभी एमडीओ मोड दूर हटो. एडीओ मोड बातिल कोरते होबे, निजीकरण रद्द करना होगा, आदि के जमकर नारे लगाये गए. कार्यक्रम का नेतृत्व शांतिभूषण प्रसाद यादव ने किया. मौके पर उपस्थित थे ट्रेड यूनियन नेता तेजनारायण राम, जय प्रकाश महतो, शुभजीत धीबर, कोलियरी वर्कर आदि उपस्थित रहे. अपने संबोधन में शांतिभूषण प्रसाद यादव ने कहा कि हमें टेंशन था कि दुर्गापूजा के समय प्रबंधन कोलियरी को निजीकरण कर देगा. धन्यवाद हमारे बांकुड़ा के सांसद अरूप चक्रवर्ती को, हमें कोलियरी में निजी प्रवेश ना कर जाए इसके लिए हमें पहरा नहीं देना पड़ा. क्योंकि उन्होने तुरंत कदम उठाया और प्रबंधन को पत्र दिया. उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में हमारे सांसद और जामुड़िया विधायक हरेराम सिंह ने स्पष्ट किया है कि किसी भी कीमत पर कोलियरी को निजीकरण नहीं करने दिया जाएगा. कोल और स्टिल के लिए गठित हमारी कमिटी के शत्रुघ्न सिन्हा भी सदस्य हैं. 9 तारीख को दिल्ली में हुई बैठक के समय शत्रुघ्न सिन्हा ने मुझसे सारे कागज मांगे थे उन्हें मैंने सारे कागज पत्र सौंप दिए हैं. उन्होंने कहा कि मैं इसे लेकर बातचीत करूंगा. सांसद अरूप चक्रवर्ती ने कहा है कि 14 अक्टूबर तक मुझे फुर्सत नहीं है.

# अखाड़ा दास पाड़ा में आयोजित खेल में जघन्य हत्या की दिखाई झलक

संवाददाता । बराकर



बराकर में श्री श्री महावीर अखाड़ा दास पाड़ा में आयोजित इस वर्ष के खेल में एक अदभुत झलक दिखाई गई. इसमें कोलकाता के आरजी कर कॉलेज अस्पताल में महिला चिकित्सक की जघन्य हत्या को दर्शाया गया. अखाड़ा के सचिव प्रेमदेव दास ने बताया कि हमारे अखाड़ा के सभी सदस्यों द्वारा प्रत्येक वर्ष एक झांकी लोगों के सामने पेश की जाती है, जिसमें देश के जलते हुए मुद्दों पर आधारित थीम को चुनकर समाज के सामने रखा जाता है. इनमें शिक्षा, देश प्रेम, आतंकवाद जैसे मुख्य विषय शामिल हैं. इस वर्ष देश के सबसे बड़े मुद्दे - चिकित्सकों से जुड़े मुद्दे को लेकर कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विगत दो महीने पहले एक महिला चिकित्सक की जघन्य हत्या को लेकर लगातार आंदोलन जारी है. इस थीम को चुनकर सभी युवा खिलाड़ियों ने अखाड़ा में इस बात को दर्शाया कि इस प्रकार की हत्या करने वालों को फांसी की सजा की मांग की जानी चाहिए. तख्तियों के साथ देवी दुर्गा के काल्पनिक मूर्ति के सामने इंसाफ की मांग करते हुए दर्शाया गया. इस नाटक मंचन को देखने के लिए दर्शकों का अपार जनसमूह उमड़ पड़ा. लोगों ने जोरदार तरीके से खिलाड़ियों का स्वागत किया.

# एसएसकेएम अस्पताल में मारपीट, युवक घायल

संवाददाता। कोलकाता



कोलकाता में बंगाल सरकार के एसएसकेएम अस्पताल के ट्रामा केयर विभाग में फिर मारपीट की घटना हुई. इस बार यहां इलाज कराने के लिए पहुंचे एक युवक को कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया. घटना भी उस जगह पर हुई जहां जूनियर चिकित्सकों का एक समूह सरकारी चिकित्सा केंद्रों में कड़े सुरक्षा उपायों समेत 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठा है. एसएसकेएम अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ ट्रामा सेंटर आया था, इसी दौरान करीब 15 लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया. कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मारपीट की घटना दो गिरोहों के बीच हुई है. जब एक गिरोह का सदस्य इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा उसी समय दूसरे गिरोह के सदस्य भी वहां पहुंच गए. उन्होंने ही युवक को बुरी तरह से पीटा. अस्पताल के अधिकारी ने कहा कि एक अन्य मरीज के रिश्तेदार को भी गिरोह के सदस्यों ने हॉकी, लोहे की छड़ों और चेन से पीटा.

# बराकर में मां दुर्गा की विदाई छऊ नृत्य ने मोहा लोगों का मन

संवाददाता । बराकर



बराकर के बैगुनिया स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा मूर्ति का विसर्जन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया. इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर लगाया और उनकी बिदाई की. वहीं, महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में सिंदूर खेला कर आनंद उठाया गया. मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुरुलिया के छाऊ नृत्य ने आकर्षक का केंद्र बंद कर दिया. लगभग एक घंटे तक बैगुणिया मोड चौराहे पर छाऊ नृत्य के कलाकारों ने अपनी लोक संस्कृति नृत्य का आयोजन कर सभी को लुभाया. जिसे देखने के लिए सड़क के दोनों ओर दुकानों के ऊपर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए. वहीं, मंदिर कमिटी के सदस्यों द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-झूमते मां की बिदाई दी गई.

## ब्रीफ खबरें

### गावां में 3 वारंटी गिरफ्तार, गए जेल

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना की पुलिस ने छापामारी अभियान चला कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में गावां थाना कांड संख्या 105/24 के प्राथमिकी अभियुक्त अंबासखुआ निवासी अंकित कुमार व शिरोमणि यादव तथा डाबर निवासी महेश महतो शामिल हैं. महेश महतो गावां थाना में कांड संख्या 53/1989 का स्थायी वारंटी है. तीनों को कागजी प्रक्रियास पूरी कर सोमवार को जेल भेज दिया गया. थाना प्रभारी महेश चंद्र ने तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि तीनों लंबे समय से फरार चल रहे थे.

### जनता दरबार में 42 मामलों पर हुई सुनवाई

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार सोमवार को उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की. आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी. इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 42 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं, शिकायतों पर सुनवाई किया. साथ ही संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया. इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया. जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, कृषि ऋष्ण माफी, स्थापना शाखा, अबुआ आवास, राजस्व संबंधित विवाद, श्रम विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे. मौके पर जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे.

### नए जिला शिक्षा अधीक्षक ने लिया चार्ज



**साहिबगंज।** सोमवार को ज़िला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में नए ज़िला शिक्षा अधीक्षक डॉक्टर दुर्गा नंद झा ने अपना योगदान दिया. इस अवसर पर पदाधिकारी व कर्मचारियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया. वहीं डीईओ के रूप में योगदान के बाद डॉक्टर दुर्गा नंद झा ने कहा कि ज़िले में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का भरपूर प्रयास करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि साहिबगंज जिला एक से दस के बीच रैंक में रहेगा. शिक्षा के क्षेत्र में ज़िले को आगे बढ़ाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी. उन्होंने यह भी कहा कि जो शिक्षक नियमित विद्यालय नहीं जाते हैं, उनपर कड़ी नजर रहेगी. उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय व कार्यालय में समय सीमा का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा. इस मौके पर एडीपीओ, एपीओ, एसडीओ, लक्ष्म प्रसाद यादव सहित अन्य मौजूद थे.

# गावां में मां दुर्गा को दी गई नम आंखों से विदाई

## महिलाओं ने सिंदूर लगा मांगा अखंड सुहाग, ढाक की थाप पर जमकर नृत्य

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**



गावां प्रखंड मुख्यालय में दुर्गोत्सव के समापन के बाद सोमवार को मां दुर्गा व अन्य प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया. श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी. गावां बाजार स्थित काली मंडा में सुहागन महिलाओं ने सिंदूर खेलकर मां दुर्गा को विदाई दी. माता रानी को सिंदूर लगाकर अखंड सुहाग का आशीर्वाद मांगा, इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाया. ढाक की थाप पर नृत्य कर मां को विदाई दी. पूजा कमेटी के अध्यक्ष टिकैत भवानी सिंह ने बताया कि भक्तों को माता रानी का इंतजार साल भर रहता है. मां को विदाई देते समय थोड़ा दुख तो होता ही है, लेकिन खुशी इस बात की रहती है कि मां अगले साल फिर आएंगी. उन्होंने माता रानी से अपने परिवार के साथ ही पूरे गावां के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की.

ललित पांडेय ने बताया कि काली मंडा में पूरे नौ दिनों तक पूरे उत्साह और उमंग के साथ मां की पूजा की गई. विसर्जन शोभायात्रा में माता रानी के जयकारे से वातावरण गुंजायमान रहा. ढाक-ढोल की थाप भक्ति का संचार कर रही थीं.

### शांतिपूर्वक संपन्न हुआ त्योहार, पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद



**कथारा।** जारंगडीह में भी हर्षोल्लास व धूमधाम से दशहरा मनाया गया. दस दिनों तक चलने वाला माँ दुर्गा की पूजा का त्योहार दशहरा शांतिपूर्वक संपन्न हो गया. सोमवार की संध्या जारंगडीह पूजा समिति द्वारा गाजे बाजे के साथ माता की प्रतिमा को विदाई देते हुए नम आंखों से विसर्जित कर दिया. विदाई में जारंगडीह पूजा पंडाल में काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तों का जुटान हुआ. जहां परम्पराओं के अनुसार महिलाओं ने सिंदुर खेला भी खेली और गगनभेदी जयकारे लगाए. इससे पूर्व विजयादशमी के मेला में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और लोग पूरे परिवार के साथ मेला का आनंद उठाते हुए नज़र आये. वहीं पूजा पंडालों में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही. पुलिस प्रशासन के चौकसी से मेला का आयोजन शांति-व्यवस्था के साथ सम्पन्न हुआ.

# मेला देखने गई नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

## पुलिस ने तीन आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खास बातें**

- पीड़िता की मां ने रविवार को दर्ज कराई प्राथमिकी
- पुलिस ने 24 घंटे में सभी आरोपी को किया गिरफ्तार

**संवाददाता। ललमटिया**

मेला देखने गई नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के तीन आरोपियों को घटना के चौबीस घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया. घटना बीते शनिवार की देर संध्या बोआरीजोर थाना क्षेत्र की है. घटना की जानकारी पीड़िता की मां द्वारा रविवार को बोआरीजोर थाना में दिए जाने के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ महगामा के नेतृत्व में बोआरीजोर थाना प्रभारी विजय कुमार केरकेट्टा की टीम ने घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया. घटना में शामिल तीनों युवक राकेश टुडू (20), पिता साहेब टुडू, उमेश टुडू (20), पिता स्व ताला कोड़ा टुडू एवं जोहान बेसरा (30), पिता लियुस बेसरा को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. बाद में सभी को जेल भेज दिया गया. पुलिस टीम में थाना प्रभारी के अलावा पुलिस निरीक्षक बोआरीजोर बिरेंद्र पासवान, पुलिस निरीक्षक महगामा उपेंद्र कुमार महतो, पुअनि आनंद कुमार साहा, अंकित कुमार झा, रोमा कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे.

# सुरक्षा गार्डों ने 4 घंटे कोयला ढुलाई कार्य को किया बाधित

## एचपीसी दर से भुगतान की मांग, वार्ता के बाद टूटा जाम



**संवाददाता। ललमटिया**

ईसीएल की राजमहल परियोजना अंतर्गत ललमटिया कोयला खदान में कार्यरत ठेका कंपनी के सुरक्षा गार्डों ने एचपीसी दर से भुगतान करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. मामला आरसीएमएल बिरला में कार्यरत एसआईएस सिक्योरिटी गार्डों से जुड़ा हुआ है. सुरक्षा गार्डों ने पूर्व से चली आ रही हाई पावर कमेटी (एचपीसी) दर से कंपनी द्वारा भुगतान करने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदर्शन किया. बाद में राजमहल परियोजना के जीरो प्वाइंट स्थित लोडिंग प्वाइंट पहुंच कर कोयला ढुलाई कार्य को बाधित कर दिया. जाम की सूचना पर ईसीएल के पदाधिकारी तथा ललमटिया थाना की पुलिस व सीआइएसएफ के अधिकारी जाम स्थल पर पहुंचे और जाम कर रहे एसआइएस गार्ड को समझाने का प्रयास किया. मौके पर झामुमो नेता सह सांसद प्रतिनिधि मानस दत्ता भी जाम स्थल पर पहुंचे और ईसीएल प्रबंधन और एसआइएस गार्ड के बीच मध्यस्थता करते हुए वार्ता कराया. दोनों पक्षों के बीच हुए वार्ता के आलोक में निर्णय लिया गया कि हाई पावर कमेटी का भुगतान करने को लेकर प्रबंधन के साथ मंगलवार की शाम चार बजे राजमहल परियोजना के एरिया कार्यालय में एसआइएस गार्ड की उपस्थिति में वार्ता होगी. इस आशय का आश्वासन मिलने के बाद जाम को तोड़ा गया. जाम सोमवार की सुबह छह बजे से दस बजे लगभग चार घंटा तक कोयला ढुलाई का कार्य बाधित रहा.

वार्ता में ओसीपी मैनेजर ओपी चौधरी, एपीएम संदेश एस बडाडे, ईसीएल के सुरक्षा अधिकारी दिनेश ओझा के अलावा एसआइएस के गार्ड उपस्थित थे.

# मनरेगा के लोक पाल ने किया विभिन्न योजनाओं का डोर टू डोर निरीक्षण



**संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)**

मनरेगा लोक पाल तमन्ना प्रवीण ने सोमवार को जमुआ प्रखंड के फतहा पंचायत के विभिन्न गांवों में मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा से संचालित बिरसा मुंडा आम बागवानी, बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण, अबुआ आवास, पशु शेड, डोभा, टीसीबी आदि योजनाओं का डोर टू डोर निरीक्षण किया. मौके पर लोकपाल तमन्ना प्रवीण ने उक्त पंचायत के ग्राम डोंगोडीह में त्रिवेणी यादव एवं मनीष कुमार का बिरसा मुंडा आम बागवानी का निरीक्षण की. जहां उन्होंने उपस्थित लाभुकों को नियमित रूप से बागवानी का साफ सफाई एवं बड़े-बड़े पेड़ में एस टेका लगाने, बागवानी के चारों दिशाओं में टूटे हुए गेंबियन को दुरुस्त करने आदि का निर्देश दिया गया.

वहीं फतहा में शबनम खातून का अबुआ आवास का निरीक्षण की. जहां लाभुक को शीघ्र ही आवास पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया.

इसके अलावे खरियोडीह में अरुण सिंह के बागवानी का भी निरीक्षण कर कई निर्देश दिया.

निरीक्षण के पश्चात पंचायत सचिवालय में विभिन्न योजनाओं का अभिलेख एवं सेवन रजिस्टर सहित विभिन्न पंजियों का भी निरीक्षण किया. उन्होंने पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को सभी तरह के पंजियों को नियमित रूप से अपडेट रखने का निर्देश दिया. मौके पर पंचायत सचिव ओंकार देव, रोजगार सेवक सुरेश वर्मा सहित कई वार्ड सदस्य एवं लाभुक व मेठ उपस्थित थे.

# 1990 बैच के दोस्तों का जायका रिसोर्ट में भावपूर्ण रीयूनियन



**संवाददाता। बोकारो**

दशकों पुरानी दोस्ती को फिर से जीवित करने के लिए 1990 बैच सेक्टर 2/C हाई स्कूल के दोस्तों ने जायका रिसोर्ट चास में एक रीयूनियन आयोजित की गई. इस अवसर पर दिल्ली, बेंगलोर, फरीदाबाद, पटना, रांची, पुणे, मुम्बई व देश के कोने-कोने से आए दोस्तों ने एक दूसरे के साथ मीठी यादें बांटी और पुराने दिनों को याद किया.

इस अवसर पर सभी ने खूब मस्ती व धमाल की. उन्होंने अपने पुराने दिनों की यादें ताजा की और एक दूसरे के साथ हंसी-मजाक किया. रीयूनियन के दौरान, दोस्तों ने अपने जीवन के अनुभवों और उपलब्धियों के बारे में चर्चा की. उन्होंने एक दूसरे को अपने परिवार और करियर के बारे में अपडेट किया.

शशि ने कहा कि आने वाले वर्षों में भी ऐसे आयोजन करने का निर्णय लिया गया. री यूनियन आयोजन में अनूप, नीलू, जय बिसुण, संजीव, हेमंत, रोहित, संतोष झा, ऋषिकेश चौधरी, मंगल चरण, ओम प्रकाश पाठक, सूरज मिश्रा, जीतेन्द्र पाण्डेय, अनिरुद्ध राय, राजेश गोप, राजेश श्रीवास्तव, सुदीप सिन्हा, नन्द किशोर, नितेश, अजय पोद्दार, रविश, मंटू, धर्मदेव, सिद्धार्थ सिंह चौहान, शशि, कृष्णा, दीपक आदि शामिल थे.

# सदर अस्पताल का वेबसाइट जारी होने से मरीजों को होगा लाभ : मोनिका

**संवाददाता। साहिबगंज**



सदर अस्पताल के स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी के लिए जल्द ही एक वेबसाइट जारी किया जाएगा. यह प्रस्ताव सोमवार को सदर अस्पताल के वेयर हाउस में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में ली गई है. समिति के अध्यक्ष मोनिका किस्कु ने कहा कि अस्पताल का वेबसाइट जारी होने से लोगों को घर बैठे अस्पताल के बारे में कई जानकरी मिल सकेगी. इसे जल्द ही लागू करने की बात कही गई है. बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोनिका किस्कू ने की. बैठक के दौरान समिति ने अस्पताल की बिगड़ी व्यवस्था पर काफी नाराजगी जाहिर की. समिति के अध्यक्ष ने कहा कि आये दिन सदर अस्पताल में डॉक्टर ड्यूटी से नदारत समेत कई मामले देखने को मिल रही है. इसे लेकर समिति इसमें सुधार करने का निर्देश दिए हैं. जबकि नदारद पाए जाने वाले डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी पर किये गए कार्रवाई का रिपोर्ट करने का भी निर्देश दिए हैं. वहीं बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने सदर अस्पताल के स्वास्थ व्यवस्था में सुधार को लेकर कई प्रस्ताव पारित किया है. वहीं इससे राजमहल विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार ने बीते शुक्रवार की रात इमरजेंसी में डॉक्टर सचिन कुमार नदारद रहने का मामला उठाते हुए कार्रवाई की बात कही. इसके अलावा डॉक्टर की कमी समेत कई मामले को उठाया गया है. इसके अलावा इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन व रख रखाव योजना के तहत सदर अस्पताल के लिए अनाबद्ध निधि से प्राथमिकता के अनुरूप कार्य कराने का निर्देश दिए गए हैं. इसके अलावा रक्त केंद्र में आवश्यक मशीन की खरीदारी करने, दवा, उपकरण व सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने व रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों की ड्यूटी कराने समेत प्रस्ताव पारित किया गया है. इस मौक़े पर सिविल सर्जन सह सचिव डॉ. प्रवीण संथालिया, डीएस डॉ. मोहन मुर्मू, प्रशासनिक डीएस डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. विजय कुमार, क्लर्क मुकेश कुमार सिन्हा, प्रवीण सक्सेना आदि थे.

# 108 एम्बुलेंस के चालकों को 3 माह से नहीं मिला वेतन, सीएस को दिया आवेदन



**संवाददाता। साहिबगंज**

सोमवार को 108 एम्बुलेंस के तहत ज़िले में कार्यरत ईएमटी व ड्राइवर्स का जेड एचएल कंपनी पिछले 3 माह से वेतन नहीं दे रही है. इससे कर्मियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है. दर्जनों कर्मियों ने सिविल सर्जन कार्यालय पहुंच कर वेतन दिलाने की मांग को लेकर आवेदन दिया. कर्मियों ने बताया कि जेडएचएल कंपनी ने उन्हें 2023 जुलाई और अगस्त जबकि जीवीके ईएमआरआई कंपनी ने उन्हें सितंबर 2024 का वेतन नहीं दिया है. जीवीके ईएमआरआई कंपनी का टेंडर अगस्त 2024 में समाप्त हो गया है. जबकि उक्त कंपनी ने अभी तक जॉइनिंग लेटर भी नहीं दिया है. टेंडर लेने वाली नई कंपनी रजिस्ट्रेशन के नाम पर मनमानी रकम मांगती है. पीएफ व ईएसआईसी की सुविधा भी उन्हें नहीं मिल रही है. कोरोना काल में की गई ड्यूटी का भुगतान भी अभी तक नहीं मिला है. पिछली कंपनी से वेतन मांगने पर एनआरएचएम से भुगतान नहीं होने की बात कहती है. कर्मियों ने बकाया वेतन भुगतान करने, एनएचआरएम से उन्हें स्थायी करने व एनआरएचएम से ससमय वेतन भुगतान करने की मांग की. मांगें पूरी नहीं होने पर कर्मियों ने 14 अक्टूबर रात्रि 8 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है. मौके पर नीलेश कुमार सिंह, माणिक मंडल, योगेश, राजू ठाकुर, रीना कुमारी, मो राशिद, अशोक, पवन, चंचला हांसदा सहित अन्य मौजूद थे.

## आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी रेस

# डिस्पैच, प्रशिक्षण सेंटर का डीईओ सह डीसी ने किया निरीक्षण

**संवाददाता। बोकारो**



आगामी झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर डिस्पैच सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर के रूप में चिन्हित सेक्टर 8 स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल एवं 02 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल, कला केंद्र का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को निरीक्षण किया. मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, निर्वाची पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, निर्वाची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी पियूष, कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो, मीडिया कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे.

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रम वार हाई स्कूल के विभिन्न कमरों का जायजा लिया. संबंधित पदाधिकारियों से विचार – विमर्श कर विभिन्न कमरों को विधान सभावार चिन्हित किया. सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग संचालन को लेकर कमरों को चिन्हित किया. साथ ही मतदान कर्मियों के डिस्पैच के दिन विधान सभावार कर्मियों के प्रवेश–निकासी, विधान सभावार वाहन पड़ाव, भोजन आदि के स्टाल को लेकर क्षेत्र का भी निर्धारण किया. उन्होंने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को पूरे डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल का ले आउट तैयार करने, विधान सभावार कमरों के निर्धारण एवं निकासी– प्रवेश द्वार को दर्शाने का निर्देश दिया. सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी को ले आउट अनुरूप साइन बार्ड लगाने का निर्देश दिया.

वहीं, सेक्टर 02 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल, कला केंद्र का भी निरीक्षण किया. ट्रेनिंग सेंटर के रूप में चिन्हित विद्यालय सभागार, कमरों का जायजा लिया. मतदान कर्मियों के पोस्टल बैलेट से मतदान के संबंध में तैयारियों को पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी को जरूरी दिशा–निर्देश दिया. प्रशिक्षण कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह डीईओ जगरनाथ लोहरा को पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री का प्रशिक्षण तालिका जारी कर प्रशिक्षण शुरू करने का निर्देश दिया. इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी निरीक्षण क्रम में जरूरी दिशा–निर्देश दिया.

# सहायक अवर निरीक्षकों को रैंक का प्रतीक चिन्ह लगाया



**संवाददाता। बोकारो**

सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला क्षेत्र बोकारो के कार्यालय प्रांगण में साक्षर आरक्षी से नव प्रोन्नत प्राप्त कुल 112 सहायक अवर निरीक्षक में से 80 सहायक अवर निरीक्षकों को पिपिंग समारोह में उनके रैंक का प्रतीक चिन्ह लगाया गया. इस समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक कोयला क्षेत्र बोकारो सुरेंद्र कुमार झा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अनिमेष गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन एवं सार्जेंट मेजर जॉय प्रभाकर लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे. इन सबों ने नव प्रोन्नत प्राप्त सहायक अवर निरीक्षकों को उनके रैंक का प्रतीक चिन्ह लगाया. इस मौके पर बोलते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक निरीक्षक कोयला क्षेत्र बोकारो सुरेंद्र कुमार झा ने सभी नव प्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

# कुछ गंभीर सवाल

प्रगति और विकास के तमाम दावों के बीच आखिर ऐसा क्या है कि अनेक ग्लोबल मानदंडों पर भारत के आम जन की आर्थिक हालत कई सवालों को पैदा करती है. हाल ही में जारी ग्लोबल हंगर इंडेक्स ने भारत के नीतिकारों को समाने एक नयी चुनौती पेश कर दिया है. इस इंडेक्स के अनुसार यानी भुखमरी के शिकार लोगों की जनसंख्या की 2024 की लिस्ट में इस साल भारत 127 देशों में 105वें नंबर पर है. वहीं नेपाल 68, श्रीलंका 56 और बांग्लादेश 84वें नंबर पर हमसे आगे हैं सिर्फ़ पाकिस्तान 109 वें रैंक के आधार पर हमसे भी पीछे है. इन आंकड़ों का राजनीति पर असर पड़ना तय है क्योंकि दो राज्यों में जल्द ही चुनाव का एलान होना है. इस इंडेक्स में भारत 2014 में 55वें रैंक पर था लेकिन एक दशक बाद वह 105 रैंक पर क्यों और कैसे पहुंच गया है, इसकी छानबीन जरूरी है. आखिर आर्थिक नीतियों में कुछ तो ऐसी समस्या है कि ग्रोथ का लाभ सभी नागरिकों को बराबरी से नहीं मिल रहा है. असमानता के ऐसे टापू बन रहे हैं जिसमें भारत की बहुसंख्या बाहर है. इसी इंडेक्स के अनुसार भारत में कुपोषित आबादी 13.7% है और 35.5% बच्चों की हाइट कम है. साथ ही 18.7% बच्चे ऐसे हैं जिनका वजन औसत से नीचे है. 5 साल की उम्र तक जान गंवाने वाले बच्चें की संख्या 2.9% है.

> सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत में सिर्फ मात्र 9.9 फीसदी घरों में ही कंप्यूटर हैं. देश में 15 साल या उससे अधिक उम्र के हो चुके लोगों के बीच स्कूल में समय गुजारने का औसत 8.4 वर्ष बना हुआ है.

दूसरी ओर आवधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट से यह चिंताजनक आंकड़ा भी सामने आया कि भारत में श्रमिकों का विपरीत विस्थापन हो रहा है. यानी बड़ी संख्या में मजदूर गैर-कृषि क्षेत्रों से वापस कृषि क्षेत्र में चले गए हैं. भारत सरकार की इस सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 2018-19 में देश में 42.5 प्रतिशत श्रमिक कृषि क्षेत्र पर आश्रित थे. 2023-24 में यह संख्या 46.1 प्रतिशत हो गई. दूसरी तरफ मैनुफैक्चरिंग एवं कंस्ट्रक्शन में लगभग समान संख्या में 11 से 12 प्रतिशत तक श्रमिकों को काम मिला हुआ है. इन दोनों क्षेत्रों में रोजगारशुदा कर्मियों की संख्या 2018-19 की तुलना में घट गई है. रिपोर्ट के अनुसार 2028-19 के बाद के पांच वर्षों में छह करोड़ 80 लाख मजदूर वापस कृषि क्षेत्र में लौट गए. 2004-05 से 2018-19 के बीच छह करोड़ 60 लाख मजदूर कृषि क्षेत्र से दूसरे क्षेत्रों में काम करने गए थे. उसके बाद जो हालात बने, उसमें बात वापस पहले वाले मुकाम पर पहुंच गई है. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत में सिर्फ मात्र 9.9 फीसदी घरों में ही कंप्यूटर हैं. देश में 15 साल या उससे अधिक उम्र के हो चुके लोगों के बीच स्कूल में समय गुजारने का औसत 8.4 वर्ष बना हुआ है. मतलब यह कि उच्च शिक्षा में आबादी का एक छोटा हिस्सा ही पहुंच पाता है. इन तीन आंकड़ों को ध्यान में रखें, तो अंदाजा लगाना आसान हो जाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का वर्तमान कैसा है और भविष्य की संभावनाएं कितनी मजबूत हैं. कृषि क्षेत्र पर रोजगार की निर्भरता घटना विकास की आम प्रक्रिया का हिस्सा है.

## सुभाषित

**आपूर्यमाणमचलप्रातिष्ठं समुद्रमापः प्राविशन्ति यद्वत्।**
**तद्वत् कामा यं प्राविशन्ति सर्वे स शान्तिमाप्नोति न कामकामी॥**


जो व्यक्ति समय-समय पर मन में उत्पन्न हुई आशाओं से अविचलित रहता है. जैसे अनेक नदियां सागर में मिलने पर भी सागर का जल नहीं बढता, वह शांत ही रहता है. वैसे ही व्यक्ति सुखी हो सकते हैं.

# आमलोग खास से बहुत आगे हैं

**भारतीय राजनीति और विशेष कर चुनावी राजनीति आज जिन ध्रुवों में विभक्त है वह बहुत हद तक विचार का नया विषय बन गया है. राष्ट्रीय हित, समग्र समाज हित, व्यष्टि हित, कुनबा और जाति हित के समक्ष बौने हैं, सोच की सामाजिक परिधि सिमट रही है. पर इसके बीच भी समग्र चिंतन राष्ट्र भाव और नफा नुकसान से ऊपर के चिंतन को स्वरूप देने वाले लोग हैं. हरियाणा चुनाव ने इस विधा को मजबूत किया है.**



• देश-काल



अयोध्यानाथ मिश्र

हरियाणा चुनाव परिणाम को अप्रत्याशित, आश्चर्यजनक और सनसनीखेज बताने वाले विशेषज्ञों एवं टिप्पणीकारों की राजनीतिक एवं चुनावी सोच पर आश्चर्य कम, चिंता अधिक होती है. ऐसा लगता है, अधिकतर बुद्धिजीवी घर बैठे सूचना- संवाद एवं विविध माध्यमों से छनकर आ रही आधी- अधूरी खबरों को, सूचनाओं को जमीनी हकीकत और भौतिक समीक्षा के बिना ही जीत- हार का फार्मूला सेट कर लेते हैं. कुछ तो चुनावी नॉरेटिव से उमड़ी भीड़ को ही वोट समझ लेते हैं. चाहे जो हो, हरियाणा चुनाव ने सिद्ध कर दिया की आम लोग सियासत को समझने में खास लोगों से बहुत आगे हैं !

मई- जून में संपन्न लोकसभा चुनाव में भी यही बात मुखर होकर आई थी कि चाहे जितना ढोल बजा लो ,गीत गालो हम तो अपनी सोच के हिसाब से तुम्हारे मानक को तोड़कर वोट देंगे और दिया भी. मतदाता के लिए मतदान के कई मानक होते हैं. कभी-कभी इसमें क्षेत्रीयता होती है जो मुखर होती है, तो कभी राज्य और देश के मुद्दे प्रमुखता से प्रभावी प्राथमिकता पाते हैं. विचारों, चिंतनो एवं वैचारिक समर्थन -विरोध के बियाबां में जनता की भावनात्मक प्राथमिकताओं को तिरोहित होते देखने की मानसिकता ही है कि सभी चैनलों एवं चुनाव विश्लेषकों ने हरियाणा में बढ़ चढ़कर परिणाम की भविष्यवाणी कर दी. मैं इस मूल्यांकन प्रविधि की आलोचना नहीं करता और न सिरे से इस तकनीक को खारिज करता हूं, पर इतना तो सत्य है कि यह तकनीक आमजन की बात समझने में महारत हासिल नहीं कर पाई है .

इस प्रकार हरियाणा चुनाव परिणाम भविष्य की राजनीति का और संवाद प्रवाह को सचेत भी करता है और नया संदेश संकेत भी देता है. साफ सुनाई पड़ता है कि सारे चुनाव अब जनहित के चारों ओर घूमते दिखाई देंगे तुम हमारे प्रतिनिधि हो यह भाव चुनाव परिणाम से उभर कर जोरदार दस्तक देता है. जनता का अपना समीकरण भी स्पष्ट है. उसे देश की चिंता तो है ही शिक्षा, स्वास्थ्य कृषि, रोजगार आदि सब की परवाह है. इन अपेक्षित चिताओं के इर्द-गिर्द उसके टोले, गांव, नगर, मोहल्ले की राजनीति भी घूमती है. हर मतदाता वह नागरिक है, जिसके अपने कर्तव्य अधिकार और प्रतिबद्धताएं हैं. वह कथनी और करनी के अंतर को ही नहीं समझता अपितु वादे आश्वासनों और घोषणाओं से निकलने वाले संदेश भाव भी पहचानता है. हरियाणा इसका उदाहरण है .

पता नहीं बीजेपी की क्या सोच थी ,वह भी सतही मूल्यांकन के शोर में भ्रमित था पर उसके अलावा सभी राजनीतिक पार्टियां, मीडिया और बुद्धिवादी जमात इस चुनाव परिणाम को चुनाव पूर्व से ही उंगलियों पर गिन रहे थे. इस प्रकरण में विद्वान मंडली ने संघ की भूमिका, समन्वय एवं संपर्क क्षमता पर भी अधिकृत चर्चा शुरू कर दी. 'यह जीत तो संघ, उसके आनुषंगिक संगठनों , स्वयंसेवकों की जमीनी व्यूह रचना और त्याग तपस्या की है. अर्थात भाजपा की जीत के बाद समीक्षाएं सकारात्मक दिखने लगीं. यूं कहें संवाद का केंद्र ही पलट गया. जो लोग सिरे से 10 वर्षों की एंटी इनकंबेंसी, मुख्यमंत्री को चुनाव पूर्व हटा दिये जाने, किसान, जवान, पहलवान तक अपनी चर्चा को केंद्रित रखते थे वही परिणाम के उपरांत प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व, जोगी की जुझारू राजनीतिक पहल और कार्यशैली, पार्टी की कल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों और राष्ट्रवाद का स्पष्ट वादिता तथा आम जन में भाजपा की अहम स्वीकार्यता छलकने लगी. एक बड़े समीक्षक को संघ की कार्य प्रणाली और उसके स्वयंसेवकों की प्रतिबद्धता का भी देर से ही सही आभास हो गया.

भारतीय राजनीति और विशेष कर चुनावी राजनीति आज जिन ध्रुवों में विभक्त है वह बहुत हद तक विचार का नया विषय बन गया है. राष्ट्रीय हित, समग्र समाज हित, व्यष्टि हित, कुनबा और जाति हित के समक्ष बौने हैं, सोच की सामाजिक परिधि सिमट रही है. पर इसके बीच भी समग्र चिंतन राष्ट्र भाव और नफा नुकसान से ऊपर के चिंतन को स्वरूप देने वाले लोग हैं. हरियाणा चुनाव ने इस विधा को मजबूत किया है. इसी के साथ सामंती दादागिरी की राजनीति को भी इस चुनाव ने गंभीर धक्का दिया है. जीत- हार चुनावी रण कर दो पहलू होते हैं पर इस चुनाव ने क्षेत्रवाद के मित्र को तोड़ा हीं तो जातीय खेमे बाजी को भी सीमित किया है. इसी के साथ-साथ अपने-आप ने जमात के सरमायेदार बनने का मिथक भी टूटा है. भाजपा और कांग्रेस को छोड़ किसी दल या मोर्चा को उल्लेख योग्य मत नहीं मिले हैं . चुनाव को बहुत दूर तक प्रभावित करने का दंभ भरने वाले 'आप' को 1.79% तो बहुजन समाज पार्टी को 1.82% वोट मिले. जेजेपी को तो एक प्रतिशत से भी कम मिले. वहीं हरियाणा में बेहतर पहचान रखने वाली आई एन एल डी को 4.14% मतों से संतोष करना पड़ा. बहुमत प्राप्त भाजपा को मतदाताओं ने सत्ता में भेजा है, सीट में बढ़ोत्तरी दी है पर उसका मत प्रतिशत लगभग 40% ही है. वहीं निकटतम प्रतिस्पर्धी कांग्रेस पार्टी को 39.09 प्रतिशत मत देकर जनता ने मजबूत विपक्ष की राह दिखाई है .

आज लोग भारत के सर्वतोमुखी मुखी विकास में अपना समग्र विकास निहारते हैं. तेज आर्थिक वृद्धि की इस विकास यात्रा में आर्थिकता केवल सरकारी नहीं है, देश के 140 करोड़ आम जनकी है. लोग अपने हिस्से का भविष्य घर से देखना चाहते हैं. वे चाहते हैं सबके विकास में अपना विकास. यह सत्य है कि समाज जीवन के समक्ष अनेक समस्याएं हैं, उनकी अलग-अलग अनुभूति है, किसान नौजवान माताएं बहने उद्यमी छात्र शिक्षक डॉक्टर सबकी अपनी अपनी समस्याएं हैं. पर उन सब का समाधान भारतीय समृद्धि में निहित है. हरियाणा चुनाव ने चिंतन के कई झरोखों को अनावृत किया है. खुली हवा आवे तो राजनीतिक प्रजातंत्र को निदेशित नहीं करें अपितु जनाकांक्षा के अनुकूल राजनीति का ध्रुवीकरण हो. समग्र विकास की अवधारणा के लिए समग्र सहभागी कार्य संस्कृति और सहभावअपरिहार्य है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## शरीर समुद्र है या नौका

महाराज दशरथ की विशेषता यही है कि वे शरीर की रचना में भी उद्देश्य देखते हैं. शरीर वृद्ध हो जाए, केश सफेद हो जाएं तो आदमी को बुरा लगता है, लेकिन ईश्वर ने शरीर ऐसा ही बनाया है, जो युवा से वृद्ध हो जाए और केश काले से सफेद हो जाएं. दशरथ जैसे लोग उसमें से ईश्वर का संदेश पढ़ लेते हैं उसका मूल उद्देश्य जान लेते हैं. रावण अपने शरीर के माध्यम से शंकरजी की पूजा करता है. क्यों करता है? कहते हैं कि रावण ने अपने दसों सिर काटकर शंकरजी को चढ़ा दिए. सुनकर लगता है कि वह शरीर से इतना ऊपर उठ चुका था कि उसने अपने सिरों को ही काटकर चढ़ा दिया. पर उसका उद्देश्य क्या था ? जैसे कोई व्यक्ति ब्याज पर किसी अन्य व्यक्ति को लाखों रुपए उधार दे दे और कोई प्रसन्न होकर प्रशंसा करें कि ये कितने उदार हैं, इतने रुपए दे दिए. परंतु पता लगाने पर ज्ञात होगा कि उसका कितना ब्याज देना होगा और यह भी कि रुपए उदारता के कारण दिए गए हैं या लोभ के कारण. रावण का साध्य क्या है? साधन हो गये शंकरजी और साध्य बड़ी विचित्र बात है. जब सिर काटकर चढ़ाया, तब तो यही लगा कि शंकर जी साध्य हैं और शरीर साधन. शरीर के द्वारा शंकर जी की पूजा की जा रही है, पर उद्देश्य की दृष्टि से विचार करके देखें तो आगे चलकर पता चला कि उद्देश्य तो वस्तुतः शंकरजी नहीं है, शंकरजी तो उसके लिए साधन है. तो फिर उसका साध्य या उद्देश्य क्या है. हमकाहू के मरहिं न मारे. महाराज, अपने ये सिर मैंने आपको इसलिए चढ़ाये कि वे ऐसे निकल आएं कि कभी खत्म ही न हो. रावण की क्या बढ़िया योजना है? एक बार शंकरजी को दस सिर दे दिए, फिर ऐसे सिर मिल जायें, जिन्हें काटने के बाद फिर नए सिर निकलते रहें. उद्देश्य क्या है ? हम कभी न मरें, देह का कभी नाश न हो. इसका अभिप्राय है कि शरीर ही साध्य हो गया. यही रावण का दसमुख वाला जीवन दर्शन है, जो रावण के नाम से त्रेता युग में हुआ था. और यदि हम अपने हृदय पर हाथ रखकर देखें, तो शायद यही पाएंगे कि हम भी ईश्वर से वही मांग रहे हैं, जो दसमुख ने मांगा था. यदि अंततोगत्वा हम ईश्वर को साधन बना लें और विषयों को, शरीर को साध्य बना लें, तो रावण की वृत्ति में और हमारी वृत्ति में अंतर ही क्या रहा. रावण शरीर को ही 'मैं' मानता है, शरीर के साथ एकाकार हो गया है. रामायण में दो प्रसंगों में दो उल्टी बातें कही गई हैं.

# 18,000 से अधिक बच्चे हुए अनाथ

• युद्ध

सुरेश सेठ

इस्राइल और हमास के बीच की भीषण लड़ाई को एक वर्ष पूरा हो चुका है. इस संघर्ष ने डेढ़ करोड़ लोगों पर गहरा असर डाला है. लगभग 42,000 लोगों की जान गई, जिनमें 16,000 फलस्तीनी बच्चे शामिल हैं. इसके परिणामस्वरूप 18,000 से अधिक बच्चे अनाथ हो गए हैं. लेबनान की 55 लाख की आबादी में हर पांचवां व्यक्ति इस्राइली हमलों के कारण विस्थापित हो गया है.

पिछले दो वर्षों से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध का कोई अंत नजर नहीं आ रहा. जिस यूक्रेन को रूस ने कुछ नहीं समझा था, उसने नाटो, पश्चिमी देशों और अमेरिका की परोक्ष सहायता से एक भयंकर संघर्ष जारी रखा है और साथ ही रूसी क्षेत्रों में घुसपैठ का साहस दिखाया है. दुनिया के शांति और समझौते के पक्षधर देशों, जिनमें भारत भी शामिल है, ने इस युद्ध की समाप्ति के लिए पुतिन और जेलेंस्की दोनों से बातचीत की है. हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की शांति अपीलों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है. इसी तरह, एक वर्ष से इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध, जिसे नेतन्याहू ने हमास के आतंकियों द्वारा शुरू किया गया बताया है, अभी भी जारी है. इस्राइल का भीषण आक्रमण बढ़ता जा रहा है. धीरे-धीरे इस युद्ध का दायरा बढ़ रहा है, जिसमें लेबनान पर इस्राइली कार्रवाइयां, हिज्बुल्लाह के साथ संघर्ष और सीरिया-ईरान की एकता इस युद्ध के घेरे को विस्तारित कर रही है. बेशक, दुनिया युद्ध नहीं चाहती और आम आदमी, चाहे वह किसी भी कोने में हो, युद्ध की इस अफरातफरी में आवश्यक आपूर्ति के लिए संघर्ष कर रहा है. हाल ही में ईरान की 200 से अधिक मिसाइलें इस्राइल पर दागी गईं, जिससे युद्ध की गतिविधियां बढ़ गई हैं. इसके साथ, दुनिया को अगली चुनौती तेल आपूर्ति संकट के रूप में सामने आ सकती है. यह युद्ध केवल सीधे लड़ रहे देशों तक सीमित नहीं है; इसके पीछे समर्थक देशों का एक छाया युद्ध भी चल रहा है, जो सहायता और संसाधनों की आपूर्ति या लड़ाई में शामिल लोगों को समर्थन देने के रूप में प्रकट होता है. शांति अपीलों के बावजूद, इस संघर्ष का अंत नजर नहीं आ रहा.

हाल ही में इस्राइल और हमास के बीच गाजा पट्टी में जारी लड़ाई और भी भयावह हो गई है. अब यह संघर्ष लेबनान तक पहुंच चुका है, जहां इस्राइल ने दक्षिणी लेबनान के कस्बों को खाली करने का आदेश दिया है.

> इस्राइल की लड़ाई लेबनान में भयानक होती जा रही है, जहां उसने फास्फोरस बम दागे हैं. चिकित्सा शिविरों, शरणार्थी शिविरों और स्कूलों पर हमले हो रहे हैं, जबकि कहा जा रहा है कि आतंकी वहां छिपे हुए हैं. हाल ही में बेरूत की एक इमारत पर हवाई हमले में 9 लोग मारे गए, जिसमें रेडक्रास के चार स्वास्थ्यकर्मियों की भी मौत हुई.

इस्राइली सेना ने हमास के वरिष्ठ कमांडरों को मार गिराने का दावा किया है. इसके बाद, लेबनान में विस्फोटों और हिज्बुल्लाह के प्रमुख नेता नसरल्लाह की मौत के साथ स्थिति और अधिक बिगड़ गई है.

इस्राइली सेना ने तीन महीने पहले गाजा पट्टी में हमास के वरिष्ठ नेता रबही मुश्तहा और दो अन्य कमांडरों को मार गिराया था. मुश्तहा, जो हमास के शीर्ष नेता सिनवार का करीबी सहयोगी था, पर 7 अक्टूबर को इस्राइल पर हुए हमले की साजिश का आरोप है. माना जाता है कि सिनवार गाजा में छिपा हुआ है. युद्ध अब गाजा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लेबनान, सीरिया और ईरान भी इसमें शामिल हो चुके हैं, परमाणु बम की धमकियां भी दी जा रही हैं.

इस्राइल की लड़ाई लेबनान में भयानक होती जा रही है, जहां उसने फास्फोरस बम दागे हैं. चिकित्सा शिविरों, शरणार्थी शिविरों और स्कूलों पर हमले हो रहे हैं, जबकि कहा जा रहा है कि आतंकी वहां छिपे हुए हैं. हाल ही में बेरूत की एक इमारत पर हवाई हमले में 9 लोग मारे गए, जिसमें रेडक्रास के चार स्वास्थ्यकर्मियों की भी मौत हुई.

सितंबर के अंत से जारी बमबारी में इस्राइल ने बड़ी संख्या में लोगों को मार डाला है, जबकि हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं. लड़ाई अब बेरूत के मध्य क्षेत्र तक पहुंच चुकी है, जहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय और अन्य महत्वपूर्ण इमारतें भी निशाने पर हैं. इस्राइली सेना ने हिज्बुल्लाह के लगभग सैकड़ों ठिकानों पर हमला किया है, और दक्षिणी लेबनान को खाली करने की चेतावनी दी जा रही है, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने इस क्षेत्र को बफर जोन घोषित किया था.

अभी तक मिश्र और अन्य कट्टर मुस्लिम देशों ने इस लड़ाई में सीधा हस्तक्षेप नहीं किया है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# अहसासों में हमेशा बने रहेंगे अनमोल रतन

• स्मृति

अरुण नैथानी

जब 17 अक्तूबर की सुबह देश ने आंखें खोली तो देशवासियों को शॉक लगा कि उन्होंने अपना एक अनमोल रत्न खो दिया है. यूं तो देर रात ही सोशल मीडिया पर मानवीय सरोकारों के विख्यात उद्योगपति रतन नवल टाटा के निधन की खबरें फैलनी शुरू हो गई थी. हर किसी को लगा जैसे कोई अपना हमें छोड़ गया. रतन टाटा को भारतीय समाज में दरियादिली, जीवन मूल्यों की प्रतिबद्धता व उद्योग जगत में नैतिकता के लिये जाना जाता है. टाटा के उत्पादों व सेवाओं को भरोसे का प्रतीक कहा जाता है. तेजी से संवेदनहीन होते समाज में कम ही होता है कि आम आदमी किसी राजनेता या उद्योगपति से भावनात्मक रूप से जुड़ा हो. लोग उनके अवसान पर दिल से दुखी होते देखे गए. व्यक्ति की विश्वसनीयता, सामाजिक प्रतिबद्धता, कथनी-करनी में साम्य और कारोबार में नैतिक मूल्यों की समाज आज भी कद्र करता है. देश में कई पीढ़ियां टाटा परिवार के आदर्शों से प्रेरित हुईं. उनकी उद्यमशीलता का अनुकरण करते हुए कई उद्यमी स्थापित हुए. रतन टाटा भारतीय समाज के लिये एक आदर्श पुरुष रहे हैं. उनके प्रेरक विचार अक्सर दोहराए जाते हैं. भरोसे का आलम यह है कि लोग अक्सर मजाक में कह दिया करते हैं कि हमने टाटा का नमक खाया है.

बेहद सादगी की जीवनशैली अपनाने वाले रतन टाटा दिखावे से हमेशा कोसों दूर रहे. आमतौर पर मंत्री, नौकरशाह और धनाढ्य अपने आगे-पीछे सहयोगियों-कर्मचारियों का लाव-लश्कर लेकर चलते हैं, वो रतन टाटा के साथ कभी नहीं रहा. आम आदमी की पीड़ा हमेशा उनके मन में रही. उन्होंने कहा था कि एक बार बारिश में भीगकर स्कूटर पर सफर करते परिवार को देखकर उनके मन में विचार आया कि देश में एक सस्ती कार बनायी जाए, जिसे आम आदमी खरीद सके. उन्होंने नैनो कार बनायी भी, लेकिन उसे सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला. इस प्रसंग से रतन टाटा की सामाजिक प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का पता चलता है.

शुरुआती दिनों में रतन टाटा अपने सरनेम को लेकर असहज रहते थे. जब वे अमेरिका में पढ़ रहे तो खुश थे कि उनको ज्यादा नहीं पहचाना जाता. हालांकि, उन दिनों आरबीआई के सख्त नियमों के चलते विदेशों में विदेशी मुद्रा कम खर्च करने की अनुमति थी, अतः खर्चे के लिये उन्हें कम ही पैसे मिल पाते थे. पिता ने भी देश के कानून का उल्लंघन करके उन्हें ब्लैक में डॉलर उपलब्ध नहीं कराये. तब पैसे महीने से पहले खत्म होने पर उन्हें अमेरिका में छोटे-मोटे काम करने पड़ते थे. जिसमें दोस्तों से उधार लेने से लेकर बर्तन धोना भी शामिल था. उन्होंने कॉर्नेल वि.वि. से स्थापत्य कला व इंजीनियरिंग में डिग्री ली.

> शुरुआती दिनों में रतन टाटा अपने सरनेम को लेकर असहज रहते थे. जब वे अमेरिका में पढ़ रहे तो खुश थे कि उनको ज्यादा नहीं पहचाना जाता. हालांकि, उन दिनों आरबीआई के सख्त नियमों के चलते विदेशों में विदेशी मुद्रा कम खर्च करने की अनुमति थी, अतः खर्चे के लिये उन्हें कम ही पैसे मिल पाते थे. पिता ने भी देश के कानून का उल्लंघन करके उन्हें ब्लैक में डॉलर उपलब्ध नहीं कराये.

ये रतन टाटा की मेहनत-लगन के जुनून की बानगी थी कि उन्होंने एक श्रमिक की तरह जमशेदपुर में टाटा स्टील में काम की शुरुआत की. फिर उन्हें प्रोजेक्ट मैनेजर बनाया गया. कालांतर में प्रबंध निदेशक के सहयोगी बने. टाटा समूह के संस्थापक जेआरडी टाटा उनकी मेहनत व लगन से खासे प्रभावित हुए और उन्हें रुग्ण कंपनियों को संवारने का दायित्व दिया. जिसमें नेल्को की जिम्मेदारी भी शामिल थी, जो बाद में मुनाफा उगलने लगी. इस तरह उनके टाटा उद्योग का प्रमुख बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ. उनकी सादगी व जीवन मूल्यों का आलम ये था कि जब वे टाटा सन्स के प्रमुख बने तो जेआरडी के कमरे में बैठने के बजाय अपने बनाये साधारण कमरे में बैठे. उन्होंने कभी छोटे कर्मचारी व बड़े अधिकारी के आत्मसम्मान के बीच फर्क नहीं किया.

कालांतर में 86 वर्ष की अवस्था में जेआरडी टाटा द्वारा 1991 में रतन टाटा को टाटा समूह का अध्यक्ष बनाये जाने के बाद समूह की समृद्धि व साख में आशातीत वृद्धि हुई. वर्ष 2000 में उन्होंने टाटा समूह से दुगने बड़े ब्रिटिश टेटली ब्रांड को खरीदा. फिर यूरोप की दूसरी बड़ी इस्पात निर्माता कंपनी कोरस का अधिग्रहण किया. वर्ष 1998 में टाटा मोटर्स ने भारत में डिजाइन की गई पहली कार 'इंडिका' बाजार में उतारी, जिसे बाजार में सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियां

**विनिर्माण** क्षेत्र में, खासतौर पर श्रम आधारित विनिर्माण में भारत का निरंतर कमजोर प्रदर्शन देश की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा मुद्दा है. यह कोई पहेली भी नहीं है बल्कि इस बात को कई तरह से समझा जा सकता है और इसकी कई संभावित वजहें और स्पष्टीकरण हैं. व्यापार नीति में निरंतरता का अभाव, खराब लैंगिक संबंध और दिक्कतदेह कानून व्यवस्था और निष्प्रभावी शैक्षणिक और कौशल व्यवस्था आदि सभी की इसमें भूमिका है. परंतु लंबे समय से माना जाता है कि इसकी वजह अत्यधिक नियमन है. खासतौर पर श्रम और रोजगार के क्षेत्र में अति नियमन.बीते कम से कम दो दशक से देश में कंपनियों के आकार पर नियमन के असर को समझा जाता रहा है. श्रम नियमन के कारण प्रति इकाई श्रम की लागत एक तिहाई से अधिक बढ़ जाती है और अत्यधिक नियमन से बचने के लिए एक खास सीमा से नीचे के आकार में बने रहने की संभावना अधिक रहती है. यही वजह है कि फैक्टरियों के वितरण में असमानता आई है. उद्योगों का सालाना सर्वे वर्षों से इसका उदाहरण बनता रहा है. सर्वे के मुताबिक सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रम देश की कुल फैक्टरियों में 96 फीसदी के हिस्सेदार हैं और 10 से कम कर्मचारियों वाले सूक्ष्म उपक्रमों की हिस्सेदारी इनमें 99 फीसदी है. 2,000 से अधिक कर्मचारियों वाली फैक्टरियों की संख्या इसमें बहुत कम है.अर्थशास्त्री अरविंद सुब्रमण्यन एवं अन्य का विश्लेषण दिखाता है कि समस्या उद्योगों के सालाना सर्वे के आंकड़ों से कहीं अधिक बुरी है. एएसआई ने बड़ी फैक्टरियों की संख्या को बढ़ाचढ़ाकर पेश किया है. ऐसा प्रतीत होता है कि कई कंपनियां एक ही राज्य में अलग-अलग उत्पादन इकाइयां तैयार करती हैं. इससे न केवल एक ही कंपनी के स्वामित्व वाली कंपनियों की फैक्टरियां अलग-अलग होती हैं लेकिन सर्वेक्षण में इन्हें एक फैक्टरी के रूप में दर्शाया जा सकता है जिससे डेटा में गड़बड़ी होती है.लेखकों के मुताबिक इन विविध संयंत्रों की मौजूदगी देश के विनिर्माण संयंत्रों वास्तविक आकार से बड़ा आकार प्रदान करती है. बड़े संयंत्र कई वजहों से उत्पादक साबित होते हैं. लेखकों का अनुमान है कि विविध संयंत्रों की उत्पादकता एकल संयंत्र से करीब पांच फीसदी कम होती है. अधिकांश श्रम आधारित क्षेत्रों में मौजूद कम मार्जिन को देखते हुए उत्पादकता में पांच फीसदी का अंतर बहुत अधिक साबित हो सकता है.छोटे संयंत्रों के साथ और दिक्कतें हैं जिनकी विस्तार से जांच परख करने की आवश्यकता है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### अवज्ञा/अवहेलना

**शान** में गुस्ताख़ी के सन्दर्भ में हिन्दी में 'हेठी' खूब प्रचलित है जिसमें अवमानना, अपमान या मानहानी का भाव है. इसी तरह तत्सम शब्दावली का होने के बावजूद 'अवहेलना' भी आम बोलचाल में इस्तेमाल होता है. इसमें अवज्ञा और अनदेखी है. दोनों ही शब्द मूलतः तिरस्कार, अपमान, उपेक्षा, और मानहानी को अभिव्यक्त करते हैं. देखते हैं दोनों शब्दो की जन्म कुण्डली.

हेठी' का रिश्ता संस्कृत 'हेठ्' से है जिसमें खिझाने, सताने के साथ हानि पहुंचाने, सताने आदि का भाव है. हेठ् का अर्थ उत्पाती, शठ या कुकर्मी भी होता है. दरअसल संस्कृत में यह एक श्रृंखला है जिसमें में हेल्, हेळ्, हेट्, हेठ्, हेड् जैसी क्रियाएँ हैं और इन सबका आशय अवमानना, अनादर, असम्मान या अवज्ञा ही है. इस हेठ् का 'एँठ' से कोई सम्बन्ध नहीं है. यह एंठना से आ रहा है जिसका अभिप्राय तनना, बल खाना, अकड़ना जैसे भाव हैं.

इसी कड़ी 'हेला' भी है जिसका अर्थ भी अवज्ञा, बेपरवाही, तिरस्कार आदि है. इसी के साथ इसमें आनंद, आमोद, क्रिड़ा, खेल, खिलवाड़, केलि, श्रृंगार-विलास, काम-मुद्राएं, श्रृंगार-चेष्टा जैसे भाव भी हैं. 'हेला' का प्रयोग आमतौर पर हिन्दी में स्वतन्त्र रूप में नहीं होता पर सहेली, सहेला (अल्पप्रचलित), अवहेलना जैसे शब्दों में यह नज़र आता है. संस्कृत सहेल या सहेलम् में- व्यग्रता, बेपरवाही, विरक्तता, आवारगी, उधम, चंचल, लम्पट, कामोत्सुक जैसे आशय हैं. मोनियर विलियम्स 'सहेल' या सहेलम का अर्थ खेल से भरपूर बताते हैं. हिन्दी का सहेली या सहेला इसी कड़ी में विकसित हुआ है मगर उसमें साथिन, संगी, जोड़ीदार, मित्र, सहचर, संगिनी या सेविका का भाव है. हालांकि श्रृंगारिक अर्थों में भी सहेली, सहेला का प्रयोग होता रहा है.

# वाह रे वाह चुनाव! कमाल की चीज हो भई !

• तीर-तुक्का

विमल किशोर



वाह रे वाह चुनाव! कमाल की चीज हो भई! जब भी आते हो गजब की बहारें लाते हो. जैसे ठिठुराती ठंड के बाद बसंत आता है तो प्रकृति गुलजार हो जाती है , जहां तहां फूल खिल जाते है, नई कोपलें उग आती है, लोग-बाग तो क्या घोंघे भी सक्रिय हो उठते हैं, वैसे ही तुम्हारे आने की आहट से ही जनता जनार्दन हो जाती है, उनमें सुगबुगाहट शुरू हो जाती है, गांव, कस्बे, गली-कूचे सजने-संवरने लगते हैं, चहल-पहल शुरू हो जाती है, चौक-चौराहे व्यस्त हो जाते है, ये पार्टी- वो पार्टी, ये नेता- वो नेता की चर्चा में लोग रोजी-रोटी की चिंता, दुःख-दर्द सब भूल जाते हैं. बसंत के बाद एक तुम्हारा ही तो मौसम है जब घोंघों को भी सक्रिय होने का अवसर मिलता है.

तुम्हारे आते ही जहां-तहां रंगीन मंच खड़े हो जाते है, लाइटें लग जाती है, देश भक्ति के गीत झंकृत होने लगते हैं, देश-प्रेम टपकाते चेहरे नमूदार होने लगते हैं . देव-प्रतिनिधियों का मंचारोहण शुरू हो जाता है . भूले हुए शब्द जैसे गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार फिर से प्रचलन में आ जाते हैं. असंभव सी लगनेवाली वाली घोषणाएं, खोखले आश्वासन, झूठे वादे, एक झूठ, दो झूठ, दस झूठ, सफेद झूठ, झूठ ही झूठ सब के सब भोपुओं पर गुंजायमान होने लगते हैं जिसे सुन-सुनकर जनता आश्वस्त होने लगती है कि अब उनका इलाका स्वर्ग बनने ही वाला है. खुशी-खुशी वे स्वर्गवासी होने की कल्पनाएं करने लगती है. यह अलग बात है कि कभी -कभी अतिशय झूठ का भार मंच सह नही पाता है और वह टूट जाता है. भाई चुनाव, तुमने इस बार भी ट्रेंड बदला है. मुख्य फोकस बहना, बहन, बहिनी, मइयां, भगिनी जैसे शब्दों के इर्द-गिर्द ही पड़ा हुआ है. यह अच्छी बात है. इतने चुनाव गुज़र जाने के बाद ही सही पर तुमने याद तो दिला दिया कि बहन-बेटियों की खुशहाली और सुरक्षा भी कार्य क्षेत्र के मुख्य केंद्र में रखी जाने योग्य बात है. धन्यवाद चुनाव.

कुछ नए ट्रेंड तो तुमने पहले भी चलाये थे जैसे खटाखट-खटाखट, मोची से ट्रेनिंग, ऑटो ड्राईवर से ट्रेनिंग, कुलियों से ट्रेनिंग ........-अरे भई, जब खटा-खट का परिणाम बैंक खाता सफाचट ही रहा तो जिनसे ट्रेनिंग दिलवाई थी, उनके हाथों में हज़ार दो हज़ार रखवा देते तो कम से कम मुहब्बत की दुकान के कुछ ग्राहक तो बढ़ जाते. कब तक नाटक करवाते रहोगे चुनाव जी?

चलो छोड़ो इन बातों को, लोग चुनावी बातों की असलियत जानते हैं पर यार कुछ तो ऐसा ट्रेंड चलाओ, ऐसी घोषणाएं-वादे करवाओ जिन्हें अमली जामा पहनाया जा सके. वरना इस तड़क भड़क, इस ताम-झाम, इस कोलाहल से क्या होगा. वैसे भी जनता इन कोरे भाषणों पर ज्यादा यकीन नही करती क्योंकि वह जानती है कि चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात.

### 200 मेगा पिक्सल टेलीफोटो सेंसर के साथ जबरदस्त जूम

# डीएसएलआर के टक्कर की तस्वीरें देगा वीवो का यह स्मार्टफोन



फोन ने आते ही कैमरे की लगभग छुट्टी कर दी है. जब चाहो जहां चाहो की छूट के साथ सेल्फी लेने और खूबसूरत पलों को संजाने के लिए मोबाइल के कैमरे जबर्दस्त उपयोगी साबित हुए. ऐसे में उन स्मार्टफोन की अधिक मांग लाजिमी है जिसके फोन बेहतर हैं. वीवो के एक्स टू हंड्रेड सीरीज स्मार्टफोन का भी लोग शिद्दत से इसलिए इंतजार कर रहे हैं.

ऐसा माना जाता है कि सैमसंग फ्लैगशिप लाइनअप, आईफोन आदि के ही कैमरे बेस्ट होते हैं. लेकिन चर्चा है कि वीवो एक्स टू हंड्रेड सीरीज स्मार्टफोन पावरफुल कैमरा बहुत पावरफुल होगा. लॉन्चिंग से पहले ही इसके कैमरा के बारे में जानकारी जाहिर हुई है. इस जानकारी के मुताबिक नए फोन में 200 मेगापिक्सल टेलीफोटो सेंसर के साथ जबरदस्त जूम का फायदा मिल सकता है. इस सीरीज के कैमरा फीचर्स सामने आए हैं और इसमें तीन डिवाइसेज- वीवो एक्स 200, वीवो एक्स 200 प्रो और वीवो एक्स 200 प्रो मिनी होंगे. वीवो एक्स 200 लाइनअप में दुनिया के पहले ऐसे फोन होंगे, जिनमें एलपीडीडीआर 5 एक्स अल्ट्रा रैम दी जाएगी. अब ब्रैंड ने खुद नए डिवाइस के कैमरा स्पेसिफिकेशंस से पर्दा उठाया है और बताया है कि इसमें जेस की ओर से ट्यून किया गया सेटअप मिलेगा और सोनी के सेंसर्स दिए जाएंगे. खासबात यह है कि इस स्मार्ट फोन में मीडिया टेक डायमेंसिटी 9400 प्रोसेसर के साथ बेहतरीन परफॉर्मेंस मिलेगी. यह प्रोसेसर हाल ही लॉन्च की गई थी. कंपनी का दावा है कि तस्वीरें कहीं से बेसिक डीएसएलआर से कमतर नहीं दिखेंगी.

### ऐसा होगा कैमरा सेटअप

आइए अब इस स्मार्टफोन के कैमरे के बारे में विस्तृत जानकारी लें. वीवो एक्स 200 सीरीज में 200 मेगापिक्सल पेरीस्कोप कैमरा 135 एमएम फोकल लेंथ के साथ दिया जाएगा और इस फोन में डेडिकेटेड टेलीफोटो सुपर-स्टेज मोड भी मिलेगा. अपने दावों की पुष्टि के लिए कंपनी ने कई तस्वीरों के नमूने भी पेश किए हैं. इन तस्वीरों में 20 गुणा जूम करने पर भी कोई नॉइस या क्वॉलिटी लॉस देखने को नहीं मिलेगा. तस्वीरें फटेंगी नहीं. इसके अलावा वीवो एक्स 200 सीरीज में बेहतर टेलीफोटो मैक्रो मोड और डेडिकेटेड सुपर लैंडस्केप मोड मिल सकता है. वीवो एक्स 200 प्रो की बात करें तो स्मार्ट फोन दिग्गजों का कहना है कि इसमें कस्टम 50 मेगा पिक्सर लाइट 818 सेंसर मिल सकता है, जिसे सोनी के साथ मिलकर डिजाइन किया गया है. इसके अलावा वीवो एक्स200 सीरीज में लाइव फोटोज का सपोर्ट मिल सकता है, जो ऐपल आईफोन्स के लाइफ फोटो फॉरमेट के साथ कंपैटिबल होंगे. वीवो एक्स 200 सीरीज में सिनेमैटिक स्लो-मोशन का फायदा 4 के 120 एफपीएस और 10 बीआईटी एलओजी फुल फोकल रेंज में मिलेगा. फोन से 4 के एचडीआर सिनेमैटिक पोर्ट्रेट वीडियोज रिकॉर्ड किए जा सकेंगे.

### कम कीमत में धांसू फीचर्स

# कल लॉन्च होगा शाओमी का फाइव जी स्मार्ट फोन !

**शाओमी कल अपना नया स्मार्टफोन लॉन्च कर सकता है. क्वालकॉम स्नैपड्रैगन फोर एस जेन 2 प्रोसेसर तो इसी साल जुलाई में कंपनी ने लॉन्च किया था. लेकिन अब इस प्रोसेसर के साथ कंपनी अपना पहला फोन लॉन्च करने वाली है. माना जा रहा है कि फोन दस हजार रुपए से कम कीमत का होगा.**

### ये हो सकते फीचर्स

इस स्मार्टफोन के नाम को अब तक कंपनी ने साझा नहीं किया है, लेकिन मोबाइल मार्केट के दिग्गजों की मानें तो इसमें 50 मेगा पिक्सल के मेन लेंस वाला कैमरा सेटअप मिल सकता है. में 6.7इंच का एलसीडी डिस्प्ले मिल सकता है, जो एचडी प्लस रेज्योलूशन के साथ आएगा. इसके अलावा हमें 90 हट्र्ज रिफ्रेश रेट का सपोर्ट मिलेगा. कंपनी ने इस लॉन्च इवेंट का इनवाइट भी शेयर किया है. इसमें 50 मेगा पिक्सल का प्राइमरी रियर कैमरा मिलेगा. वहीं फ्रंट में कंपनी 8 एमपी का सेल्फी कैमरा दे सकती है. डिवाइस को पावर देने के लिए 5000 मेगाहट्र्ज की बैटरी मिलेगी, जो 18 वाट की चार्जिंग सपोर्ट करेगी. इसमें एंड्रॉइड 14 पर बेस्ड ऑपरेटिंग सिस्टम मिलेगा.



### नए प्रोसेसर में क्या है खास?

क्वालकॉम स्नैपड्रैगन फोर एस जेन 2 को कंपनी ने जुलाई में लॉन्च किया था. इस प्रोसेसर को बजट फोन्स के लिए तैयार किया गया है, जिनकी कीमत 99 डॉलर (लगभग 8200 रुपये) होगी. इस कीमत में ज्यादातर एंट्री लेवल डिवाइस ही देखने को मिलते हैं. इसमें क्वालकॉम क्रयो सीपीयू और 8 कोर का इस्तेमाल किया गया है. इस प्रोसेसर को 4 नैनोमीटर प्रॉसेस पर तैयार किया गया है. इस प्रोसेसर पर यूजर्स को 90 हट्र्ज तक का रिफ्रेश रेट सपोर्ट मिलेगा. इसके अलावा यूजर्स को यूएफएस 3.1 स्टोरेज का सपोर्ट मिलेगा. इस चिपसेट के साथ आने वाले डिवाइसेस में एलपीडीडीआर 4 बाई रैम मिलेगा.

### न स्टीयरिंग व्हील, न पैडल, न ड्राइवर

# आ रही है ये टैक्सी अनोखी

**लंबे इंतजार के बाद एलन मस्क ने टेस्ला साइबर कैब को मार्केट में उतार ही दिया. एआई फीचर वाली ये साइबर कैब बिना ड्राइवर के सरपट भागेगी और सवारियों को उनकी मंजिल तक सुरक्षित पहुंचाएगी. यह टैक्सी कई मायने में अनोखी है. ड्राइवर ही नहीं इस कार में स्टीयरिंग व्हील भी नहीं है. इसमें क्लच, ब्रेक और गियर भी आपको नदारद दिखेंगे. रोबोटैक्सी एक पर्पज-बिल्ट ऑटोनॉमस व्हीकल है, जिसमें बस डोर खोलकर आपको बैठ भर जाना है. ड्राइवरलेस कार के बारे में आमतौर पर हम यही समझते हैं कि ये कम सुरक्षित होती होंगी. लेकिन कंपनी का दावा है कि ये टैक्सी मंजिल पर झटपट और सुरक्षित पहुंचाएगी. एलन मस्क ने कहा कि ऑटोनॉमस कारें किसी भी आम कार (मौजूदा समय की ड्राइवर वाली कारें) की तुलना में 10-20 गुना अधिक सुरक्षित होंगी.**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित 'वी-रोबोट' इवेंट कई मायनों में सपनों की दुनिया सा नगर आया. दरअसल इस इवेंट में टेस्ला कंपनी के सीईओ इलॉन मस्क ने एआई फीचर वाली रोबोटैक्सी को पेश किया. ये टैक्सी देख कर सभी आश्चर्यचकित रह गए. ऐसी टैक्सी जो आने वाले समय में जमाने का ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम पूरी तरह बदल देगी. दो सीट वाली इस टैक्सी में न तो स्टीयरिंग है न ही पैडल. और तो और ड्राइविंग सीट और ड्राइवर भी नदारद है. यह साइबरकैब फुली सेल्फ ड्रिवन इलेक्ट्रिक कार है, जिसकी कैबिन काफी कॉम्पैक्ट है. डैशबोर्ड पर एक फ्लैट स्क्रीन दी गई है. साइबरकैब को चलाने की कॉस्ट 20 सेंट प्रति माइल यानी करीब 16 रुपए प्रति 1.6 किलोमीटर पड़ेगी. इसे चार्ज करने के लिए किसी तरह के प्लग की जरूरत नहीं होगी, यानी इसमें वायरलैस चार्जिंग दी गई है. टैक्सी के फ्रंट में एक पतली कनेक्टिंग एलईडी लाइट दी गई है, जो डीआरएल का काम करती है. इसके दोनों सिरों पर प्रोजेक्टर हेडलैंप दिए गए हैं. इसका डिज़ाइन काफी फ्यूचरिस्टिक है. जिसमें बटरफ्लाई के पंखों की तरह ऊपर की ओर खुलने वाले दरवाज़े और एक छोटा केबिन दिया गया है. जिसमें केवल दो यात्रियों के बैठने की जगह दी गई है. यह एक टू-डोर टैक्सी है. इसके पिछले हिस्से में साइबर ट्रक जैसा स्टोरेज कैबिन दिया गया है. सेफ्टी फीचर्स जबर्दस्त है. यह ड्राइवरलेस टैक्सी आम टैक्सी की तुलना में 10-20 परसेंट ज्यादा सुरक्षित होंगी और इनमें चलने का खर्च भी तकरीबन 0.20 डॉलर प्रति मील होने की उम्मीद है. इसकी कीमत 30,000 डॉलर (यानी करीब 25 लाख रुपए) से कम है. इलॉन मस्क ने उम्मीद जताई कि 2027 से पहले साइबरकैब का प्रोडक्शन शुरू कर देगी.



*साइबर क्राइम के नए-नए अंदाज सामने आते रहते हैं. डिजिटल अरेस्ट ऐसा ही एक अपराध है जिसके मामले इन दिनों तेजी से बढ़ रहे हैं. डिजिटल अरेस्ट नाम सुनते ही ऐसा लगता है कि शायद यह कोई तकनीकी या कानूनी मामला है, लेकिन असल में यह ठगी का एक नया तरीका है, जिसमें निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है. पूरे देश से इसके शिकार रोजाना अपनी व्यथा जाहिर कर रहे. डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर ठग आसानी से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं. आइए जाने कि क्या है डिजिटल अरेस्ट और इससे कैसे बच सकते हैं.*



### बढ़ रहे हैं डिजिटल अरेस्ट के मामले

# सजग रहें, सतर्क रहें

मैं फलां पुलिस स्टेशन से बोल रहा हूं, आपकी बेटी सेक्स रैकेट में फंस गई है. हमारी हिरासत में है. अगर चाहती हैं कि आपकी बेटी पर केस दर्ज नहीं हो तो तुरंत एक लाख रुपए इस नंबर पर भेज दें...बच्चों को स्कूल में पढ़ा रही एक सरकारी शिक्षिका मालती वर्मा ने जब क्लास के दौरान ही यह कॉल रिसीव किया तो दहशत में आ गईं. व्हाट्सअप कॉल में जिस नंबर से कॉल आया था, उसमें पुलिस की वर्दी लगी थी. एक के बाद एक...कई बार उन्हें कॉल किया गया और यह बात दुहराई गई. उन्होंने स्कूल से ही अपने बेटे को फोन लगाया. बेटा अपनी बहन के बारे में पता लगाया तो जाहिर हुआ कि वह कॉलेज में ही है और क्लास अटैंड कर रही. यानी अरेस्ट की बात झूठी है. दरअसल कुछ लोग मालती वर्मा को 'डिजिटल अरेस्ट' करने की कोशिश कर रहे थे. बेटे ने अपनी मां को फोन पर इसकी जानकारी दी. पर मां दहशत से उबर नहीं पाई और उसकी तबियत बिगड़ती चली गई. कुछ ही देर में उन्हें हार्ट अटैक आया और उनकी मौत हो गई. जिसके परिणामस्वरूप उनकी जान चली गई. आगरा की यह घटना लोगों का स्तब्ध कर गई. ऐसी घटना कोई इकलौती नहीं. आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं. कुछ दिन पहले ही वर्धमान ग्रुप के सीएमडी एस.पी. ओसवाल को डिजिटल अरेस्ट कर 7 करोड़ रुपए ठगे गए थे.

### क्या है डिजिटल अरेस्ट ?

किसी भी शख्स को किसी भी गलतफहमी का शिकार बनाकर ऑनलाइन माध्यम से डर और दहशत में डाल देने और उस डर की मदद से रकम वसूलने, यानी साइबर क्राइम का शिकार बनाने को डिजिटल अरेस्ट कहते हैं. डिजिटल अरेस्ट के दौरान ठग अपने संभावित शिकार के मन में डर पैदा कर देते हैं, और उन्हें भरोसा दिला दिया जाता है कि जो भी उन्हें बताया जा रहा है, वही असलियत है. उनके या उनके किसी परिजन के साथ कुछ बुरा हो चुका है, या होने वाला है, या वह पुलिस, सीबीआई, या ईडी की जांच के घेरे में फंस चुके हैं. बस, इसके बाद 'शिकार' डरकर मान लेता है कि अगर कॉलर का कहना नहीं माना, तो बहुत बुरा होगा, या वह सचमुच गिरफ़्तार हो जाएगा.

### ये हैं तरीके

डिजिटल अरेस्ट के लिए ठग कई तरीके अपनाते हैं. जैसे, किसी कूरियर का नाम लेकर कि इसमें गलत सामान आया है. कुरियर में ड्रग्स है, जिसकी वजह से आप फंस जाएंगे. या फिर व्हाट्सअप फोन करके कहेंगे कि आपके बैंक खाते से इस तरह के ट्रांजैक्शन हुए हैं जो फाइनेंशियल फ्रॉड रिलेटेड हैं. आश्चर्य की बात यह है कि ऐसे मामले में शिकार आमतौर पर वहीं बनते हैं जो पढ़े लिखे और कानून के जानकार होते हैं. ऐसे लोगों को डराकर उनसे डिजिटल माध्यम से फिरौती मांगी जाती है. अगर आप कहेंगे कि मेरे खातों में पैसे ही नहीं हैं तो वे आपको लोन दिलवाने का भी ऑफर करेंगे है. अगर आपके पास लोन लेने वाले एप्स नहीं हैं तो वे एप्स भी आपको डाउनलोड करवा देंगे. डिजिटल अरेस्ट की अवधि कुछ घंटे से कुछ दिन तक की हो सकती है.

### कैसे करें पहचान

टारगेट को हर वक्त अपना मोबाइल कैमरा और माइक्रोफ़ोन चालू रखने के लिए कहा जाता है और बुरे नतीजे की धमकी दे-देकर उनके भीतर डर बिठा दिया जाता है. उन्हें यह भी कहा जाता है कि जो कुछ भी हो रहा है, उसके बारे में किसी से बात न करें, किसी को भी कुछ न बताएं. जब 'शिकार' के भीतर पर्याप्त डर बैठ जाता है, वह ठग की हर बात मानने लगता है, और फिर उसके बाद ठग बेहद तसल्ली से उनके पास मौजूद पाई-पाई लूट लेते हैं, जो लाखों भी हो सकते हैं, और करोड़ों भी.



### कैसे करें बचाव

हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी सरकारी एजेंसी ऑनलाइन तरीके से पूछताछ नहीं करती है. सरकारी एजेंसी सिर्फ फिजिकल तरीके से पूछताछ करती है. अगर किसी के साथ इस तरीके की घटना होती है तो वह दो तरीके से इसे रिपोर्ट कर सकता है. साइबर फ्रॉड के हेल्पलाइन नंबर या फिर ईमेल के जरिए शिकायत दर्ज कराई जा सकती है. ऐसी कॉल आने पर नागरिकों को मदद के लिए तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर घटना की रिपोर्ट करनी चाहिए. आप स्थानीय पुलिस को भी शिकायत कर सकते हैं. अगर आप पुलिस को एक घंटे के भीतर सूचना देते हैं तो ट्रांसफर किए गए पैसे को वापस पाने की संभावना रहती है. पुलिस संदिग्ध फ़ोन को वेरिफ़ाई करने की अहमियत पर ज़ोर दिया है. पुलिस बल के मुताबिक, कॉल करने वालों की असलियत की पहचान की कोशिश आधिकारिक वेबसाइटों के ज़रिये करने की कोशिश करनी चाहिए, सिर्फ़ गूगल या बिंग जैसे सर्च इंजनों के ज़रिये नहीं, जहां अक्सर ठग अपने फ़र्ज़ी नंबर पोस्ट कर दिया करते हैं. विशेषज्ञों ने ज़ोर देकर साफ़ किया कि भारतीय क़ानून में 'डिजिटल अरेस्ट' का कोई प्रावधान है ही नहीं, और किसी को भी हर वक्त वीडियो या माइक्रोफोन चालू रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता.



### क्या है सजा का प्रावधान

गलत डॉक्यूमेंट बनाने, लोगों से ठगी करने, सरकारी एजेंसी को गुमराह करने की सजा हो सकती है. इसके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है उसकी सजा, आईटी एक्ट के तहत सजा, ट्राई के कानून के तहत गलत सिम कार्ड लेने की सजा का प्रावधान है. देश में जो मामले सामने आ रहे हैं, और जो लोग पकड़े जाते हैं, उसमें दिक्कत यह है कि पकड़ाने वाला ठग समूह का बिल्कुल हाशिए का व्यक्ति होता है जो बस रिमोट की तरह काम करता है. जो मुखिया होते हैं, वह विदेश में बैठे होते हैं जिन तक हमारी सरकारी एजेंसी सहजता से नहीं पहुंच पाती है.

# आ रही बजाज की "मजेदार, फुर्तीली और शहरी" बाइक

**बजाज ऑटो कल यानी 16 अक्टूबर को अपनी नई बाइक पल्सर एन 125 को लॉन्च करेगा. इस बाबत तैयारी पूरी है और आमंत्रण भी भेजा जा चुका है. हालांकि आमंत्रण पत्र में कहीं भी मॉडल के नाम का उल्लेख नहीं है. चूंकि हाल के दिनों में पल्सर एन 125 को कई बार टेस्टिंग के दौरान स्पॉट किया गया है, इसलिए यह सहज अनुमान लगाया गया कि नई बजाज पल्सर एन125 ही लॉन्च होगी. उम्मीद की जा रही है कि यह बाइक 90,000 रुपये से 1 लाख रुपये तक की एक्स-शोरूम कीमत के आसपास हो सकती है.**

- **कैसी होगी नई बजाज प्लसर एन 125**

जैसा कि आमंत्रण पत्र में अंकित है, नई बजाज पल्सर एन125 मजेदार, फुर्तीली और शहरी होने वाली है. जाहिर है कंपनी ने संकेत दिया है कि इसका लुक स्पोर्टी और यूथ स्टाइलिश होगी. यह प्रीमियम कम्यूटर बाइक हो सकती है. टेस्टिंग के दौरान मिले स्पाई इमेज से पता चला है कि मोटरसाइकिल में मस्कुलर लुक वाले फ्यूल टैंक एक्सटेंशन, स्प्लिट सीट और टू-पीस ग्रैब रेल होंगे. इसमें एलईडी हेडलैंप भी मिलेगा.

- **कैसा होगा इंजन**

नई पल्सर एन125 में मौजूदा पल्सर 125 आने वाला इंजन 125 सीसी, सिंगल-सिलेंडर मोटर हो सकता है. ऑटो मोबाइल फील्ड के दिग्गजों की मानें तो बाइक के इंजन को 5 स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा जा सकता है.



- **ये होंगे फीचर्स**

इसके ब्रेकिंग हार्डवेयर में आगे की तरफ डिस्क ब्रेक और पीछे की तरफ ड्रम ब्रेक शामिल किया जा सकता है. सिंगल-चैनल एबीएस के साथ रियर डिस्क ब्रेक वेरिएंट भी देखने के लिए मिलेगा. नई पल्सर में स्मार्टफोन कनेक्टिविटी के साथ डिजिटल कंसोल भी मिल सकता है.

# फिर चांद पर फतह करने की तैयारी में इसरो



भारत एक बार फिर चांद पर पहुंचने की तैयारी में है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष आयोग से पांचवे चंद्र मिशन के लिए मंजूरी मिल गई है. इस मिशन का नाम लूपेक्स है. इसरो इस मिशन को जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी यानी जाक्सा के साथ मिलकर पूरा करेगा. मिशन के तहत चंद्रमा पर इंसान को भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित वापस लाया जाएगा. लूपेक्स को जल्द कैबिनेट के में पेश किया जाएगा.

मिशन का उद्देश्य चांद के साउथ पोल पर उतर कर चांद की सतह पर पानी और मूल्यवान संसाधनों की खोज करना है. यह मिशन चांद के अंधेरे वाले हिस्से में खोज करेगा. आपको बता दें कि चांद की सतह का एक हिस्सा ऐसा है जो किसी भी स्थिति में सामने से दिखाई नहीं पड़ता, इसे डार्क साइड ऑफ मून भी कहा जाता है. मिशन के दौरान चांद के अंधेरे वाले हिस्से की सतह पर ड्रिलिंग और दूसरे प्रयोग किए जाएंगे. इस मिशन को जापानी रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा. जबकि लैंडर सिस्टम इसरो द्वारा विकसित किया जाएगा. वहीं रोवर का निर्माण जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी करेगी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

अब न्यूजीलैंड से होगी भिड़ंत : दूसरा टेस्ट मैच पुणे में 24 से और तीसरा टेस्ट मैच मुंबई में एक नवंबर से खेला जाएगा

# अहम मुकाबला: बेंगलुरु में भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज का आगाज कल से

एजेंसी। बेंगलुरु





भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर के बीच बेंगलुरु में खेला जाएगा. इसके बाद दोनों टीमें 24 अक्टूबर से 28 अक्टूबर के बीच पुणे में आमने-सामने होंगी. वहीं, इस सीरीज का तीसरा टेस्ट 1 नवंबर से 5 नवंबर के बीच मुंबई में खेला जाएगा. भारतीय समय के अनुसार दिन का खेल सुबह 9.30 बजे शुरू होगा. जबकि न्यूजीलैंड के समयानुसार शाम 5 बजे टेस्ट शुरू होगा. भारतीय टीम ने बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया. अब टीम इंडिया के सामने न्यूजीलैंड की चुनौती है. भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी. भारत-ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले न्यूजीलैंड सीरीज बेहद होने वाली है. भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज का आगाज 16 अक्टूबर से हो रहा है. इस वक्त भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर काबिज है. रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड को हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी. कहां देख सकते हैं लाइव

भारतीय फैंस भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज की लाइव ब्रॉडकास्टिंग स्पोर्ट्स18 नेटवर्क चैनलों पर देख सकेंगे. इस सीरीज का प्रसारणधिकार स्पोर्ट्स18 नेटवर्क के पास है. वहीं, इसके अलावा जियो सिनेमा एप और साइट पर लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध होगा. जबकि न्यूजीलैंड में लाइव ब्रॉडकास्ट स्काई स्पोर्ट्स पर किया जाएगा.

### टीमें इस प्रकार रहेंगी

**इंडिया :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप. रिजर्व प्लेयर्सः हर्षित राणा, मयंक यादव, प्रसिद्ध कृष्णा और नीतीश कुमार रेड्डी.

**न्यूजीलैंड :** टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल (केवल पहला टेस्ट), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, विल ओ''रूर्के, अजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र , मिशेल सैंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी (केवल दूसरा और तीसरा टेस्ट), टिम साउदी, केन विलियमसन और विल यंग.

## केन्याई धावक रूथ ने तोड़ा महिला मैराथन का विश्व रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क ।** केन्या की रूथ चेपनगेटिच ने इतिहास रचते हुए शिकागो में महिलाओं की मैराथन का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया. उन्होंने पिछले सर्वश्रेष्ठ से लगभग दो मिनट पीछे रहकर दो घंटे, नौ मिनट और 56 सेकंड का अनौपचारिक समय लेकर दौड़ पूरी की. चेपनगेटिच ने शिकागो में अपना तीसरा खिताब जीता और इथियोपिया की टिगस्ट अस्सेफा के पिछले साल बर्लिन में बनाए गए 2:11:53 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया. इथियोपिया की सुतुमे केबेडे ने दो घंटे 16 मिनट और 36 सेकंड बाद रेखा पार की. रिकॉर्ड तोड़ने के बाद चेपनगेटिच ने कहा, मेरा सपना सच हो गया है, जिसका समय मूल रूप से 2:09:57 दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में इसे समायोजित कर दिया गया.

विमेंस टी20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया से हारी टीम इंडिया, कोच ने गिनाए हार के कारण, कहा-

# खिलाड़ियों से मैच में हुई गलती



एजेंसी। शारजाह

भारतीय टीम को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप एक रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. इस हार हारने के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने की भारत की उम्मीदों को झटका लगने से मुख्य कोच अमोल मजूमदार दुखी हैं. उन्होंने कहा कि अगर टीम हाथ आए कुछ मौके भुना पाती तो नतीजा कुछ और होता. भारत को रविवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया. मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए मजूमदार ने कहा, हम आखिरी ओवर तक मैच में थे. ऑस्ट्रेलिया ने अपने अनुभव के दम पर बाजी मार ली. मैं इस हार से दुखी हूं. हमने अच्छी फील्डिंग की लेकिन कुछ मौके गंवाए. अगर वे मौके भुना लेते तो हालात जुदा हो सकते थे. शायद 10-15 रन कम होते लेकिन मैं इतना ही कहूंगा कि हमने अपनी ओर से पूरी कोशिश की.

भारत ने तीन कैच टपकाने के अलावा एक स्टम्पिंग का मौका भी गंवाया. इसके अलावा पगबाधा का एक करीबी फैसला भी भारत के खिलाफ गया. ऑस्ट्रेलियाई पारी के 17वें ओवर में पांच रन पर खेल रही फोबे लिचफील्ड ने रिवर्स स्वीप खेलने का प्रयास किया फील्ड अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दिया. डीआरएस के बाद हालांकि फैसला बदल गया. भारत को आखिरी दस ओवर में 85 रन चाहिए थे. हरमनप्रीत कौर तथा दीप्ति शर्मा क्रीज पर थे. यह पूछने पर कि मैदान पर दोनों को क्या मैसेज दिया गया था. मजूमदार ने कहा , लक्ष्य का पीछा करने और नेट रनरेट को भी ध्यान में रखने के बारे में कहा गया. हमने कहा कि टिककर खेलने पर ये रन बन सकते थे. हरमन का अंत तक रहना बहुत जरूरी था. हम लगभग जीत के पास पहुंच ही गए थे. भारत की उम्मीदें अब पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच पर लगी है और पाकिस्तान का जीतना भारत के लिए जरूरी है. मजूमदार ने कहा ,मैं पाकिस्तान को शुभकामना देना चाहता हूं. हम मैच पर नजर रखेंगे.

महिला टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से हार गयी टीम इंडिया

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौके गंवाने का अफसोस : हरमनप्रीत कौर

**शारजाह।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने चौथे विकेट के लिए दीप्ति शर्मा के साथ 63 रनों की साझेदारी के दौरान ढीली गेंदों का फायदा उठाने के मौके गंवाने पर निराशा व्यक्त की, क्योंकि महिला टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में उनकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात रनों से हार का सामना करना पड़ा. रविवार की रात को मिली मामूली हार के बाद हरमनप्रीत की टीम को ग्रुप ए से सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान की मदद की जरूरत है, क्योंकि गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने जीत के साथ टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण के लिए आधिकारिक रूप से क्वालीफाई कर लिया है.

हरमनप्रीत की शानदार 54 रनों की नाबाद पारी की बदौलत भारत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर टूर्नामेंट बचाने वाली जीत के बेहद करीब पहुंच गया. उन्होंने भारत के लिए फिर से तैयारियां कीं, क्योंकि वे जीत के लिए 152 रनों का पीछा कर रहे थे और उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया, जिससे अंतिम ओवर में 14 रनों की आवश्यकता थी. लेकिन एनाबेल सदरलैंड के अंतिम ओवर में चार विकेट गिरे, जिसमें दो रन आउट भी शामिल थे, क्योंकि भारत और कौर जीत की पोस्ट से चूक गए. मैच के बाद प्रेजेंटेशन में बोलते हुए, हरमनप्रीत ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की गुणवत्ता की गहराई ने उस दिन जीत हासिल की. मुझे लगता है कि उनकी पूरी टीम योगदान देती है. वे एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं हैं, उनके पास बहुत सारे ऑलराउंडर हैं जो योगदान देते हैं. हमने भी अच्छी योजना बनाई और हम खेल में मौजूद थे. उन्होंने आसान रन नहीं दिए और इसे मुश्किल बना दिया। वे एक अनुभवी टीम हैं.

सोमवार को न्यूजीलैंड पर पाकिस्तान की जीत से ही भारत ग्रुप चरण में शीर्ष दो में जगह बना पाएगा, लेकिन तब भी 'नेट रन रेट' भारत को नॉकआउट में जगह बनाने से रोक सकता है. हरमनप्रीत ने कहा, यह कुछ ऐसा है जो आपके नियंत्रण में नहीं है, आपको हमेशा अपनी प्लेइंग इलेवन तैयार रखनी होती है.



### 'हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर पा रहे थे'

हरमनप्रीत ने हार के दो और कारणों की पहचान की कि उनका प्रयास अपर्याप्त क्यों था. बीच के ओवरों में, उन्होंने और दीप्ति शर्मा ने स्कोरिंग रेट को इतना ऊंचा नहीं रखा, जिन्होंने मिलकर मैच में भारत की स्थिति को बहाल किया. इसके अलावा, मैच के महत्वपूर्ण क्षणों में, ऑस्ट्रेलिया की पिछली सफलता एक मूल्यवान संपत्ति के रूप में काम आई. जब मैं और दीप्ति बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर पा रहे थे. हम ऑस्ट्रेलिया से बहुत कुछ सीख सकते हैं. जो कुछ भी हमारे हाथ में था, हम उसे करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन यह हमारे नियंत्रण में नहीं है. अगर हमें एक और मैच खेलने का मौका मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा.

जीत का मंत्र : मैदान पर उतरें और स्वाभाविक खेल खेलें

# जोखिम वाली क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करेंगे : गौतम गंभीर

एजेंसी। बेंगलुरु

न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम थिंक-टैंक अपने बल्लेबाजों को लंबे प्रारूप में उच्च जोखिम वाली क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखेगा. कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए बारिश से प्रभावित अपने आखिरी टेस्ट मैच में भारत ने 285/9 पर पहली पारी घोषित करने से पहले लंबे प्रारूप में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने के नए रिकॉर्ड स्थापित करके सभी को चौंका दिया. रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने इसके बाद 17.2 में 95 रनों का पीछा करते हुए धमाकेदार जीत हासिल की और सीरीज 2-0 से अपने नाम की. हम चाहते हैं कि लोग आक्रामक हों, मैदान पर उतरें और स्वाभाविक खेल खेलें. हमें लोगों को रोककर रखने की क्या जरूरत है? अगर वे स्वाभाविक खेल खेल सकते हैं, एक दिन में 400 या 500 रन बना सकते हैं, तो क्यों नहीं?

गंभीर ने श्रृंखला से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि टी20 क्रिकेट को इसी तरह से खेला जाना चाहिए, और हम इसी तरह से खेलेंगे. उच्च जोखिम, उच्च इनाम, उच्च जोखिम, उच्च विफलता, और हम इसी तरह से खेलना जारी रखेंगे. ऐसे दिन भी आएंगे जब हम 100 रन पर आउट हो जाएंगे, लेकिन हम इसे स्वीकार करेंगे, अपने खिलाड़ियों को वहां जाकर उच्च जोखिम वाला क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखेंगे. हम इसी तरह से खेलना चाहते हैं, इस देश के लोगों का मनोरंजन करना चाहते हैं, और यहां तक कि टेस्ट क्रिकेट में भी, हम खेल को आगे बढ़ाना चाहते हैं, और जिस भी स्थिति में हम हों, उसमें परिणाम प्राप्त करने का प्रयास करना चाहते हैं. नन्यूजीलैंड ने 1988 के बाद से भारत में कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है, लेकिन गंभीर ने कहा कि मेजबान टीम टॉम लैथम की अगुआई वाली टीम को हल्के में नहीं लेगी, क्योंकि उनके पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं और वे खेल के किसी भी समय मेहमान टीम को जीत की ओर ले जाने में सक्षम हैं. देखिए, न्यूजीलैंड एक बिल्कुल अलग चुनौती है. हम जानते हैं कि वे बहुत ही पेशेवर टीम हैं, उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं जो हमें नुकसान पहुंचा सकते हैं और उनके लिए भी काम कर सकते हैं. इसलिए, हम उनका सम्मान करते हैं, लेकिन हम किसी से नहीं डरते.

मैंने कई बार कहा है कि हम हमेशा हर विपक्षी टीम का सम्मान करेंगे, निस्वार्थ, विनम्र रहेंगे, क्रिकेट के मैदान पर जितना संभव हो सके उतना खेल खेलने की कोशिश करेंगे. एक बार मैच खत्म हो जाने के बाद, हम जितना संभव हो सके उतना विनम्र बने रहने की कोशिश करना चाहते हैं. लेकिन हमें पहली गेंद से ही सक्रिय होने की जरूरत है.



### विराट विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं

गंभीर ने प्रीमियर बल्लेबाज विराट कोहली का समर्थन करते हुए कहा कि दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी पिछली आठ टेस्ट पारियों में केवल एक अर्धशतक बनाया है. विराट के बारे में मेरे विचार हमेशा बहुत स्पष्ट रहे हैं – कि वह एक विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं. उन्होंने इतने लंबे समय तक प्रदर्शन किया है और वह अपने पदार्पण के समय की तरह ही भूखे हैं.मुझे याद है कि जब उन्होंने श्रीलंका में पदार्पण किया था, तब मैंने उनके साथ बल्लेबाजी की थी. अब तक, उनकी भूख हमेशा बनी हुई है. यही बात उन्हें विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है और मुझे यकीन है कि वह इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए भूखे होंगे और शायद ऑस्ट्रेलिया में भी. हम जानते हैं कि एक बार जब वह रन बनाने लगेंगे, तो वह कितने निरंतर हो सकते हैं.

## तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को पारी व 70 रन से हराया

**कोयंबटूर ।** गुरजपनीत सिंह ने स्वप्निल पदार्पण करते हुए शानदार छह विकेट (14-5-22-6) हासिल किए, जिसकी बदौलत तमिलनाडु ने सोमवार को श्री रामकृष्ण कॉलेज मैदान पर खेले गए रणजी ट्रॉफी मुकाबले के पहले दौर में सौराष्ट्र पर पारी और 70 रन की शानदार जीत दर्ज की. मैच में सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 203 रन बनाए. सौराष्ट्र के लिए अर्पित वसावडा ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलते हुए शानदार 62 रन बनाए. वहीं, गुजरात ने रणजी ट्रॉफी सीजन की शुरुआत शानदार अंदाज में की और सोमवार को जिमखाना ग्राउंड पर दो बार की चैंपियन हैदराबाद को 126 रनों से रौंद दिया.

17 दमदार खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

# भारत ए के खिलाफ टीम ऑस्ट्रेलिया का ऐलान

एजेंसी। मेलबर्न

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलना है. इससे पहले इंडिया ए टीम ऑस्ट्रेलिया की ए टीम के खिलाफ मैच खेलेगी. इस सीरीज के लिए सोमवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का ऐलान किया. घरेलू क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से लोगों का ध्यान खींचने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोंटास को भारत ए के खिलाफ दो मैच की सीरीज के लिए मौका दिया गया है.

नाथन मैकस्वीनी की अगुवाई में वाली ऑस्ट्रेलिया ए की 17 सदस्यीय टीम में उनको शामिल किया गया है. भारत ए पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज की तैयारी के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैकाय (31 अक्टूबर से चार नवंबर) और मेलबर्न (सात से 10 नवंबर) में दो फर्स्टक्लास मैच खेलेगा. शेफील्ड शील्ड के पहले मैच की दोनों पारियों में शतक बनाने के कारण 19 साल के कोंटास को ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में शामिल किया गया है. वह रिकी पोंटिंग के बाद शेफ़ील्ड शील्ड के पहले मैच में दो शतक बनाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं.

कैमरन बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस तथा तस्मानिया के ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को भी टीम में शामिल किया गया है. वेबस्टर ने शील्ड के वर्तमान सत्र में विक्टोरिया के खिलाफ शतक भी बनाया था. ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, हमने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है और हम वास्तव में इसको लेकर उत्साहित हैं.

### ऑस्ट्रेलिया ए टीम

नाथन मैकस्वीनी (कप्तान), कैमरन बैनक्रॉफ्ट, स्कॉट बोलैंड, जॉर्डन बकिंघम, कूपर कोनोली, ओली डेविस, मार्कस हैरिस, सैम कोंटास, नाथन मैकएंड्रयू, माइकल नेसर, टॉड मर्फी, फर्गस ओ 'नील, जिमी पीरसन, जोश फिलिप , कोरी रोचिसिओली, मार्क स्टेकेटी, ब्यू वेबस्टर.

# टीम इंडिया टी20 में सबसे ज्यादा बार 200 रन बनाने वाला देश

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत ने बांग्लादेश को तीन मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में 133 रन से हरा दिया. टीम इंडिया ने इसी के साथ बांग्लादेश को क्लीन स्वीप कर दिया. रनों के लिहाज से यह भारत की टी20 में तीसरी सबसे बड़ी जीत है. इससे पहले 2023 में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड क 168 रन और 2018 में डबलिन में आयरलैंड को 143 रन से हराया था. यह टीम इंडिया की इस साल (2024) 21वीं जीत रही. किसी भी टीम द्वारा एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय जीतने का रिकॉर्ड युगांडा के नाम है. उसने 2023 में 29 मैच जीते थे. वहीं, भारत ने 2022 में 28 मैच जीते थे. भारत और तंजानिया (साल 2022) ने संयुक्त रूप से 21-21 मैच जीते हैं. 2024 में टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की जीत का प्रतिशत 95.45 है, जो किसी भी टीम द्वारा एक कैलेंडर ईयर में कम से कम 12 टी20 मैच खेलने वाली टीमों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ है.



भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 297 रन बनाए. इसी के साथ टीम इंडिया पुरुषों के टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 200 या इससे ज्यादा रन बनाने वाली टीम बन गई. भारतीय टीम ने ऐसा 37 बार किया है. इसके बाद समरसेट का नंबर आता है. उसने 36 बार ऐसा किया है. वहीं, टीम इंडिया ने इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक छह बार 200 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं. टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा बार 200 का स्कोर छूने के मामले में टीम इंडिया संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गई. भारत ने साल 2023 में सात बार और जापान ने 2024 में सात बार यह आंकड़ा छुआ है. वहीं, इंग्लैंड ने 2022, दक्षिण अफ्रीका ने 2022 और भारत ने इस साल छह-छह बार 200 का आंकड़ा छुआ है.

इस मैच में कुल मिलाकर 70 बाउंड्रीज (छक्के चौके) लगीं. भारत ने 47, जबकि बांग्लादेश की ओर से 23 बाउंड्रीज लगीं. यह पुरुषों के टी20 क्रिकेट मैच में बाउंड्रीज का तीसरा सबसे बड़ा रिकॉर्ड है. इस मामले में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच 2023 में सेंचुरियन में खेला गया टी20 शीर्ष पर है. इस मैच में 81 बाउंड्रीज लगी थीं.

मुकाबला इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए किया प्लेइंग11 का एलान, बेन स्टोक्स की हुई वापसी

# इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच दूसरा टेस्ट मैच आज से

एजेंसी। कराची

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कल यानी 15 अक्टूबर, सोमवार से खेला जाएगा. पहला टेस्ट जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर चुकी इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन का एलान कर दिया. दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के स्थाई टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स की वापसी हुई. स्टोक्स ने इंग्लैंड के लिए पिछले चार टेस्ट मिस किए. इंग्लिश टीम में कुल दो बदलाव दिखाई दिए. पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में ओली पोप इंग्लिश टीम की कमान संभालते हुए दिखाई दिए थे. हालांकि अब स्टोक्स की वापसी हो गई है. वहीं दूसरे टेस्ट में तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और क्रिस वोक्स को रेस्ट दिया गया. टीम में तेज गेंदबाज मैट पॉट्स की वापसी हुई. पाट्स ने इससे पहले टीम के लिए आखिरी टेस्ट श्रीलंका के खिलाफ अगस्त के आखिर में खेला था.



### इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, ब्रायडन कारसे, मैट पॉट्स, जैक लीच, शोएब बशीर.

### पाकिस्तान प्लेइंग इलेवन की घोषणा

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 15 अक्टूबर से मुल्तान में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन का एलान कर दिया है. पहले टेस्ट में मिली करारी हार के बाद पाकिस्तान ने अपनी टीम में कई बड़े बदलाव किए थे. अब दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन का एलान कर दिया गया है. इसमें कई नए चेहरे शामिल हैं. पूर्व कप्तान बाबर आजम, स्टार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को टीम से छुट्टी कर दी गई थी. इन तीनों को पहले टेस्ट में हार के बाद ड्रॉप किया गया है. वहीं कई नए चेहरों को टीम में जगह दी गई थी. अब प्लेइंग इलेवन में भी कई नए खिलाड़ी शामिल किए गए हैं. पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवन– अब्दुल्लाह शफीक, सैम अयूब, शान मसूद (कप्तान), कामरान गुलाम, सऊद शकील (उपकप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान आगा, आमिर जमाल, नोमान अली, साजिद खान और जाहिद महमूद.

## डेनमार्क ओपन: फॉर्म हासिल करना चाहेंगे सिंधु और लक्ष्य

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारतीय बैडमिंटन सितारे पीवी. सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 850,000 अमेरिकी डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 में भाग लेकर अपने सत्र की निराशाजनक शुरुआत से उबरकर वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे. पिछले हफ़्ते फिनलैंड के वंता में आर्कटिक ओपन में दोनों खिलाड़ियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा. इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दोनों भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे, जो 2024 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर का 13वां आयोजन है. पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन पिछले हफ़्ते चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन से हार गए थे. यहा, अल्मोड़ा के 23 वर्षीय खिलाड़ी सेन का सामना अपने शुरुआती मैच में चीन के लू गुआंग ज़ू से होगा. दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को आर्कटिक ओपन में कनाडा की मिशेल ली से पहले दौर में मिली निराशाजनक हार के बाद अपने प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले मुद्दों को जल्दी से जल्दी हल करना होगा, एक प्रतिद्वंद्वी जिसे वह पहले 10 बार हरा चुकी हैं.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** — बारहवें गुरु चंद्रमा हैं. प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. धर्म और अपनों पर खर्च अधिक होगा. पर रोजगार की समस्या का समाधान भी संभव है. व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. कशमकश दूर होगी. स्वजनों से भेंट होगी.

**वृष** — नए कार्य से आय होगा. साथ ही व्यवसाय ठीक चलेगा. शत्रुभय रहेगा. लाभ होगा. पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है. अनावश्यक विवाद होगा. व्यावसायिक योजनाएं क्रियान्वित नहीं हो पाएंगी.

**मिथुन** — पिता से लाभ होगा. साथ ही पिता का पुराना रोग उभर सकता है. वाणी पर नियंत्रण रखें. व्यापार के विस्तार के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे. संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे. दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें. परिवार की चिंता रहेगी.

**कर्क** — कोई धार्मिक यात्रा का प्रबल योग है . धर्म में मन लगेगा. सरकार या कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे. कार्यसिद्धि होगी. आय-व्यय में संतुलन रहेगा. क्रोध पर संयम आवश्यक है. व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे. धर्म में रुचि बढ़ेगी. नयी योजना से लाभ होगा.

**सिंह** — व्यवसाय ठीक चलेगा. निवेश शुभ रहेगा. जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं. अच्छे मित्र से भेंट होगी. पराक्रम की वृद्धि होगी. समाज-परिवार में आदर मिलेगा. गुड़ और जल का दान करें.

**कन्या** — पार्टनर से विवाद न करें. व्यवसाय ठीक चलेगा. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. पूंजी निवेश बढ़ेगा. साहित्यिक रुचि बढ़ेगी. आर्थिक योग शुभ हैं. यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है. सुसंगति से लाभ होगा. माता दुर्गा की सेवा करें.

**तुला** — उदर रोग से बचें. गलत या कुसंगति से बचें. दूसरों पर भरोसा न करें. धैर्य रखें. पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा. रुका पैसा मिलेगा. शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे. अतः सावधान रहें. व्यापार में सफलता मिलेगी. जल और फल का दान करें.

**वृश्चिक** — शिक्षा के संबंध में कोई यात्रा हो सकती है. किसी नया कार्य से अप्रत्याशित लाभ होगा. जोखिम बिल्कुल न लें. धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी. व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी. गृह उपयोगी वस्तुएं क्रय करेंगे.

**धनु** — माता से संबंध मधुर होगा. साथ ही माता का आशीर्वाद भी मिलेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. कार्य व व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा. विवादों से दूर रहना चाहिए. आर्थिक तंगी रहेगी. पिछले कार्यों को टालें. पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा.

**मकर** — बेकार के लफड़ों से आप दूर रहेंगे. छोटी यात्रा सफल रहेगी. धनलाभ होगा. प्रसन्नता बनी रहेगी. वाहन सुख मिलेगा. संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें. परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**कुंभ** — कोई आर्थिक लाभ का योग बन रहा है. पर वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. लेन-देन में सावधानी रखें. आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी. आपके व्यवहार व कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा.

**मीन** — लग्न में चंद्रमा गुरु का योग है. समय बहुत ही उत्तम है. सफलता हासिल करेंगे. स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा. थकान रहेगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. पराक्रम बढ़ेगा. जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं. कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी.

## खूंटी में अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**खूंटी।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी और बिरसा कॉलेज खूंटी में सोमवार को मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से रानिया और मुरहू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया. तीन पालियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया, इवीएम वीवीपैट की तकनीकी जानकारी, निर्वाचन मार्गदर्शिका से जुड़े कई संपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी गाइड लाइंस का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराया जा सके.

## खूंटी में ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर एक की मौत, एक की हालत नाज़ुक

**खूंटी।** खूंटी-तमाड़ रोड पर पर बाड़ी गांव के समीप सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर एक स्कूटी को टक्कर मारते हुए मौके पर पलट गया. इस दुर्घटना में स्कूटी चालक एक अधेड़ ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई जबकि स्कूटी पर सवार उसकी रिश्तेदार 19 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई. मृतक की पहचान सायको थानांतर्गत जिरिंगकेला गांव निवासी 58 वर्षीय परता मुंडा के रूप में हुई है. गंभीर रूप से घायल उसकी रिश्तेदार 19 वर्षीय युवती बिंदी मुंडा को खूंटी के केएस गंगा नामक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. जानकारी के अनुसार, परता मुंडा अपने रिश्तेदार उक्त युवती के साथ स्कूटी से खूंटी की ओर आ रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रहे उक्त तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर घटनास्थल के समीप पलट गया. दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया. दुर्घटना की सूचना मिलते ही सायको थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सड़क पर पड़े शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा.

### तीन दिवसीय 17वें राष्ट्रीय कुड़ुख भाषा साहित्य सम्मेलन का हुआ समापन, शोध पत्रिका कुड़ुख डहरे का हुआ विमोचन

# भोपाल में जुटे 13 राज्यों के विद्वान, कुड़ुख के महत्व पर हुई चर्चा

संवाददाता। रांची

कुड़ुख लिटरेरी सोसाइटी ऑफ इंडिया नयी दिल्ली के तत्वावधान में भोपाल के कैंपियन स्कूल के ऑडिटोरियम में कुड़ुख भाषा का 17वां राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जनजाति भाषा अनुसंधान एवं विकास केंद्र, भोपाल के निदेशक विनोद कुमार, विशिष्ट अतिथि पूर्व आईएएस सरजियस मिंज, सोसाइटी के उपाध्यक्ष अथनस टोप्पो उपस्थित हुए. सम्मेलन में 13 राज्यों के कुड़ुख साहित्यकार, प्रोफसर, शिक्षक, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे. कार्यक्रम में सोसाइटी की ओर से बेस्ट पीएचडी अवॉर्ड डॉ कीर्ति मिंज, बेस्ट कुड़ुख साहित्यकार डॉ इसाबेला लकड़ा और बेस्ट एमए अवॉर्ड प्रियंका कुमारी को सम्मानित किया गया. कुड़ुख में शोध पत्रिका कुड़ुख डहरे भाग 1, भाग - 2 और कुड़ुख बओत पुस्तक का विमोचन किया गया. इस अवसर पर झारखंड के पूर्व चैप्टर चीफ बिरेंद्र उरांव ने बताया कि कुड़ुख भाषा का 18वां राष्ट्रीय सम्मेलन झारसुगुड़ा (ओडिशा) में आयोजित की जाएगी. सम्मेलन का पहला प्रथम सत्र में कुड़ुख आधुनिक कहानी व कुड़ुख कविता पर 33 लोगों ने व्याख्यान दिया.

**ये निर्णय लिए गए**

- कुड़ुख भाषा को देश विदेश में प्रचार प्रसार किया जाएगा
- कुड़ुख भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराया जाएगा

दूसरे सत्र में कुड़ुख भाषा साहित्य के महत्व, दशा व दिशा पर 11 लोगों ने व्याख्यान दिये. तीसरे सत्र में टेक्निकल सेशन हुआ. मौके पर प्रो. धीरज उरांव, सुशीला लकड़ा, सुशील कुजूर, निकोलस टोप्पो, डेविड बाड़ा, यूजिन टोप्पो, एफ टोप्पो, जोसोबियुस एक्का, महेन्द्र उरांव का चयन किया गया.




कुड़ुख साहित्य सम्मेलन में शामिल 13 राज्यों के प्रतिनिधिगण.

### भाजपा नेताओं में है बेताबी, गठबंधन पर नजर, झामुमो का टिकट फिक्स

# विस चुनाव को लेकर ईचागढ़ में बढ़ी राजनीतिक गतिविधि

दिलीप कुमार। चांडिल

आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है. वर्तमान विधायक के साथ चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवारों ने अपनी गतिविधि तेज कर दी है. क्षेत्र के विकास को लेकर पांच सालों में जितना शिलान्यास नहीं हुआ, शायद उतना शिलान्यास बीते दो माह में हो गया. चुनाव की घोषणा होने के पहले से ही संभावित उम्मीदवार जनसंपर्क अभियान शुरू कर चुके हैं. मतदाताओं की नब्ज टटोलना शुरू कर देते हैं. वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में नेताओं का पार्टी बदलने का दौर भी प्रारंभ हो चुका है. गांव स्तर के कार्यकर्ता व समर्थक के अलावा कद्दावर नेता भी चुनाव में संभावित हार-जीत का आंकलन करते हुए संगठन बदलने लगे हैं. ईचागढ़ विस क्षेत्र में कमजोर पड़ते संगठन के नेता क्षेत्र में दूसरे राजनीतिक दलों के सक्रिय नेताओं को अपने संगठन में शामिल कराने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देते हुए दाना डालना शुरू कर चुके हैं.

**भाजपा में बेताबी का आलम :** विधानसभा चुनाव को लेकर सबसे अधिक बेताबी भाजपा में देखी जा रही है. वैसे एनडीए गठबंधन में अभी सीटों का बंटवारा की घोषणा नहीं हुई है. अगर यह सीट भाजपा को मिलती है तो भाजपा में घमासान शुरू हो जाएगा. संगठन में चुनाव लड़ने के लिए कई दावेदार हैं. संगठन को उन सभी के बीच तालमेल बैठाकर चुनाव लड़ना होगा. भाजपा नेताओं के बीच सामंजस स्थापित करना संगठन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो सकती है. बताया जा रहा है कि भाजपा में बाहरी-भीतरी का भी मामला है. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नेता एकजुटता दिखाते हुए संगठन को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नेता को ही टिकट देने की मांग कर चुके हैं. विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ स्थानीय नेताओं ने प्रदेश में परेड कर अपनी एकजुटता भी दिखायी है. जानकारी के अनुसार भाजपा के कुछ नेता तो अपने को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का साबित करने के लिए विभिन्न माध्यमों का सहारा लेने में जुटे हुए हैं, ताकि उन्हें बाहरी न कहा जा सके.




**इन राजनीतिक दलों का टिकट लगभग फाइनल**

झारखंड की राजनीति में तेजी से उभरकर सामने आए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा में भी टिकट को लेकर मारामारी की स्थिति है. संगठन में ईचागढ़ से चुनाव लड़ने के लिए एक दर्जन से अधिक नेताओं का आवेदन जमा हुआ है. जेएलकेएम के नेता भी विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय होकर काम कर रहे हैं. वहीं विधानसभा चुनाव में कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं का टिकट लगभग फिक्स है. इनमें पहला नाम झामुमो का है. झामुमो का टिकट झारखंड आंदोलन को धार देने वाले शहीद निर्मल महतो के परिवार को देना लगभग फिक्स रहता है. झारखंड राज्य गठन के बाद यहां पहले दिवंगत सुधीर महतो और उनके निधन के बाद उनकी पत्नी सविता महतो चुनाव लड़ रही हैं. सविता महतो वर्तमान में ईचागढ़ से विधायक हैं. वहीं एनडीए की घटक दल आजसू पार्टी का टिकट भी हरेलाल महतो के लिए कंफर्म माना जा रहा है. आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो भी इसके विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं.

**राजनीति में हाशिये पर ईचागढ़**

राजनीति के क्षेत्र में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र बीते चार दशकों से हाशिये पर है. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोग चुनाव में मतदाता और राजनीति में कार्यकर्ता बनकर ही रह गए हैं. विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने ईचागढ़ विस क्षेत्र में अब तक ईचागढ़ के किसी नेता को टिकट नहीं दिया है. वहीं संगठन में भी यहां से अब तक किसी को जिलाध्यक्ष नहीं बनाया है. यही हाल राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस का भी है. कांग्रेस तो ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ना लगभग भूल चुकी है. कांग्रेस के टिकट पर अंतिम बार हिकिम चंद्र महतो चुनाव लड़े थे. इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में इस बार भी शायद चुनाव नहीं लड़ेगी. राजनीतिक दलों में स्थान नहीं मिलने के कारण ईचागढ़ के जानकार युवा इस क्षेत्र में कदम नहीं रख रहे हैं. क्षेत्र में सक्रिय व मजबूत राजनीतिक दलों में स्थान नहीं मिलने के कारण ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई लोग स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं.

### ईवीएम डिस्पैच सेंटर व वाहन कोषांग का निरीक्षण

## समय पर डिस्पैच सेंटर नहीं पहुंचने वाले चुनाव कर्मी पर होगी कार्रवाई



संवाददाता। लातेहार

आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने ईवीएम डिस्पैच सेंटर व वाहन कोषांग का निरीक्षण किया. डिस्पैच सेंटर के निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने समय पर पोलिंग पार्टी को डिस्पैच करने का निर्देश दिया. उन्होंने डिस्पैच सेंटर के टेबल में पार्टी नंबर के साथ-साथ बूथ नंबर व वाहन संख्या भी अंकित करने का निर्देश दिया.इसके अलावा रिप्लेसमेंट काउंटर बनाने का निर्देश दिया. कहा कि जो पार्टी समय पर डिस्पैच सेंटर नहीं पहुंचेंगे उसपर कार्रवाई होगी. उन्होंने ट्रैनिंग के दौरान हीं पोलिंग पदाधिकारियो को इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया. वाहन कोषांग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाहन का सीरियल नंबर एवं हर वाहन में बूथ नंबर अवश्य रूप से अंकित करने का निर्देश दिया. उन्होने यहां पीने का पानी और शौचालय की व्यवस्था का निर्देश दिया. मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक प्रवीण गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा चंदन समेंत जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### टायर व्यवसायी गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव हत्याकांड

## प्रीति श्रीवास्तव के परिवार को सालभर बाद भी नहीं मिला न्याय

संवाददाता। रांची

टायर व्यवसायी गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव को 11 दिसंबर 2023 की रात रांची के रातू रोड इलाके में गोली मारी गई थी. उन्हें सीने और पेट में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें तुरंत रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया. हालांकि, गोली निकालने के बाद भी संक्रमण के चलते उनकी हालत बिगड़ गई और चार दिन बाद ही उनकी मौत हो गई. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है, न ही इस मामले में कुछ भी खुलासा कर पाई है. गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव की पत्नी, प्रीति श्रीवास्तव अपने पति की हत्या के बाद बेहद परेशान हैं. उन्होंने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला है. उनके पति की मृत्यु ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है और वे न्याय की मांग कर रही हैं.



अब तक सरकार से कोई आधिकारिक राहत पैकेज गोपाल श्रीवास्तव के परिवार को नहीं मिला है. उनकी पत्नी इस त्रासदी के बाद गहरे सदमे में हैं और न्याय व सहायता की उम्मीद कर रही हैं. ऐसे मामलों में पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के लिए सरकार से गुहार लगा रही है. प्रीति श्रीवास्तव लगातार सुखदेव नगर थाना और कोतवाली थाना के चक्कर लगाकर इंसाफ की गुहार लगा रही हैं. वह अपने पति की हत्या के मामले में न्याय चाहती हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.

**अनियमितता** — मृतक को जीवित बता कर मस्टर रोल में नाम चढ़ाया, काम से अधिक भुगतान के रिकॉर्ड मिले

# महत्वाकांक्षी बागवानी योजना बनी लूट की योजना : जेम्स हेरेंज

आशीष टैगोर। लातेहार



सरकार की महत्वाकांक्षी बागवानी योजना लूट की योजना बन गयी है. इसकी एक बानगी लातेहार के पांडेयपुरा पंचायत में देखने को मिली. रोलो देवी की मृत्यु 27 अगस्त 2023 को ही हो चुकी है. उसका पंजीकरण संख्या डी 2023-20-02725-000019 है. हैरत यह है कि पंचायत कर्मियों ने उनके नाम से निर्गत जॉब कार्ड 007/14840 में उसका जीवित दिखा कर मस्टर रोल संख्या 41009 में ग्राम हेठबेसरा में सारु अंसारी के जमीन पर कूप निर्माण 25 फरवरी 2024 को कार्य करते हुए दिखाया है. इसी प्रकार मुक्का गांव की नाबालिग बच्ची नीता कुमारी पिता पिता पूरन उरांव का आधार कार्ड के अनुसार जन्म तिथि 10/02/2013 है. लेकिन उनके नाम से मनरेगा जॉब कार्ड में 18 साल दिखाकर जॉब कार्ड संख्या 006/2000 निर्गत किया गया है. पूरे पांडेयूपरा पंचायत में बिचौलिया और मनरेगाकर्मियों की सांठगांठ से बागवानी, टीसीबी, मेढ़बंदी योजनाओं रेवड़ी की भांति स्वीकृति किया गया है. योजनाओं में 90 फीसदी मजदूरों के नाम फर्जी मस्टर रोल संधारित कर जमकर सरकारी राशि लूटी जा रही है. यह खुलासा नरेगा सहायता केंद्र के द्वारा की गयी पड़ताल में सामने आया है. झारखंड नरेगा वाच के राज्य संयोजक जेम्स हेरेंज ने सोमवार को शुभम संदेश से इसे ले कर बातचीत की और कई जानकारी दी. उन्होने कहा कि बागवानी की योजना लूट की योजना बन गयी है.

**90 प्रतिशत से अधिक हैं फर्जी मजदूर**

हेरेंज ने बताया कि असब तोपनो के नाम वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4.17 लाख का बागवानी स्वीकृत हुआ है और अब तक 2.52 खर्च हो चुका है. योजना पूरी तरह क्रियान्वित भी नहीं हुई थी कि उनकी पत्नी रुद तोपनो के नाम इस वित्तीय वर्ष में भी 4.17 लाख का योजना पारित हुआ और 40 हजार खर्च हो चुके हैं. जब असफ के बागवानी योजना के मजदूरों का नाम सार्वजानिक रूप से पढ़ा गया तो ग्रामीणों ने 90 फीसदी मजदूरों के नाम फर्जी होने की बात बताई.

**काम से अधिक किया गया भुगतान :** जब इस बंदरबाट की जानकारी नरेगा सहायता केंद्र की टीम व अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को लगी तो उन्होने गत 12 अक्टूबर को पांडेयपूरा पंचायत का दौरा किया. इस दौरे में झारखंड नरेगा वाच के राज्य संयोजक जेम्स हेरेंज व सामाजिक कार्यकर्ता सेलेस्टीन कुजूर भी शामिल थे. उन्होने कढ़िमा गांव के एक दर्जन से अधिक योजनाओ की जानकारी ली. बातचीत के दौरान श्री हेरेंज ने बताया कि ग्रामीणों के साथ ऑनलाइन रिकार्ड का मिलान किया. तब जा कर यह खुलासा हुआ. लाभुक विजय मिंज और उनकी पत्नी मरियम मिंज दोनों पति- पत्नी के नाम से बागवानी योजना अलग – अलग पारित है. दोनों योजनाओं को मिलाकर कुल प्राक्कलित राशि 8.55 लाख है. दोनों ने बताया कि उन दोनों के अलावा चुलेसर यादव ने कार्य किये थे. काम कराने वाले मुक्का (खैराटोली) निवासी प्रकाश साव हैं.

## पेज एक का शेष

### मईंया सम्मान योजना में अब...

**गोड्डा में डिग्री कॉलेज की होगी स्थापना :** गोड्डा के ठाकुरगंगटी में डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाएगी. इसके लिए 39 करोड़ 31 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई. वहीं बहरागोड़ा में महिला कॉलेज की स्थापना के लिए 38.20 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई. राजकीय पोलिटेक्निक चाकुलिया के लिए 134 करोड़ 18 लाख, अभियंत्रण कॉलेज जमशेदपुर के लिए 254,93 करोड़ और राजकीय पोलिटेक्निक पोटका के लिए 136.13 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई. रिनपास निदेशक के नियुक्ति नियमावली में संशोधन की स्वीकृति दी गई.

**हेमंत बोले- सरकार घोषणा पर नहीं, काम पर विश्वास करती :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट की बैठक समाप्त होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार घोषणाओं पर विश्वास नहीं करती, काम करने और फैसला लेने पर विश्वास करती है. यही कारण है कि मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 रुपए से बढ़ा कर 2500 रुपए करने का फैसला लिया गया है. बीजेपी की ओर से सत्ता में वापसी को लेकर किए जा रहे दावे पर हेमंत सोरेन ने कहा कि अब राज्य में विपक्ष का ख्याली पुलाव पकने वाला नहीं है.

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस समेत...

**20 करोड़ से अधिक का पाइपलाइन घोटाला :** दरअसल, रांची के सदर थाना में जल जीवन मिशन के तहत मामला दर्ज हुआ था. करोड़ों रुपए के पाइपलाइन घोटाले मामले में विभाग के कैशियर संतोष कुमार की अप्रैल, 2024 में गिरफ्तारी हुई थी. वहीं, गिरफ्तारी के दौरान संतोष के घर से 50 लाख रुपए से अधिक बरामद हुए थे. बता दें कि पुलिस ने संतोष को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित उसके ससुराल से गिरफ्तार किया था. पुलिस के मुताबिक, फर्जी बिल के सहारे 20 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी हुई थी. पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2012 में पेयजल विभाग ने रांची में पाइपलाइन बिछाने का काम एलएंडटी कंपनी को दिया था. इस प्रोजेक्ट का बजट 200 करोड़ था, लेकिन किसी कारणवश इस प्रोजेक्ट को बीच में ही रोकना पड़ा. पुलिस के मुताबिक, विभागीय कर्मचारी ने इस मौके का फायदा उठाते हुए दो निजी कंपनियां बनाई और अपने सगे-संबंधियों के बैंक में खाते खुलवाए. इस दौरान एलएंडटी कंपनी द्वारा किए गए काम के एवज में फर्जी बिल बनाकर करोड़ों की निकासी की.

**ईडी बताये कि रेड में क्या कुछ मिला :** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि ईडी को सोमवार शाम तक मीडिया को बताना चाहिए कि रेड में उनको मेरे पीएस और मेरे आवास पर क्या कुछ मिला. उन्हें बताना चाहिए कि कितने रुपए और कितनी संपति उन्हें रेड में मिली और क्या काग़ज़ात मिले. मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड से भाजपा का सफ़ाया होना तय है. पलामू प्रमंडल में भाजपा खाता भी नहीं खोल पाएगी.

**मंत्री के भाई व बिजनेस पार्टनर के घर चाईबासा में रेड :** ईडी की टीम सोमवार की सुबह से मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर और उनके बिजनेसमैन पार्टनर वेदांत खिरवार के ठिकानों पर छापेमारी की. जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम करीब ढाई बजे रात में ही चाईबासा पहुंच गयी थी. ईडी की टीम सबसे पहले अमला टोला स्थित मंत्री के भाई विनय ठाकुर के आवास पर पहुंची और सुबह चार बजे से उनकी आवास में छापेमारी शुरू की. विनय ठाकुर से पूछताछ के बाद उनके बिजनेस पार्टनर मधु बाजार निवासी वेदांत खिरवार के यहां भी एक टीम छापेमारी करने गयी.वहीं वेदांत खिरवार के गोदाम की भी तलाशी ली.

**मंत्री के पीएस के घर ताला तोड़ कर घुसी ईडी की टीम :** मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह के छप्पन सेठ डोरंडा स्थित आवास में ताला तोड़ ईडी घुसी. रांची पुलिस की मौजूदगी में घर का ताला तोड़ा गया. ताला तोड़ने का वीडियो रिकॉर्डिंग किया गया. ताला तोड़ने के बाद ईडी की चार अधिकारी अंदर घुसी.चाभी बनाने वाले मिस्त्री को भी बुलाया गया.उसके बाद अंदर के कई ताला का चाभी बनवाकर खोला गया.

### डारॉन, साइमन और जेम्स बने...

संस्थाओं का महत्वः एसिमोग्लू, जॉनसन और रॉबिन्सन के अनुसार, अच्छी संस्थाएं आर्थिक विकास को बढ़ावा देती हैं क्योंकि वे निवेश को प्रोत्साहित करती हैं, संपत्ति के अधिकारों की रक्षा करती हैं, और नवाचार को बढ़ावा देती हैं. दूसरी ओर, खराब संस्थाएं आर्थिक विकास को रोकती हैं क्योंकि वे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती हैं, असमानता को बढ़ाती हैं, और लोगों को गरीबी में धकेलती हैं.

**उनके शोध का महत्वः** इन अर्थशास्त्रियों के शोध ने हमें यह समझने में मदद की है कि क्यों कुछ देशों में गरीबी और असमानता व्याप्त है जबकि अन्य देशों में लोगों का जीवन स्तर लगातार सुधर रहा है. उनके काम ने विकास अर्थशास्त्र के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान की है और नीति निर्माताओं को देशों के विकास के लिए बेहतर नीतियां बनाने में मदद की है. इसका आम जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ना तय है.

### बहराइच में हालात बेकाबू

**कैसे शुरू हुआ विवाद :** बहराइच में महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में गाने को लेकर हुए विवाद के बाद दूसरे समुदाय के युवकों ने पथराव शुरू कर दिया. इससे दुर्गा प्रतिमा खंडित होने पर पूजा समिति के सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया, तो दूसरे समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24) को घर के अंदर घसीट ले गए और गोली मार दी. उसे बचाने पहुंचे राजन (28) भी गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना का पूरे जिले में विरोध शुरू हो गया. विसर्जन कमेटी के लोगों ने बहराइच-सीतापुर हाईवे पर चहलारी घाट पुल के पास जाम लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया. बहराइच-लखनऊ हाईवे भी जाम कर दिया गया.

**छतों से हुई पत्थरबाजी :** बवाल के बाद रात को सैकड़ों जगह प्रतिमा विसर्जन रोक दिया गया. मामला बढ़ता देख छह थानों की पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार शाम महसी तहसील की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था. महराजगंज कस्बे में पहुंचने पर दूसरे समुदाय के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी. प्रतिमा के साथ चल रहे लोगों ने इसका विरोध किया तो छतों से पथराव शुरू कर दिया गया. इस पर समिति के सदस्य प्रदर्शन करने लगे तो हजारों की भीड़ मौके पर पहुंची और उपद्रव शुरू कर दिया.

### छत्तीसगढ़ में आक्रामक भीड़ ने आरोपी के घर...

**क्या है मामला :** बीते रविवार की शाम को जब प्रधान आरक्षक तालिब और आरक्षक घनश्याम सोनवानी चौपाटी पर खड़े थे. तब अचानक कुलदीप ने बिरयानी सेंटर से कड़ाही पर मौजूद गर्म तेल सिपाही घनश्याम पर उड़ेल दिया. बेहद गंभीर हालत में घनश्याम सोनवानी को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है. पुलिस को आशंका है कि इस वारदात के बाद कुलदीप भैयाथान रोड स्थित रिंग रोड पर निवासरत प्रधान आरक्षक तालिब के घर पहुंचा और तालिब की पत्नी और बिटिया को बलपूर्वक उठा ले गया. जिसके बाद धारदार हथियार से दोनों लोगों की हत्या कर शव को दो किलोमीटर दूर फेंक दिया. पहली बार राज्य में पुलिस जवान की पत्नी और बेटी की हत्या से लोगों में उबाल है. लोग बहुत ही ज्यादा आक्रोशित हैं.

## ▼ न्यूज अपडेट

### ट्रंप की रैली के पास बंदूकधारी धराया

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के कोचेला में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली में संदिग्ध को बंदूक, कारतूस और कई फर्जी पासपोर्ट संग गिरफ्तार किया गया है. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 49 वर्षीय संदिग्ध वेम मिलर एक काले रंग की एसयूवी चला रहा था, जब उसे सुरक्षा चौकी पर पुलिसकर्मियों ने रोका. उसके पास से दो हथियार और एक 'हाई-कैपेसिटी मैगजीन' बरामद हुई. यूएस सीक्रेट सर्विस ने दावा किया है कि ट्रंप 'पर कोई खतरा नहीं था'. इस घटना से सुरक्षा अभियानों पर कोई असर नहीं पड़ा है.

### मलयालम अभिनेता बाला गिरफ्तार

**कोच्चि।** मलयालम एक्टर बाला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पूर्व पत्नी और उनकी बेटी की ओर से लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद एक्टर को गिरफ्तार किया गया है. 41 वर्षीय एक्टर ने साल 2010 में शादी की थी और वह 2019 में अलग हो गए थे. उनकी पूर्व पत्नी टीवी शो में एक पॉपुलर सिंगर हैं. एक्टर के खिलाफ लेटेस्ट मामला उनकी पूर्व पत्नी ने शनिवार को कोच्चि के कदवन्तरा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया था. पुलिस ने एक्टर को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था लेकिन बाला पेश नहीं हुए थे.

### हरियाणा कांग्रेस प्रभारी देंगे इस्तीफा!

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर राहुल गांधी को इस्तीफा देने की पेशकश की है. उन्होंने कहा कि वह स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से अभी काम करने में असमर्थ हैं. बीते दिनों उन्हें उनके खराब स्वास्थ्य की वजह से एम्स में भी भर्ती करवाया गया था. डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है. बता दें कि हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा था.

### कानपुर में भीषण हादसा, पांच की मौत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. यह हादसा रामादेवी से पनकी भौती जाने वाले हाईवे पर हुआ है. हाईवे पर सुबह एक तेज रफ्तार डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे डंपर के पीछे चल रही कार उसमें जा टकराई, इसके बाद दोनों वाहनों के पीछे चल रहे ट्राला ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. दो ट्रकों के बीच कार के एक्सीडेंट में परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

### सपा नेता आजम खान को झटका

**नयी दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी जिसमें रामपुर में जौहर स्कूल के लिए आवंटित जमीन के पट्टे को रद्द कर दिया गया था और उत्तर प्रदेश सरकार को भूमि अधिग्रहण की इजाजत दे दी गई थी. शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया. इससे पहले याचिकाकर्ता आजम खान की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे थे.

### दिल्ली सीएम की पीएम से मुलाकात

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. दोनों की शिष्टाचार मुलाकात पीएम आवास पर हुई. इसकी तस्वीर प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की है. दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने पहली बार पीएम मोदी से मुलाकात की. आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा कि मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं.

### कार दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**ग्वाटेमाला सिटी।** दक्षिणी ग्वाटेमाला में एक कार दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई. स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि मरने वालों में नाबालिग भी शामिल हैं. अग्निशमन विभाग के अधिकारी विक्टर गोमेज ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि यह दुर्घटना रविवार सुबह हुई. एक पिकअप ट्रक प्यूर्टो क्वेटजल हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई. दुर्घटना में ट्रक में सवार छह लोगों की मौत हो गई. अग्निशमनकर्मियों ने मशक्कत से आग पर काबू पाया.

### लिथुआनिया के चुनाव में विपक्ष आगे

**विनियस।** लिथुआनियाई सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसदीय चुनावों के पहले दौर में जीत हासिल की. उसे 19.36 प्रतिशत वोट और 70 में से 18 सीटें मिलीं. सत्तारूढ़ रूढ़िवादी होमलैंड यूनियन-लिथुआनियाई क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स ने 17.96 प्रतिशत वोट के साथ संसद में 17 सीटें जीतीं. रेमिगिजस जेमाइटाइटिस की नई पंजीकृत पार्टी द डॉन ऑफ द नेमुनास (नेमुनो औसरा) 14.99 प्रतिशत वोट के साथ उसे 14 सीटें मिलीं. डेमोक्रेटिक यूनियन फॉर लिथुआनिया को 9.24 प्रतिशत वोट मिले.

### अस्पतालों में मेडिकल प्रोडक्ट्स की कमी

**सैक्रामेंटो।** अमेरिका में हेल्थ केयर प्रोवाइडर को मेडिकल प्रोडक्ट्स की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है. तूफान हेलेन और मिल्टन ने इंट्रावेनस (आईवी) फ्लुइड्स की सप्लाई चेन को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है. अमेरिका में सबसे बड़े अस्पताल-बेस्ड रिसर्च एंटरप्राइज, मास जनरल ब्रिघम ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह रविवार से कम से कम बुधवार तक गैर-आपातकालीन, वैकल्पिक प्रक्रियाओं को स्थगित कर देगा. साफ नहीं है कि आईवी फ्लुइड्सकी आपूर्ति कब सुधरेगी.

---

**पड़ताल :** मुंबई में एनसीपी नेता सह पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के अगले टॉरगेट कौन-कौन

# सलमान खान, सगुनप्रीत सिंह, कौशल चौधरी...हैं निशाने पर

**लगातार न्यूज नेटवर्क**

महाराष्ट्र के मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई फिर चर्चा में है. लॉरेंस वैसे तो गुजरात की साबरमती जेल में बंद है, लेकिन उसके इशारे पर गुर्गे लगातार वारदात को अंजाम देते आ रहे हैं. राष्ट्रीय जांच एजेंसी कई मामलों में लॉरेंस बिश्नोई पर शिकंजा कस रही है. पिछले दिनों एनआईए की पूछताछ में लॉरेंस ने अपने 5 टॉरगेट के बारे में खुलासा किया था. इनमें पहले नंबर पर बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का नाम था.

लॉरेंस बिश्नोई ने एनआईए के सामने कुबूल किया था कि वो सलमान खान को मारना चाहता है. इसके पीछे वजह भी बताई थी. लॉरेंस का कहना था कि काले हिरण के शिकार मामले से वो सलमान से नाराज है. लॉरेंस ने एनआईए समेत तमाम एजेंसियों के सामने जो कहा वो किया भी. सलमान पर हमला करने के लिए दो बार रेकी करवाई और तीसरी बार घर पर फायरिंग करवाई. लॉरेंस बिश्नोई के मुताबिक, साल 1998 में सलमान खान ने एक फिल्म की शूटिंग के दौरान जोधपुर में काले हिरण का शिकार किया था. काले हिरण को बिश्नोई समाज पूजता है और यही वजह है कि वह सलमान खान को मौत के घाट उतारना चाहता है. इसके लिए लॉरेंस ने अपने सबसे करीबी संपत नेहरा को सलमान की रेकी के लिए भी मुंबई भेजा था. लेकिन संपत को हरियाणा एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया था. महाराष्ट्र के कुछ गैंगस्टर्स ने बिश्नोई के सामने खुलासा किया था कि वो सलमान खान को धमकी भरा लेटर भेजने वाले हैं और सलमान को धमकी भरा लेटर भेजा भी.



### मुंबई में गुजरात से संचालित हो रहा है अंडरवर्ल्ड : संजय राउत

वहीं शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने सोमवार को बाबा सिद्दीकी हत्याकांड पर बयान दिया. उन्होंने कहा कि यह कोई मामूली घटना नहीं है. वह विधायक और पूर्व मंत्री भी रह चुके हैं. संजय राउत ने आगे कहा कि मुंबई के लोगों को परेशान करना, मुंबई के लोगों की हत्या करना. यह पूरा तंत्र गुजरात से संचालित हो रहा है. क्या इन सबको रोका नहीं जा सकता है? उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि मुंबई में एक बार फिर से गैंगवार और अंडरवर्ल्ड की ताकत बढ़ सकती है. जब से यह सरकार आई है, तब से कानून-व्यवस्था लचर है, क्योंकि इस सरकार के पीछे भी अंडरवर्ल्ड की ताकत है और यह अंडरवर्ल्ड गुजरात से चल रहा है. संजय राउत ने कहा कि बाबा सिद्दीकी का कल सरकारी सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया. उनके शव पर तिरंगा लपेटा गया. इसका मतलब कि बाबा सिद्दीकी राज्य के एक सम्मानित व्यक्ति थे.

**सगुनप्रीत सिंह:** लॉरेंस के टारगेट पर पंजाबी गायब सिद्धू मूसावाला का मैनेजर सगुनप्रीत है, सगुन ने लॉरेंस बिश्नोई के करीबी विक्की मिद्दुखेड़ा के शूटरों को पनाह दी थी. मिद्दुखेड़ा की मोहाली में हत्या की गई थी. छात्र राजनीति के समय से लॉरेंस गैंग विक्की मिद्दुखेड़ा को भाई समान मानते थे. उसकी 2021 में हत्या कर दी गई थी.

**गैंगस्टर मनदीप धालीवाल:** गैंगस्टर मनदीप धालीवाल को लॉरेंस ने हिट लिस्ट में तीसरे नंबर पर रखा है. धालीवाल को बंबीहा गैंग के लीडर लक्की पटियाल का बेहद करीबी माना जाता है. लॉरेंस बिश्नोई ने एनआईए को बताया था कि वो मनदीप को इसलिए मारना चाहता है, क्योंकि उसने भी विक्की मिद्दुखेड़ा के कातिलों को शेल्टर देने में मदद की थी. इसने अपने गैंग का नाम ठग लाइफ रखा हुआ है. मनदीप, लकी पटियाल का धंधा मैनेज करता है.

**गैंगस्टर कौशल चौधरी:** कौशल चौधरी फिलहाल गुरुग्राम की जेल में बंद है. ये लॉरेंस बिश्नोई और उसकी गैंग का जानी दुश्मन है. बिश्नोई इसे हर हाल में मारना चाहता है. लॉरेंस के कबूलनामे के मुताबिक, कौशल चौधरी ने भी सिर्फ विक्की मिद्दुखेड़ा के कातिलों भोलू शूटर, अनिल लठ और सन्नी लेफ्टी को हथियार मुहैया करवाये थे. कौशल चौधरी बेहद कुख्यात गैंगस्टर माना जाता है.

**अमित डागर:** अमित डागर बंबीहा गैंग का हेड है. ये लॉरेंस बिश्नोई का विरोधी गैंग है. विक्की की हत्या की प्लानिंग इसी ने की थी. लॉरेंस ने एनआईए को बताया था कि लक्की पटियाल मेरा दुश्मन गैंग है. लक्की के कहने पर ही मेरे करीबी और गोल्डी के भाई गुरलाल बराड़ का कत्ल किया गया था. बंबीहा गैंग ने ही विक्की मिद्दुखेड़ा के शूटर्स और रेकी करने वालों को छिपने में मदद की थी.

**हिटलिस्ट में मुनव्वर फारूकी भी :** लॉरेंस विश्नोई की हिटलिस्ट में कामेडियन मुनव्वर फारूकी सहित कई नेता और सिलेब्स का नाम भी है. रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर के महीने में कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी बिश्नोई गैंग का निशाना बनने से बचे हैं. वह इवेंट में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से दिल्ली गए थे. मुनव्वर जिस फ्लाइट में थे, उसमें लॉरेंस बिश्नोई के दो शूटर्स भी थे. दोनों ने दक्षिणी दिल्ली के सूर्या होटल में कमरा बुक किया था. इसी होटल में मुनव्वर भी रुके थे. दिल्ली पुलिस टीम उन शूटर्स की पहले से तलाश में थी क्योंकि उन्होंने दिल्ली के एक बिजनसमैन का भी खून किया था.

---

# इजराइल में 'थाड' की तैनाती से भड़का ईरान

**लगातार न्यूज नेटवर्क**

मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने अपने सबसे एडवांस्ड मिसाइल डिफेंस सिस्टम में से एक, टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) को 100 अमेरिकी सैनिकों के साथ इजराइल में तैनात करने का फैसला लिया है. इस महीने की शुरुआत में इजराइल पर ईरान के बड़े मिसाइल अटैक को देखते हुए यह कदम उठाया गया. थाड की तैनाती से इजराइल की सुरक्षा मजबूत होगी. थाड एक अत्याधुनिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम है. इसे छोटी, मीडियम और इंटरमीडिएट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है. ईरान ने इस पर चेतावनी दी कि इजराइल में अपने सैनिकों को तैनात करके अमेरिका इनकी जान खतरे में डाल रहा है.

पेंटागन ने कहा कि वह ईरानी मिसाइल हमलों के बाद इजराइल की मिसाइल रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए वहां थाड बैटरियां तैनात करेगा. थाड में लगातार सुधार किए जा रहे हैं ताकि उभरते खतरों के खिलाफ इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सके. वहीं ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि इजराइल में अपने सैनिकों को तैनात करके अमेरिका इनकी जान खतरे में डाल रहा है. अराघची ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी की. मंत्री ने अमेरिका पर इजराइल को 'अभूतपूर्व स्तर की सैन्य मदद'' प्रदान करने का आरोप लगाया. उन्होंने आंकड़ें भी साझा किए जिनके मुताबिक 2024 में इजराइल को अमेरिकी सैन्य सहायता 17.9 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी, जो एक रिकॉर्ड होगा. बता दें ईरान की ओर से 1 अक्टूबर की रात इजराइल पर बड़ा मिसाइल अटैक किया गया. इजराइल के चैनल 13 टीवी समाचार के मुताबिक ईरान की ओर से कम से कम 200 जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिससे पूरे देश में सायरन बजने लगे और लाखों लोग शेलटर्स की ओर भागे. ईरान का कहना है कि यह बमबारी हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया, हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अब्बास निलफोरुशन की हत्याओं के जवाब में की गई. ईरान हमास और हिजबुल्लाह को खुलकर समर्थन देता आया है. ईरानी हमले के कुछ घंटों बाद, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के दौरान कहा था कि ईरान ने आज रात एक बड़ी गलती की है, और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी.

**तेहरान की चेतावनी, अपने सबसे एडवांस्ड एंटी मिसाइल सिस्टम से यहूदियों की जान खतरे में डाल रहा अमेरिका**



### मिसाइलों को उड़ान के शुरुआती चरण में ही रोक देती 'थाड'

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक थाड में, आने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को उनकी उड़ान के शुरुआती चरण में ही रोक देने की क्षमता है. इसका रडार 870 से 3,000 किमी की दूरी से खतरे को ट्रैक कर सकता है. एक स्टैंडर्ड थाड बैटरी में छह ट्रक-माउंटेड लॉन्चर शामिल होते हैं जिनमें से प्रत्येक में रडार और रेडियो उपकरण के साथ आठ इंटरसेप्टर तक हो सकते हैं. मीडिया की खबरों के मुताबिक हर लॉन्चर को फिर से लोड करने में लगभग 30 मिनट लगते हैं और एक पूरी बैटरी को ऑपरेट करने के लिए 95 अमेरिकी सैनिकों की जरूरत होती है. थाड का एक अहम पहलू यह है कि इसे विशेष रूप से अमेरिकी कर्मियों द्वारा ऑपरेट किया जाता है. इसका मतलब है कि इजराइल में इसकी तैनाती के साथ ही अमेरिकी सैनिकों की मौजदूगी भी जरूरी होगी. यही बात ईरान को सबसे ज्यादा परेशान कर रही है.

### हिजबुल्लाह के 200 ठिकानों पर हमले, 28 इजराइली सैनिक घायल

इजराइल-लेबनान सीमा पर रविवार को भी लड़ाई जारी रही. इजराइली सेना ने दावा किया कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के लगभग 200 ठिकानों पर हमला किया, जिसमें रॉकेट लांचर, एंटी-टैंक मिसाइल पोजिशन और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं. सेना ने यह भी बताया कि हिजबुल्लाह लड़ाकों के साथ लड़ाई में 28 सैनिक घायल हुए हैं. आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान के 21 से अधिक गांवों के निवासियों से अवली नदी के उत्तर में स्थित गांवों को खाली करने का अल्टीमेटम दिया है. इजराइली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एड्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अपनी सुरक्षा के लिए, आपको तुरंत अपने घर छोड़ देने चाहिए. बिना देरी किए खाली कर दें. हिजबुल्लाह के तत्व, सुविधाएं या हथियार क्षेत्र में हैं, जो आपकी जान को जोखिम में डाल रहे हैं. वहीं हिजबुल्लाह की तरफ से इजराइली ठिकानों पर हमले जारी हैं. इजराइली अधिकारियों के अनुसार, हिजबुल्लाह ने रविवार शाम तक उत्तरी इजराइल में कम से कम 90 रॉकेट दागे. हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल के बिन्यामीना में गोलानी ब्रिगेड के ट्रेनिंग बेस पर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन को लॉन्च करने की जिम्मेदारी ली. यह हमला इजराइल में एक दुर्लभ घटना है, जिसके दौरान एक ड्रोन इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली को भेद गया और भारी नुकसान पहुंचाया. हमलें में कम से कम चार इजराइली सैनिक मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए.

### हिजबुल्लाह को दोबारा अपने ठिकानों पर कब्जा नहीं करने देंगे: इजराइल

इजराइल का कहना है कि वह मिलिट्री ऑपरेशन खत्म होने के बाद हिजबुल्लाह को दक्षिणी लेबनानी सीमा क्षेत्र पर दोबारा कब्जा नहीं करने देगा. इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि इजराइल 'हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे वाले (दक्षिणी लेबनानी) गांवों की पूरी पहली पंक्ति' को अपना 'मिलिट्री टारेगट' मानता है. गैलेंट ने कहा कि हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने इन गांवों में कई भूमिगत सुरंगों और हथियारों के गोदाम का निर्माण किया है. आईडीएफ सैनिक वर्तमान में इन (हिजबुल्लाह) संपत्तियों को जमीन के ऊपर और नीचे दोनों जगह नष्ट कर रहे हैं. उन्होंने चल रहे छापों को 'शक्तिशाली और प्रभावी' बताया. कहा कि आईडीएफ सैनिकों के वापस चले जाने के बाद भी हम हिजबुल्लाह आतंकवादियों को इन क्षेत्रों में वापस नहीं आने देंगे.

---

जनरल द्विवेदी 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा पर रहेंगे

# सहयोग के नए रास्ते तलाशने को जापान पहुंचे थल सेनाध्यक्ष

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार से जापान की आधिकारिक यात्रा पर हैं. जनरल द्विवेदी की इस यात्रा का उद्देश्य भारत और जापान के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशना है. इसके अलावा भारतीय थल सेनाध्यक्ष की इस यात्रा से भारत और जापान की सेनाओं के बीच होने वाले सैन्य सहयोग को मजबूती मिलने की उम्मीद है. अपनी इस यात्रा के दौरान सेनाध्यक्ष जापान के हिरोशिमा पीस पार्क व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे.

जनरल द्विवेदी 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा पर रहेंगे. भारतीय रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है. 14 अक्टूबर को जनरल द्विवेदी ने जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज के साथ बातचीत की. इसके बाद वह जापान की राजधानी टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारत-जापान संबंधों पर एक चर्चा में शामिल हुए. मंगलवार को जनरल द्विवेदी, जापान के रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत में शामिल होंगे. भारतीय सेनाध्यक्ष के साथ होने वाली बैठकों में जापान के चीफ ऑफ स्टाफ समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे. रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस चर्चा का उद्देश्य भारत और जापान के बीच मजबूत सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना होगा.

### नौसेना चिकित्सा सेवा की महानिदेशक बनाई गईं वाइस एडमिरल कविता सहाय



**नयी दिल्ली।** सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय ने 14 अक्टूबर को नौसेना चिकित्सा सेवा की महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है. रक्षा मंत्रालय के मुताबिक डीजी मेडिकल सर्विसेज एमएस के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, वह एएमसी सेंटर एंड कॉलेज की पहली महिला कमांडेंट थीं. वह आर्मी मेडिकल कोर की कर्नल कमांडेंट के रूप में चुनी जाने वाली पहली महिला अधिकारी भी हैं. रक्षा मंत्रालय के मुताबिक वाइस एडमिरल कविता सहाय को 30 दिसंबर 1986 को सेना चिकित्सा कोर में नियुक्त किया गया था. वह प्रतिष्ठित सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज पुणे की पूर्व छात्रा हैं. उन्होंने प्रतिष्ठित एम्स, नई दिल्ली से पैथोलॉजी में विशेषज्ञता और ऑन्कोपैथोलॉजी में सुपर स्पेशलाइजेशन किया है. वाइस एडमिरल कविता सहाय एएचआरआर और बीएचडीसी में प्रयोगशाला विज्ञान विभाग की प्रोफेसर और प्रमुख रही हैं. वह पैथोलॉजी विभाग, एएफएमसी, पुणे में प्रोफेसर भी रही हैं. उन्हें 2013-14 में अमेरिका के फिलाडेल्फिया के प्रतिष्ठित फाउंडेशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ इंटरनेशनल मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एफएआईएमईआर) फेलोशिप से सम्मानित किया गया था.

---

## श्रीलंका में बारिश का कहर, तीन लोगों की मौत



**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि मौसम की खराब स्थिति के कारण श्रीलंका में सोमवार सुबह तक तीन लोगों की मौत हो गई. रिपोर्ट के अनुसार, डीएमसी ने कहा कि श्रीलंका में सात अक्टूबर से भारी बारिश शुरू हुई और सोमवार सुबह तक देश भर के 12 जिलों में बारिश से उत्पन्न आपदाओं के कारण 34,492 परिवारों के 134,484 लोग विस्थापित हुए हैं. श्रीलंका के सिंचाई विभाग ने पांच मुख्य नदियों के सात स्थानों पर बाढ़ की चेतावनी जारी की है. श्रीलंका के मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, साबरागमुवा, उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी प्रांतों तथा गाले और मतारा जिलों में कुछ स्थानों पर 100 मिमी से अधिक भारी बारिश होने की संभावना है. **एजेंसी**

---

**विवाद** भारतीय उच्चायुक्त व अन्य राजनयिकों को 'निगरानी वाले व्यक्ति' बताने वाले कनाडा के संदेश पर बिफरी नयी दिल्ली

# भारत ने उठाया सख्त कदम, कनाडा से वापस बुलाया उच्चायुक्त

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत ने कनाडा को लेकर और सख्त कदम उठा लिया है. अपने कनाडा के उच्चायुक्त को वापस बुला लिया है. इसके साथ ही भारत ने 'निशाना बनाए जा रहे अन्य राजनयिकों तथा अधिकारियों' को भी वापस बुलाने का फैसला किया है. इससे पहले भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को समन भेजकर तलब किया गया है. सोमवार को दिन में भी भारत ने कनाडा को जमकर सुनाया था. जाहिर है इससे भारत-कनाडा के बीच राजनयिक संबंधों के समाप्त होने का भी अंदेशा बढ़ गया है.

दरअसल, कनाडा ने रविवार को भारत को एक 'राजनयिक संचार भेजा, जिसमें कहा गया था कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उस देश में जांच से संबंधित मामले में 'निगरानी वाले व्यक्ति' हैं.' इससे भारत स्तब्ध रह गया. भारत ने इस पर सोमवार को कहा कि इंडियन हाई कमिशनर और अन्य डिप्लोमेट जांच से जुड़े एक मामले में 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' हैं. भारत ने आरोपों को 'बेतुका' करार दिया. बयान में कहा, "हमें कल कनाडा से एक डिप्लोमेटिक कम्युनिकेशन प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उस देश में जांच से संबंधित मामले में 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' हैं. भारत इन बेतुके आरोपों को दृढ़ता से खारिज करता है और इन्हें ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा मानती है, जो वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित है. बयान में कहा गया कि चूंकि प्रधानमंत्री ट्रूडो ने सितंबर 2023 में कुछ आरोप लगाए थे लेकिन हमारी ओर से कई अनुरोधों के बावजूद, कनाडा सरकार ने भारत सरकार के साथ सबूतों को साझा नहीं किया गया.



### ट्रूडो सरकार पर भारत विरोधी अलगाववादी एजेंडे को लगातार बढ़ावा देने का लगाया आरोप

विदेश मंत्रालय ने जस्टिन ट्रूडो की आलोचना करते हुए कहा कि उनके मंत्रिमंडल में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो भारत के संबंध में चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से खुले तौर पर जुड़े हुए हैं. दिसंबर 2020 में भारतीय आंतरिक राजनीति में उनके सीधे हस्तक्षेप से पता चला कि वे इस संबंध में किस हद तक जाने को तैयार हैं. उनकी सरकार एक राजनीतिक दल पर निर्भर थी, जिसके नेता भारत के संबंध में खुले तौर पर अलगाववादी विचारधारा का समर्थन करते हैं, जिससे मामला और बिगड़ गया. कनाडाई राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप पर आंखें मूंद लेने के लिए आलोचना झेल रही उनकी सरकार ने नुकसान को कम करने के प्रयास में जानबूझकर भारत को इसमें शामिल किया. यह कोई संयोग नहीं है कि यह घटना ऐसे समय हुई जब प्रधानमंत्री ट्रूडो को विदेशी हस्तक्षेप पर एक आयोग के समक्ष गवाही देनी है. यह भारत विरोधी अलगाववादी एजेंडे को भी बढ़ावा देता है जिसे ट्रूडो सरकार ने संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए लगातार आगे बढ़ाया है. ट्रूडो सरकार ने कनाडा में भारतीय राजनयिकों और सामुदायिक नेताओं को परेशान करने, धमकाने और डराने के लिए हिंसक चरमपंथियों और आतंकवादियों को 'जानबूझकर' जगह दी है.

---

# दिवाली से पहले ही खराब हो रही एनसीआर की आबो हवा

- उप्र के नोएडा और गाजियाबाद में एक्यूआई पहुंचा खतरनाक जोन में

**एजेंसी। नोएडा**

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में प्रदूषण का स्तर दीपावली से पहले ही खतरनाक जोन में पहुंचने लगा है. आने वाले दिनों में यह और भी ज्यादा खतरनाक हो जाएगा. जब लोगों को सांस लेने में दिक्कत होना शुरू होगी.

इस प्रदूषण के चलते बुजुर्गों और बच्चों पर सबसे ज्यादा इसका प्रभाव देखने को मिलेगा. आंकड़ों के मुताबिक, नोएडा का वायु गुणवत्ता सूचकांक सोमवार को सुबह 10 बजे 259, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 270 और गाजियाबाद में 265 दर्ज किया गया है. नोएडा के सेक्टर 116 में वायु सूचकांक 306 मापा गया है. जो खतरनाक जोन में पहुंच गया है. इसी तरह ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क 5 में वायु सूचकांक 310 पर पहुंचा हुआ है. वहीं गाजियाबाद के लोनी इलाके में स्थिति और भी गंभीर हो चुकी है. यहां पर वायु सूचकांक 335 पर पहुंच गया है. इससे बुजुर्ग और बच्चों के लिए हवा हानिकारक साबित हो रही है. आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत आ रही है. जिला प्रशासन और प्रदूषण विभाग ने इससे निपटने के लिए कवायद शुरू कर दी है. दीपावली के पहले ही प्रदूषण का स्तर रेड जोन में पहुंचने से ग्रैप की गाइडलाइन के अनुसार पाबंदियां बढ़ाई जा सकती हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)